epaper.rashtradoot.com

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

ARBIT



**The Doctor Who Got The Ashoka Chakra**

A terrorist, after killing three security guards, entered the compound with the aim of killing any survivors. The terrorist started firing bursts of Kalashnikov.

## ‘भाजपा की सरकार बनते ही बांग्लादेश से घुसपैठ रोक दी जायेगी’

### गृह मंत्री अमित शाह ने अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर बी.एस.एफ. के कार्यक्रम में घोषणा की

कोलकाता, 27 अक्टूबर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को बंगाल में सत्ता परिवर्तन का आव्हान किया और कहा कि वर्ष 2026 के राज्य विधानसभा चुनावों के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सत्ता में आने पर शांति बहाल की जाएगी।

शाह ने कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार बनते ही बांग्लादेश से घुसपैठ रोक दी जाएगी और अवैध रूप से बसे लोगों को निर्वासित किया जाएगा।

अमित शाह उत्तर 24 परगना जिले में बंगलादेश के साथ अंतरराष्ट्रीय सीमा के भारतीय हिस्से, पेट्रापोल में बी.एस.एफ. के एक कार्यक्रम के बाद एक बैठक को संबोधित कर रहे थे।

केन्द्रीय मंत्री ने पेट्रापोल में एक एकीकृत चेक पोस्ट, यात्री टर्मिनल और मैत्री द्वार का अनावरण किया। शाह ने कहा कि घुसपैठ रुकने पर ही राज्य में शांति लौटेगी। उन्होंने कहा, “आप सबसे पहले वर्ष 2026 में पश्चिम बंगाल में बदलाव लाएं और देखें कि भाजपा राज्य में अवैध घुसपैठ को कैसे रोकेगी।”

केंद्रीय मंत्री ने, राज्य में जीवन के

- **केन्द्रीय गृह मंत्री ने जीवन के हर पहलू में कथित भ्रष्टाचार के मुद्दे पर तृणमूल कांग्रेस सरकार की आलोचना की।**

हर पहलू में कथित भ्रष्टाचार के मुद्दे पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस सरकार की भी आलोचना की। उन्होंने आश्चर्य जताया कि बनर्जी सरकार ने बंगाल के विकास के लिए क्या किया है।उन्होंने कहा कि इसके विपरीत, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राज्य का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

आंकड़ों पर पलटवार करते हुए शाह ने कहा, पिछले 10 वर्षों में बंगाल को 7.74 लाख करोड़ रुपये का केंद्रीय कोष मिला है, जो पिछली संयुक्त प्रगतिशील गठबन्धन (संप्रग) सरकार के दौरान राज्य को मिले फंड से अधिक है। लेकिन दुर्भाग्य से, राज्य में केंद्रीय धन के उपयोग में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है। उन्होंने यह भी दावा किया कि मनरेगा और पी.एम.ए.वाई. जैसी विभिन्न केंद्र प्रायोजित योजनाओं के तहत प्रदान की गई धनराशि लाभार्थियों तक नहीं पहुंच पाई। उन्होंने आरोप लगाया, कि केवल तृणमूल कांग्रेस से जुड़े लोगों को ही ये धनराशि मिली है।

## तिरुपति में 2 होटलों को बम धमकी

तिरुपति/लखनऊ, 27 अक्टूबर। आंध्र प्रदेश के तिरूपति में दो होटलों को रविवार को बम की धमकी का मेल मिला, जिसके बाद दोनों होटलों को खाली कराया गया। बम स्क्वॉड और डॉग स्क्वॉड ने होटलों का जांच की, लेकिन कुछ नहीं मिला।

तिरुपति के एस.पी. एल सुब्बारायडू ने कहा कि होटलों की जांच की गई थी, बम की धमकी झूठी निकली। साइबर क्राइम ब्रांच मामले की जांच कर रही है। तिरुपति में बीते 3 दिन में 7 होटलों को बम की झूठी धमकी मिल चुकी है।

वहीं, आज ही उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 9 होटलों को भी

- **गत 3 दिन में 7 होटलों को धमकी मिली है। बम स्क्वॉड व डॉग स्क्वॉड की जाँच में कुछ नहीं मिला।**

बम की धमकी मिली। सुबह 10 बजे होटलों को धमकी भरा ई-मेल आया जिसमें लिखा था, आपके होटल के मैदान में काले बैग में बम है। 5500 हजार डॉलर (50 लाख रुपए) भेज दो, नहीं तो बम से उड़ा दूंगा, हर जगह खून फैल जाएगा। बमों को डिफ्यूज करने का कोई भी प्रयास सफल नहीं होगा।

रविवार को बम की धमकी का लगातार तीसरा दिन था। शनिवार को भी तिरूपति और गुजरात के राजकोट में 12 होटलों को बम की धमकी वाले मेल भेजे गए थे।

राजकोट के 10 होटलों में, इंपीरियल पैलेस, सयाजी होटल, सीजंस

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## बांद्रा स्टेशन पर भगदड़ में 9 घायल

मुंबई, 27 अक्टूबर। मुंबई के बांद्रा रेलवे स्टेशन पर रविवार सुबह भगदड़

- **ट्रेन में चढ़ने की होड़ में मची भगदड़ में यह हादसा हुआ।**

मचने से नौ लोग घायल हो गये। एक अधिकारी ने जानकारी दी कि यह घटना प्लेटफॉर्म नंबर एक पर तब हुई जब लोग सुबह 5.10 बजे बांद्रा-गोरखपुर एक्सप्रेस में चढ़ ने के लिए दौड़ पड़े।

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)






## विचार बिन्दु

सबसे अधिक ज्ञानी वही है जो अपनी कमियों को समझकर उनका सुधार कर सकता हो। -अज्ञात

# कैसे बढ़े किताबों के प्रति रुचि!

अक्टोबर 2024 के पहले सप्ताह में हिंदी के एक नामी प्रकाशक ने राजस्थान की राजधानी जयपुर में चार दिवसीय किताब उत्सव का आयोजन किया। आयोजन में पुस्तक प्रदर्शनी और पुस्तकों पर चर्चाओं के सत्र आयोजित किए गए। यह उत्सव बहुत सफल रहा। चारों दिन किताबें देखने और खरीदने वालों की भीड़ रही और चर्चा सत्रों में भी न केवल अच्छी उपस्थिति रही, पाठकों की सहभागिता भी उत्साह बढ़ाने वाली रही। चर्चा है कि हिंदी का एक और बड़ा प्रकाशक निकट भविष्य में जयपुर में ऐसा ही आयोजन करने वाला है। इधर, जैसे-जैसे दिवाली नज़दीक आती जा रही है हिंदी के अनेक प्रकाशक साहित्य प्रेमियों से किताबें खरीदने का आग्रह करके किताबों के पक्ष में माहौल बना रहे हैं। वैसे इधर के कुछ अंतराल को छोड़ दें तो जयपुर में हर बरस पुस्तक मेले लगते रहे हैं और उनमें अच्छी ख़ासी भीड़ भी उमड़ती रही है। लेकिन उन पुस्तक मेलों के उद्देश्यों आदि को लेकर लोगों के मन में अनेक प्रकार के संशय भी रहे हैं। मसलन यह कि वहां साहित्यिक किताबें और स्तरीय किताबें बहुत कम होती हैं, वहां लोग किताबें देखने-खरीदने के मक़सद से कम और तफ़रीह के मक़सद से ज़्यादा आते हैं, वगैरह। एक हद तक यह बात सही भी है। लेकिन एक हद तक ही। उन मेलों में ख़ास तौर पर अंग्रेज़ी की किलो के हिसाब से बिकने वाली किताबों की बहुतायत होती है। लेकिन अगर इस बात के व्यावसायिक पक्ष को छोड़ दें तो यह भी एक यथार्थ है कि किताबों के उस बेतरतीब ढेर में बहुत सारी स्तरीय किताबें भी होती हैं और उनका मुद्रित से बहुत कम मूल्य पर मिल जाना मुझ जैसों को भी उनकी तरफ खींचता है। मेरा तो यह भी मानना है कि हमें किताब के हर खरीददार और पाठक का सम्मान करना चाहिए। पाठक भी विकसित होता है। आज जो पाठक कोई हल्की-फुल्की किताब खरीद और पढ़ रहा है, कल वही गम्भीर किताब भी खरीदेगा और पढ़ेगा। हममें से अधिकांश का विकास इसी तरह हुआ है। अगर अपनी बात कहूं तो मैंने बचपन/किशोरावस्था में कुशवाहा कांत, प्यारे लाल आवारा, गुलशन नंदा, कर्नल रंजीत वगैरह को खूब पढ़ा है। इस बात को स्वीकार करने में मुझे कोई संकोच नहीं है कि इन्हीं ने मुझमें पढ़ने की रुचि जगाई। लेकिन अब मेरी रुचि बदल चुकी है। इतनी ज़्यादा बदल चुकी है कि अब मैं मज़बूरी में भी इनमें से किसी को भी नहीं पढ़ सकता।

लेकिन इस बात को भी स्वीकार करना ही पड़ेगा कि इधर लोगों की पढ़ने की रुचि कम हुई है। हिंदी किताबों को पढ़ने की तो और भी ज़्यादा कम हुई है। अगर हम कारणों की पड़ताल करें तो बहुत सारी बातें सामने आती हैं। सुपरिचित साहित्यकार हेमंत शेष ने अपनी एक टीप में बहुत कम शब्दों में ये कारण गिना दिये हैं। वे लिखते हैं: यह एक विडंबना और तथ्य है कि आधुनिक जीवन ने जिन अच्छी परंपराओं और आदतों को क्षति पहुंचाई है उन में **'पढ़ने की आदत'** सबसे पहले घायल हुई है। बहुतेरे हैं इसके कारण: हमारी तथाकथित दैनिक-व्यस्तता, अच्छी पर सस्ती किताबों की अनुपलब्धता, पुस्तकालय और वाचनालयों की दुर्दशा, समाचार पत्रों द्वारा पठनीय किताबों की जानकारी समय पर न दे पाना, समीक्षा और आलोचना की संदिग्धता, घटिया साहित्य का बाजार पर एकाधिकार, मीडिया के अन्य साधनों का किताब पर अतिक्रमण, स्कूली स्तर पर किताबों के प्रति छात्रों में अनुराग न जगा पाने की दोषपूर्ण शिक्षा-संरचना, साहित्य के प्रति दिनों दिन घटती जनरुचि, पुस्तकों के बढ़ते हुए दाम, राजनीति अर्थशास्त्र क्रिकेट और सिनेमा का प्रतिदिन के जीवन में बढ़ता हुआ हस्तक्षेप, साहित्यिक पत्रकारिता के संकट। बहुत से कारण किताब न पढ़ पाने के मनोविज्ञान के लिए जिम्मेदार हैं!

मैं याद करता हूं तो पाता हूं कि जब हमारे देश में टेलीविज़न नया-नया आया था तो हम सब उससे चिपके रहते थे। हालत यह थी कि जिनका कृषि से कोई लेना-देना नहीं था वे भी कृषि दर्शन तक को नहीं छोड़ते थे। तब यह कहा जाता था कि इस मुए टेलीविज़न ने पढ़ने-लिखने के समय को हमसे छीन लिया है। आहिस्ता-आहिस्ता टेलीविज़न के प्रति हमारा आकर्षण कम हुआ। लेकिन इसी के साथ यह भी हुआ कि इण्टरनेट हमारी ज़िंदगी में आ गया और आ गया सोशल मीडिया। इन्होंने हमारे समय पर और अधिक क्रूर आक्रमण किया। इधर वॉट्सएप जैसी चीज़ों ने लोगों को पढ़ने की लत तो लगाई, लेकिन किताबों और अक्ल से दूर कर दिया। पढ़ना केवल मोबाइल के स्क्रीन तक सिमट कर रह गया। आप किसी से बात करें, वह वॉट्सएप को उद्धृत करता पाया जाएगा। हद दरज़े की मूर्खतापूर्ण, गैर ज़िम्मेदार, अप्रामाणिक अतार्किक, द्वेषपूर्ण, विभेदकारी, नफ़रत फैलाने वाली सामग्री वहां फैलाई जाती है और हममें से ज़्यादातर उसे बड़े उत्साह से लपक लेते हैं। जिन्हें ऐसा करने से लाभ होता है वे बहुत व्यवस्थित और प्रोफ़ेशनल तरीके से इस माध्यम का इस्तेमाल कर रहे हैं। राजनीतिक दलों ने बाकायदा अपने आईटी सेल बना रखे हैं जो थोक के भाव घृणा और विद्वेष भरी सामठी इस माध्यम पर बिखेर रहे हैं। लोगों के पास जितना समय है उसे वे इस कचरे का उपभोग व प्रसार करने में खपा रहे हैं। आप किसी को टोक दें तो वह लड़ने मरने को उतारू हो जाता है।

**लेखकों को और कई मोर्चों पर सक्रिय होना होगा। उन्हें सोशल मीडिया पर किताबों के पक्ष में वातावरण तैयार करना होगा। ऐसा वे उम्दा किताबों की चर्चा करके कर सकते हैं। यह करने के लिए हमें हर सम्भव व उपलब्ध माध्यम का प्रयोग करना चाहिए। अगर चार लोग मिलते हैं तो उन्हें भी आपस में हाल में पढ़ी हुई अच्छी किताब की चर्चा करनी चाहिए।**

अख़बारों और पत्रिकाओं में विचार और साहित्य की जगह लगातार घटते-घटते अब करीब-करीब अदृश्य हो गई है। किताबों की चर्चा होती थी तो लोग उन्हें पढ़ने को व्याकुल भी होते थे। अब चर्चा ही नहीं होती है। और जो थोड़ी बहुत होती है वह लिहाज़ और दोस्तियों की वजह से विश्वसनीय नहीं रह गई है। होता यह है कि हम अपने निजी रिश्तों की वजह से किसी किताब की अतिरंजित प्रशंसा कर देते हैं और उस प्रशंसा से प्रभावित होकर जब कोई उस किताब को खरीदता और पढ़ता है, और उसे वैसा नहीं पाता है जैसा उस समीक्षा में बताया गया था, तो वह स्वयं को छला हुआ महसूस करता है। हम एक पाठक को हमेशा के लिए खो देते हैं। यह दुर्घटना इधर बहुत हो रही है। बहुत सारे कारणों से हिंदी किताबें अंग्रेज़ी किताबों की तुलना में काफी महंगी होती है। गांवों और कस्बों की बात तो दूर, बड़े शहरों तक में किताबों की दुकानें बहुत कम हैं। हां, इधर ई कॉमर्स साइट्स की वजह से किताब खरीदने के इच्छुक लोगों को एक सुविधाजनक विकल्प मिल गया है, और मेरी जानकारी के अनुसार इन साइट्स पर किताबें खूब बिक रही हैं। बिक रही है, अर्थात पढ़ी भी जा रही हैं। तो कुल मिलाकर एक मिला-जुला परिदृश्य है।

लेकिन अभी बहुत कुछ किया जाना शेष है, किया जा सकता है। मैंने अभी किताब उत्सव और किताबें खरीदने के अभियान की चर्चा की। अगर किताब उत्सव जैसी गतिविधियां शहरों के साथ-साथ छोटे कस्बों और गांवों में भी हों तो निश्चय ही और ज़्यादा लोग किताबों की तरफ आकर्षित होंगे। सच तो यह है कि बड़े शहरों की बजाय कस्बों और गांवों में ऐसे प्रयत्नों की ज़्यादा ज़रूरत है। और ये प्रयत्न तो करने ही होंगे। ये प्रयत्न प्रकाशक व लेखक मिल कर बहुत अच्छी तरह से कर सकते हैं। लेखकों को और कई मोर्चों पर सक्रिय होना होगा। उन्हें सोशल मीडिया पर किताबों के पक्ष में वातावरण तैयार करना होगा। ऐसा वे उम्दा किताबों की चर्चा करके कर सकते हैं। यह करने के लिए हमें हर सम्भव व उपलब्ध माध्यम का प्रयोग करना चाहिए। अगर चार लोग मिलते हैं तो उन्हें भी आपस में हाल में पढ़ी हुई अच्छी किताब की चर्चा करनी चाहिए। अगर आप पार्क में बैठकर गपशप कर रह हैं तो वहां भी किसी नई किताब के बारे में लोगों को बताएं। इसी तरह तो लोग किताबों से जुड़ेंगे। लेकिन ऐसा करते हुए हमें आत्म प्रचार व आत्म प्रशंसा का मोह त्यागना होगा। यह हमारी बड़ी कमी है कि हम अपने सिवा किसी को न तो देखते हैं और न मानते हैं। अगर आप केवल अपने लिखे की चर्चा करेंगे तो लोग आपसे किनारा करने लगेंगे। इसी के साथ यह भी कि जो उम्मीद हम दूसरों से करते हैं, कि वे किताबें खरीदेंगे, उस उम्मीद पर पहले खुद को भी खरा साबित करना होगा। अगर हम जीवन की अन्य बहुत सारी चीज़ों के लिए पैसे खर्च कर सकते हैं तो किताबों के लिए पैसा खर्च करने में कंजूसी क्यों? क्या हम अपने बजट का एक हिस्सा हर माह किताबों के लिए अलग नहीं रख सकते? हमारे घरों में किताब के लिए जगह न हो तो बनाई जानी चाहिए। इसका असर हमारे बच्चों पर भी पड़ेगा। अगर हमारा काम शैक्षिक संस्थानों से पड़ता है तो हमें इस बात का आठाह करना चाहिए कि वहां अच्छी और समृद्ध लाइब्रेरी हो। लाइब्रेरी की व्यवस्था हमें अपनी कॉलोनियों में भी करने के प्रयास करने होंगे।

ऊपर मैंने हेमंत शेष की जिस टीप की चर्चा की है, उसमें उन्होंने एक भयावह भविष्य के प्रति हमें आगाह किया है। वे लिखते हैं, "**भौतिक-सुविधाएं, संपन्नता और उपभोक्तावादी लालच जिस तरह हमारी दृष्टियों को ललचा रहे हैं और पुस्तकों के प्रति हमारे सम्मान-भाव में जिस तरह हर दिन कमी आती जा रही है उसे देखते हुए तो आने वाले पुस्तकविहीन समाज की कल्पना ही बहुत त्रासद और संकट सूचक है।**" जो चिंता हेमंत शेष की है, वह चिंता हम सबकी है और होनी चाहिए। केवल चिंता ही नहीं, इस स्थिति को बदलने के गम्भीर प्रयास भी हमको ही करने होंगे।

**-अतिथि संपादक,**
**डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल**
**( शिक्षाविद और साहित्यकार )**

# दीपावली कार्तिक अमावस्या को ही

## दीपावली मनाये जाने के पीछे धार्मिक, सामाजिक और वैज्ञानिक मान्यता



डॉ. जे.के. गर्ग

माना जाता है कि कार्तिक महीने की अमावस्या को देवताओं द्वारा समुद्र मंथन के समय देवी लक्ष्मी क्षीर सागर से ब्रह्माण्ड में अवतरित हुई थी। इसी वजह से कार्तिक महीने की अमावस्या को माता लक्ष्मी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में दिवाली के त्यौहार के रूप में मनाना शुरू किया था भगवान। कृष्ण ने कार्तिक महीने की चतुर्दशी को नरकासुर को मार कर समस्त महिलाओं को मुक्त करवा के उनकी जान बचाई थी इसलिए दीपावली से एक दिन पूर्व चतुर्दशी को इस घटना को उत्सव के रूप में मनाया जाता है।

महाभारत के अनुसार 12 वर्ष के निष्कासन एवं एक वर्ष के अज्ञातवास के बाद कार्तिक महीने की अमावस्या को पांडव राज्य में सकुशल लौटे थे। पांडवों के वापस लौटने से वहां के लोग बहुत खुश थे, उन्होंने मिट्टी के दीपक जलाकर और पटाखे जलाकर पांडवों के लौटने वाले दिन को मनाना शुरू कर दिया। बहुत समय पहले एक राक्षस था जिसने लड़ाई में सभी देवताओं को पराजित किया और सारी पृथ्वी और स्वर्ग को अपने अधिकार में ले लिया। तब माँ काली ने देवताओं, स्वर्ग और पृथ्वी को बचाने के उद्देश्य से देवी दुर्गा के मष्तिष्क से जन्म लिया था।

राक्षसों की हत्या के बाद उन्होंने अपना नियंत्रण खो दिया और जो भी उनके सामने आया उन्होंने हर किसी की हत्या करनी शुरू कर दी। भगवान शिव माता काली के चरणों में लेट गये जिससे उनका क्रोध शांत हुआ। बंगाल-उडीसा उस पल को यादगार बनाने के लिए उसी समय से ही दिवाली पर देवी काली की पूजा करके मनाया जाता है। सोने की लंका के स्वामी रावण का वध करने के बाद अयोध्या वापस लोटें तो वहां के नर-नारीयों ने समूचे राज्य को दीपों की रोशनी से जगमगा दिया और राम सीता लक्ष्मण के आगमन पर खुशी प्रकट करने हेतु आतिशबाजी कर पटाखे जलाये, तभी से भारत भूखंड में कार्तिक मास की अमावस्या को दिवाली मनाई जाती है। राजा विक्रमादित्य का राज्याभिषेक भी कार्तिक अमावस्या को हुआ था तबसे लोगों ने दिवाली को ऐतिहासिक पर्व के रुप से मनाना शुरु कर दिया था। बौद्ध धर्म के प्रवर्तक गौतम बुद्ध के अनुयायियों ने आज के लगभग 2500 वर्ष पूर्व गौतम बुद्ध के स्वागत में दीप जलाकर दीपावली मनाई थी। जैन धर्म को मानने वालों के मुताबिक कल्पसूत्र के अंदर बताया गया है कि महावीर के निर्वाण के साथ जो अंतरज्योति सदा के लिए बुझ गई है।

अमृतसर के स्वर्ण मंदिर की स्थापना भी वर्ष 1577 में दीवाली के मौके पर की गयी थी। तीसरे गुरु अमरदास जी ने दिवाली को लाल-पत्र दिन के पारंपरिक रुप में बदल दिया जिस पर सभी सिख अपने गुरुजनों का आशीर्वाद पाने के लिये एक साथ मिलते है। सिख धर्म में इस दिन को बंदी छोड़ दिवस के रुप में जाना जाता है।

महर्षि दयानंद ने वर्ष 1875 में आर्य समाज की स्थापना की थी। महान समाज सुधारक महर्षि दयानंद सरस्वती ने कार्तिक मास की अमावस्या के दिन अजमेर में निर्वाण प्राप्त किया। उसी दिन से इस दिन को दिवाली के रूप में मनाया जा रहा है। मारवाड़ी कार्तिक की कृष्ण पक्ष के अंतिम दिन पर दिवाली पर अपने नए साल का उत्सव मनाते हैं एवं नये बही खाते प्रारम्भ करते हैं। गुजराती भी कार्तिक के महीने में शुक्ल पक्ष के पहले दिन दीवाली के एक दिन बाद अपने नए साल का उत्सव मनाते है। दिवाली शुरुआत में फसलों की कटाई के उत्सव के रुप में मनाई जाती थी। यह वह समय है जब भारत में किसान फसल काटकर संपत्ति और समृद्धि की देवी लक्ष्मी की पूजा करते हैं और उन्हें नई फसल में से उनका हिस्सा समर्पित करते हैं। दीपावली के दौरान आतिशबाजी करने और पटाखें जलाने पीछे वैज्ञानिक आधार है। इसका मुख्य उद्देश्य मौसम परिवर्तन से उत्पन्न कीट-कीड़े विशेषतया मच्छर से होने वाली जानलेवा खतरों का मुकाबला करना है, जो गीले से सर्दियों के मौसम में इन खतरनाक कीटों परजीवियों के लिए प्रजनन स्थल के रूप में काम करता है।

दीयों को जलाने और उनसे रोशनी करने के पीछे विज्ञान है। जब हम घी या तेल का दिया जलाते हैं तो तेल या घी में मौजूद फैटी एसिड जलते हैं। इस प्रक्रिया में फैटी एसिड का एक अणु जलने से 56 कार्बन के अणु निकलते हैं और 52 पानी के अणु निकलते हैं।

**-डॉ. जे.के. गर्ग,**
**पूर्व संयुक्त निदेशक कॉलेज शिक्षा जयपुर**

# बालिकाएं भारत के भविष्य में समाज की पथ प्रदर्शक बनेगी : डिप्टी सीएम दीया कुमारी

- मेयो कॉलेज का 36वां वार्षिक समारोह संपन्न, डिप्टी सीएम दीया कुमारी ने विजेताओं को ट्रॉफी दी
- दीया कुमारी ने मेयो कॉलेज गर्ल्स स्कूल को बेस्ट रेजिडेंशियल स्कूल का खिताब मिलने पर बधाई दी

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर के मेयो कॉलेज गर्ल्स स्कूल में रविवार को 36वें वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का सांस्कृति कार्यक्रमों के साथ आयोजन हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि डिप्टी सीएम दीया कुमारी रही। उन्होंने वर्षभर पढ़ाई सहित विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभावान छात्राओं को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित करते हुए हौंसला अफजाई की।

मेयो गर्ल्स कॉलेज में रविवार को आयोजित वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में डिप्टी सीएम दीया कुमारी ने शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बालिकाएं देश के भविष्य को आकार देने वाली बनेगी। उन्होंने कहा कि छात्राएं भारत के भविष्य में समाज की पथ प्रदर्शक बनेगी। इनके द्वारा अपनी मेधा एवं नैतिकता के बल पर देश के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जाएगी। इनके द्वारा प्रदेश और देश का नाम रोशन किया जाएगा। दीया कुमारी ने कहा कि बेटियों ने देश का नाम रोशन किया है। मेयो कॉलेज गर्ल्स स्कूल को बेस्ट रेजिडेंशियल स्कूल का खिताब मिला है, इसके लिए सभी बधाई दी। समारोह में पेरिस ओलम्पियन 2024 दोहा (कतर) में आयोजित शॉटगन ओलिंपिक क्वालीफिकेशन चैम्पियनशिप में रजत पदक विजेता, इंडियन स्कीट शूटर 2014 बैच पूर्व छात्रा महेश्वरी चौहान और इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फैडरेशन वर्ल्ड कप फाइनल-2024 में ट्रैप शूटिंग में रजत पदक विजेता 2022 नेशनल गेम्स में स्वर्ण पदक विजेता भारतीय निशानेबाज विवान कपूर ने भी शिरकत की।



डिप्टी सीएम दीया कुमारी ने छात्राओं को ट्रॉफी प्रदान की।

समारोह में मेयो गर्ल्स को मेयो स्पिरिट के लिए जमीला सिंह ट्रॉफी, उत्कृष्ट सेवा और मदद के लिए एमसीजीएस ट्रॉफी, सर्वश्रेष्ठ सदन की ट्रॉफी, इंटर हाउस कम्युनिटी सर्विस कप, कम्प्यूटर साइंस में उत्कृष्ट योगदान, सर्वश्रेष्ठ आलराउंडर, एक्सीलेंस इन ड्रामेटिक्स, मानवीय कारणों से दूसरों को प्रेरित करने के लिए तथा सह पाठ्य गतिविधियों के लिए एमसीजीएस ट्रॉफी प्रदान की गई। स्कूल प्रधानाचार्या नीति भल्ला सैनी ने बताया कि 36वें वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह स्कूल के मुख्य भवन में जापानी कॉन्सेप्ट वाबी साबी थीम पर आधारित एक्जिबिशिन के साथ शुरू हुआ। जूनियर और मीडिल स्कूल की छात्राओं ने स्कूल सभागार में वैरायटी एंटरटेनमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया, शाम को वार्षिक खेल दिवस के अंतर्गत एचएल दत्त पवीलियन में स्पोर्ट्स इवेंट्स हुए। प्रधानाचार्या सैनी ने बताया कि सवाई मानसिंह पोलो ग्राउंड में इक्वेस्ट्रियन मीट का आयोजन हुआ, जिसमें मेयो छात्राओं की ओर से हॉर्स राइडिंग शो (घुड़सवारी डिस्प्ले) में माउंटेड एस्कॉर्ट, फ्लैग होस्टिंग, स्टैंडिंग सैल्यूट, टेंट पेगिंग, क्रॉस टेंट पेगिंग, जिमखाना, शो जंपिंग, सिक्स बार, माउंटेड पीटी, म्यूजिकल राइड आदि विविध गतिविधियों का आयोजन हुआ तथा मुक्ताकाश मंच पर एमसीजीएस म्यूजिकल प्रोडक्शन द्वारा मेयो गर्ल्स के निर्देशन में मुख्य नाटक द साउंड ऑफ म्यूजिक की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर मेयो कॉलेज गर्ल्स स्कूल समिति के अध्यक्ष वीपी सिंह बदनोर, बर्सर डॉ. चंद्रपालसिंह राठौड़, प्रधानाचार्य नीति भल्ला सैनी सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# खेत में 12 फीट लंबा अजगर पकड़ा



40 किलो वजनी अजगर को देखने गांव की महिलाएं भी पहुंची।

**अलवर,** (निसं)। अलवर के राजगढ़-बांदीकुई सड़क मार्ग के मध्य स्थित गोठ गांव में एक खेत में करीब 12 फीट का अजगर मिला, जिसका वजन 40 किलो था। वनकर्मियों की टीम ने अजगर को रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा। गांव के काफी लोग मौके पर पहुंच गए। रेस्क्यू टीम के सदस्य जुगनू तम्बोली मौके पर पहुंचे।

जुगनू तम्बोली ने बताया कि ग्रामीणों ने सूचना दी की गोठ गांव में जीतू मीना के खेत मे अजगर हैं। करीब आधे घंटे में रेस्क्यू ऑपरेशन किया गया, जिसके बाद अजगर को रेस्क्यू कर देर रात्रि वन विभाग को सौंप दिया। उन्होंने बताया कि रेस्क्यू किये अजगर को राजगढ़-माचाडी सड़क मार्ग स्थित लवकुश वाटिका में छोड़ दिया। गांव में अजगर मिलने के बाद गांव की महिलाएं मौके पर पहुंच गई। अजगर रेस्क्यू करने वाली टीम ने महिलाओं को बुलाया। सभी महिलाओं ने अजगर को छूकर फोटो भी खिंचवाये।

# चम्बल को प्रदूषित करने के मामले में तीन उद्योगों को नोटिस

## जाजू के आग्रह पर एनजीटी ने उद्योगों को पक्षकार बनाया

**भीलवाड़ा,** (निसं)। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल सेन्ट्रल जोनल बैंच भोपाल के न्यायाधिपति शिवकुमार सिंह न्यायिक सदस्य एवं डॉ. ए. सेंथिल विशेषज्ञ सदस्य की बैंच ने पर्यावरणविद् बाबूलाल जाजू की अधिवक्ता दीक्षा चतुर्वेदी के मार्फत दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए जाजू के निवेदन पर कोटा के 3 उद्योगों को प्रदूषण फैलने में आवश्यक पक्षकार मानते हुए विपक्षी पक्षकार कायम कर नोटिस जारी कर 9 जनवरी तक जवाब मांगा है।

एनजीटी ने मैसर्स डीसीएम श्रीरामनगर कोटा, मैसर्स श्रीराम रेयॉन्स श्रीराम नगर कोटा एवं मैसर्स कोटा सुपर थर्मल पावर स्टेशन सकतपुरा कोटा को विपक्षी पक्षकार कायम करने पर स्वीकृति प्रदान की है। याचिकाकर्ता जाजू ने याचिका में बताया कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल सेन्ट्रल जोनल बैच, भोपाल में निर्णित हो चुकी याचिका संख्या 318/2014 बाबूलाल जाजू बनाम राजस्थान राज्य व अन्य में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल भोपाल बैंच ने गंदे नालों को देश की एकमात्र घड़ियाल सैंचुरी चम्बल में जाने से रोककर नालों के पानी को एसटीपी प्लांट लगाकर पानी को साफ करके ही चम्बल में छोड़े जाने के निर्देश दिये थे, जिस पर कोटा प्रशासन, स्थानीय निकायों और प्रदूषण नियंत्रण मंडल द्वारा एकमात्र एसटीपी प्लांट लगाया गया है, जो पूरी तरह से कार्य भी नहीं कर रहा है।

सरकार द्वारा सैकड़ों करोड़ रुपये खर्च करने के बावजूद लगभग 15 प्रतिशत पानी का शोधन ही हो रहा है बाकी सीधे नदी में जा रहा है, जिससे सड़ांध आ रही है। 10 वर्ष पूर्व दायर याचिका में पारित आदेशों की पालना कोटा प्रशासन नहीं कर पाया है जिसके चलते नदी में शहर के सैकड़ों छोटे-बड़े मलमूत्र वाले नाले चम्बल नदी में जा रहे हैं।

वहीं कुछ औद्योगिक इकाईयों द्वारा गर्म व प्रदूषित पानी चोरी छिपे सीधे चम्बल में छोड़ा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि कुछ दिनों पूर्व जाजू द्वारा चंबल नदी का अवलोकन भी किया गया था।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**सोमवार 28 अक्टूबर, 2024**

कार्तिक मास, कृष्ण पक्ष, एकादशी तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2081, पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र दिन 3:24 तक, ब्रह्म योग प्रातः 6:47 तक, बालव करण प्रातः 7:51 तक, चन्द्रमा रात्रि 10:11 से कन्या राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-तुला, चन्द्रमा-सिंह, मंगल-कर्क, बुध-तुला, गुरू-वृष, शुक्र-वृश्चिक, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज एकादशी तिथि में वृद्धि हुई है। आज उन्मीलिनी महाद्वादशी व्रत, गोवत्स द्वादशी व्रत और पूजा है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** अमृत सूर्योदय से 8:01 तक, शुभ 9:24 से 10:47 तक, चर 1:34 से 2:57 तक, लाभ-अमृत 2:57 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 6:38, सूर्यास्त 5:43

**मेष** परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। विवादित मामलों से राहत मिलेगी। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

**वृष** व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। चलते कार्यों में प्रगति होगी। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। घर-परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**मिथुन** व्यावसायिक कार्य के लिए यात्रा संभव है। व्यावसायिक कार्य के लिए भागदौड़ रहेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**कर्क** नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है। व्यावसायिक मामलों में संयम रखना ठीक रहेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में सुविधाएं बढ़ेगी।

**सिंह** व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। प्रतिष्ठित व्यक्तियों से व्यावसायिक संबंध बनेंगे। नौकरीपेशा व्यक्तियों का प्रभाव-प्रभुत्व बढ़ेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कन्या** आर्थिक मामलों में परेशानी हो सकती है। धन हानि का भय बना रहेगा। व्यावसायिक अड़चनें दूर होने लगेंगी। परिवार में शुभ-धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**तुला** आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।

**वृश्चिक** व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्यों में महत्वपूर्ण सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**धनु** व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्य सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा।

**मकर** अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। नवीन कार्यों में परेशानी हो सकती है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। परिवार में वाद-विवाद बढ़ सकते हैं।

**कुंभ** परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मीन** अस्त-व्यस्त कार्य व्यवस्थित होने लगेंगे। विवादित मामलों से राहत मिलेगी। स्वास्थ्य में सुधार होगा। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।




दीपोत्सव के लिये जगमगाने लगी गुलाबी नगरी। एम.आई.रोड पर लाइटिंग से जगमग पांचबत्ती चौराहा।

# आचार्यकुलम् विश्व का विशिष्ट शिक्षण संस्थान है : स्वामी रामदेव




स्वामी रामदेव व आचार्य बालकृष्ण द्वारा स्थापित आवासीय शिक्षण संस्थान आचार्यकुलम् का वार्षिकोत्सव रविवार को धूमधाम से संपन्न हुआ।

**जयपुर।** स्वामी रामदेव व आचार्य बालकृष्ण द्वारा स्थापित आवासीय शिक्षण संस्थान आचार्यकुलम् का 12वां वार्षिकोत्सव आज धूमधाम से संपन्न हुआ। पतंजलि विश्वविद्यालय के प्रेक्षागृह में आयोजित "नेतृत्व के लिये शिक्षा" विषय पर आधारित वार्षिकोत्सव के मुख्य कार्यक्रम ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस कार्यक्रम में भगवान श्रीराम, श्रीकृष्ण, आचार्य चाणक्य, सम्राट चन्द्रगुप्त, गुरूवर विरजानंद, महर्षि दयानंद सहित स्वामी व आचार्य के चरित्रों व नेतृत्व से समाहित प्रेरक झांकी का मंचन किया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में आये हरियाणा प्रांत के मुख्य मंत्री नायब सैनी, विशिष्ट अतिथि अवधेशानंद, स्वामी रवीन्द्र पुरी, स्वामी हरिचेतनानंद, हरियाणा भाजपा के संगठन महामंत्री फनेन्द्रनाथ शर्मा, योग आयोग के अध्यक्ष जयदीप आर्य, उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री प्रेम चन्द्र अग्रवाल, राज्यमंत्री श्यामवीर सैनी, हरिद्वार भाजपा जिलाध्यक्ष शोभाराम प्रजापति सहित सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों और आचार्यों सहित पतंजलि योगपीठ परिवार की सराहना की।

मुख्य अतिथि ने कहा कि "मैं गद्गद् हूं कि स्वामी महाराज अपनी जन्मभूमि हरियाणा की धरती पर वर्तमान से सौ गुना अधिक क्षमता के ग्लोबल आचार्यकुलम, पतंजलि विश्वविद्यालय तथ वेलनेस निर्माझ की योजना पर कार्य कर रहे हैं।"

इस भव्य कार्यक्रम में स्वामीजी ने सत्र 2023-24 के कक्षा 5-12 में प्रथम-द्वितीय-तृतीय स्थान प्राप्तकर्ता विद्यार्थियों को 1.5 लाख रुपये के नकद पुरस्कार प्रदान किये। साथ ही विविध योग, क्रीड़ा व कला प्रतियोगिताओं में विजयी विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। आदर्श विद्यार्थी सम्मान अनमोल व प्रतिभा को तथा सर्वश्रेष्ठ सदन का पुरस्कार आपस सदन को मिला।

इस अवसर पर यूरोपियन अंतर्राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन के अध्यक्ष प्रो.रोबोटो, भारत में अंतर्राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन के अध्यक्ष प्रो.आशुतोष मोहंती, आचार्यकुलम् की उपाध्यक्षा डॉ.ऋतंभरा शास्त्री, प्राचार्य स्वाति मुंशी, उप प्राचार्य तापस कुमार बेरा, स्वामी अर्जुनदेव, समन्वयिका दीपा, मुख्य छात्रावास अधीक्षक व क्रीडाध्यक्ष अमित, सभी संन्यासी, आचार्य, कर्मचारी, विद्यार्थी व अभिभावक सहित पूरा पतंजलि परिवार मौजूद था।

**खोया पाया**

मेरे प्लाट नं-51 योजना निजी खातेदारी की स्वास्तिक ग्रीन सिटी जयपुर की पंजीकृत विक्रय-पत्र (दिनांकः- 07/08/2023) क्रम सं-202303021116714 जो की जयपुर मे कही खो गयी है सूचित करे- विरेन्द्र सिंह मीणा मो. 7372964872

**दी जयपुर हाउस बिल्डिंग को-ऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड**
(राजस्थान सहकारी समिति एक्ट IV के अन्तर्गत पंजीकृत)
बी-6, जवाहर नगर कॉलोनी, टोंक रोड, जयपुर-302018

क्र.: 02/2024 **वार्षिक आमसभा सूचना** दि.: 26.10.2024

समिति के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक आमसभा का आयोजन दिनांक 10 नवंबर 2024 को प्रातः 10 बजे कार्यालय, जवाहर नगर कॉलोनी, टोंक रोड, जयपुर पर किया जा रहा है जिसमें वर्ष 2023-24 तक की ऑडिट रिपोर्टों का अनुमोदन, आक्षेप पूर्ति, समिति की स्कीम नं. 2 की अवाप्त भूमि के मुआवजे, हाईकोर्ट में लंबित मुकदमे, वकील नियुक्ति एवं अन्य विषयों पर चर्चा कर निर्णय लिया जायेगा जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य रुप से आवश्यक है। गणपूर्ति के अभाव में आमसभा उसी दिन निर्धारित समय के आधे घंटे के पश्चात आयोजित की जावेगी। **लोकेश श्रीवास्तव, अध्यक्ष**

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल रियाजुद्दीन पुत्र अलीमुद्दीन निवासी-4085, मौहल्ला पैकान, रामगंज बाजार, जयपुर का पुत्र मोहम्मद शाहिद आयु 29 वर्ष व उसकी पत्नी आसिफा परवीन आयु 30 वर्ष उनके कहे मे नही है और वह पिछले कुछ समय से अपनी मर्जी मुताबिक जिन्दगी जी रहे है, मेरे मुवक्किल का पुत्र व पुत्रवधु आए दिन मेरे मुवक्किल व परिवार के अन्य सदस्यों के साथ बदसलूकी व झगडा करते है जिस कारण मेरे मुवक्किल ने अपने उक्त पुत्र मोहम्मद शाहिद व उसकी पत्नी आसिफा परवीन को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से एवं अपने परिवार से बेदखल कर दिया है जो कोई व्यक्ति मोहम्मद शाहिद व आसिफा परवीन से किसी भी तरह का सनव्यवहार करेगा उसका वह स्वयं जिम्मेदार होगा कृपया सूचित रहे।
दिनांक-27/10/24 (फारूक अहमद) एडवोकेट, मो.-9829277089

नम्बर मिलाइए 9587884433
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

# सांसद तिवाड़ी, विधायक शर्मा और महापौर कुसुम यादव ने एक साथ सुनी मन की बात

**जयपुर।** राजधानी में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का आयोजन बड़े स्तर पर सिविल लाइंस विधानसभा के बूथ संख्या 192, जयपुर इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, कटेवा नगर में हुआ। कार्यक्रम संयोजक जय सिंह भगासरा ने बताया कि राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी, विधायक गोपाल शर्मा और महापौर कुसुम यादव ने एक साथ सैकड़ों कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात सुनी। मुख्य कार्यक्रम के बाद सिविल लाइंस क्षेत्र की 38 दिव्यांग प्रतिभाओं को सम्मानित किया। इनमें होनहार विद्यार्थी और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल थे।

राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने कहा कि मोदी के मन की बात में सभी के मन की बात करते हैं। किसी में एक दो किसी में पांच दस गुण होते हैं लेकिन मोदी में सैकड़ों गुण हैं। मोदी मन की बात में बहुत बारीकी वाली चीजों की ओर ध्यान आकृष्ट करते हैं, जिन्हें हम अक्सर नजरअंदाज कर जाते हैं।

CENTRAL VIGILANCE COMMISSION
केन्द्रीय सतर्कता आयोग



सतर्कता जागरूकता सप्ताह
VIGILANCE AWARENESS WEEK
2024

सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि
CULTURE OF INTEGRITY FOR NATION'S PROSPERITY

28 अक्टूबर - 3 नवंबर | 28th October - 3rd November

For Integrity Pledge
pledge.cvc.nic.in

For Complaint
portal.cvc.gov.in

CBC 59101/13/0002/2425

Satarkata Bhawan, Block-A, GPO Complex, INA, New Delhi - 110023
www.cvc.gov.in

# उदयपुर में चार दिन में तीसरी बार विमान को बम से उड़ाने की धमकी मिली

## मेटल डिटेक्टर और डॉग स्क्वायड की मदद से पुलिस और एयरपोर्ट सिक्योरिटी ने पैसेंजर के सामान और फ्लाइट की पूरी चेकिंग की

- जांच में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली, चेकिंग के बाद फ्लाइट को रवाना किया गया, लगातार मिल रही धमकियों के बाद एयरपोर्ट प्रशासन ने सुरक्षा में सख्ती कर दी है
- 24 और 25 अक्टूबर को भी फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी, चेकिंग के दौरान इनमें कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली थी

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर में चार दिन में तीसरी बार रविवार को फ्लाइट को बम से उड़ाने धमकी मिली है। धमकी के बाद मेटल डिटेक्टर और डॉग स्क्वायड की मदद से पुलिस और एयरपोर्ट सिक्योरिटी ने पेसेंजर के सामान और फ्लाइट की पूरी चेकिंग की, कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। चेकिंग बाद फ्लाइट को रवाना किया गया।

डबोक थानाधिकारी चन्द्रशेखर किलानिया ने बताया कि रविवार को सोशल मीडिया पर विस्तारा की एक फ्लाइट को बम से उड़ाने धमकी मिली। महाराणा प्रताप एयरपोर्ट पर बैंगलुरू से उदयपुर की फ्लाइट जैसे ही दोपहर 1.20 बजे लेंड हुई, उसके तुरंत बाद फ्लाइट में क्रू मेंबर की ओर से पेसेंजर के लिए अनाउंसमेंट की गई कि फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। सभी पेसेंजर अपने सामान और बैग को छोड़कर बताए गए सुरक्षित स्थान पर चले जाएं। इस अनाउंसमेंट के बाद सभी पेसेंजर बुरी तरह सहम गए। सभी अपने सामान व बैग को छोड़कर सुरक्षित स्थान पर चले गए। जिसके बाद मेटल डिटेक्टर और डॉग स्क्वायड की मदद से पुलिस और एयरपोर्ट सिक्योरिटी ने पेसेंजर के सामान और फ्लाइट की पूरी चेकिंग की, हालांकि चेकिंग में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। चेकिंग बाद फ्लाइट को रवाना किया गया।

हवाई अड्डा सूत्रों के अनुसार विस्तारा की यह फ्लाइट सुबह 11.20 पर बैंगलुरू से रवाना होकर दोपहर 1.20 बजे उदयपुर लेंड होती है। यहां से वापस दोपहर 1.55 बजे बैंगलुरू के लिए उड़ान भरती है लेकिन बम की धमकी मिलने के बाद चेकिंग में करीब ढाई घंटे का समय लग गया। ऐसे में यह फ्लाइट ढाई घंटे देरी से करीब 4.20॰बजे बैंगलुरू के लिए रवाना हुई। इधर, लगातार मिल रही धमकियों के बाद एयरपोर्ट प्रशासन ने सुरक्षा में सख्ती कर दी है।

उल्लेखनीय है कि 24 अक्टूबर को दिल्ली-उदयपुर.अहमदाबाद फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। इसके दूसरे दिन 25 अक्टूबर को इंडिगो की उदयपुर-दिल्ली फ्लाइट को भी धमकी मिली थी। हालांकि चेकिंग के दौरान इनमें कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली थी। दोनों फ्लाइट को चेकिंग के बाद ढाई से तीन घंटे देरी से रवाना किया गया था।

# आर.पी.एस.सी. की प्रोग्रामर परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

## पांच जिला मुख्यालयों पर परीक्षा आयोजित, 72 हजार 73 परीक्षार्थी हुए रजिस्टर्ड

- 25 जनवरी 2024 को जारी भर्ती विज्ञापन में पदों की संख्या 216 थी। विभाग ने बाद में 136 पद और बढ़ा दिए थे

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से प्रोग्रामर भर्ती परीक्षा अजमेर, जयपुर, उदयपुर, कोटा, जोधपुर जिला मुख्यालयों बनाए गए परीक्षा केंद्रों पर रविवार को आयोजित हुई। परीक्षा में 72 हजार 73 अभ्यर्थी रजिस्टर्ड हुए हैं।

अजमेर जिला मुख्यालय पर आयोजित हुई पहली पारी की परीक्षा सुबह 10:30 से शुरू हुई, परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्रों पर चेकिंग के बाद प्रवेश दिया गया। यह परीक्षा दोपहर साढ़े 12 बजे संपन्न हुई। पहली पारी में 36.42 फीसदी उपस्थिति रही, जबकि दूसरी पारी दोपहर 3 से 5 बजे तक हुई। सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग में प्रोग्रामर के 352 पदों के लिए यह परीक्षा आयोजित की गई है। परीक्षा में पहली पारी में 72 हजार 73 परीक्षार्थी रजिस्टर्ड हुए, जिनमें से 26 हजार 252 ने उपस्थिति दर्ज कराई, जबकि 45 हजार 821 अनुपस्थित रहे। परीक्षा में 36.42 उपस्थिति दर्ज की गई। अजमेर जिला मुख्यालय पर 14528 रजिस्टर्ड, 4740 उपस्थिति हुए, जबकि 9788 अनुपस्थित रहे, उपस्थिति प्रतिशत 32.63 रहा। इसी प्रकार जयपुर में 35746 रजिस्टर्ड, 13390 उपस्थिति हुए, जबकि 22356 अनुपस्थित रहे, उपस्थिति प्रतिशत 37.46 रहा। जोधपुर में 7333 रजिस्टर्ड, 2525 उपस्थिति हुए, जबकि 4808 अनुपस्थित रहे, उपस्थिति प्रतिशत 34.43 रहा। कोटा में 5897 रजिस्टर्ड, 2405 उपस्थिति हुए, जबकि 3492 अनुपस्थित रहे, उपस्थिति प्रतिशत 40.78 रहा। उदयपुर में 8569 रजिस्टर्ड, 3192 उपस्थिति हुए, जबकि 5377 अनुपस्थित रहे, उपस्थिति प्रतिशत 37.25 रहा।

25 जनवरी 2024 को जारी भर्ती विज्ञापन में पदों की संख्या 216 थी। विभाग ने बाद में 136 पद और बढ़ा दिए। ऐसे में पदों की संख्या बढ़कर 352 हो गई। इससे पहले 2013 में हुई प्रोग्रामर भर्ती परीक्षा में भी पद बढ़ाए गए थे। उस समय 173 पदों का विज्ञापन जारी किया गया था लेकिन बाद में 18 पद और बढ़ाए गए थे। इस प्रकार कुल 191 पदों के लिए परीक्षा का आयोजन हुआ था।

# कार में आग लगाने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

## आरोपियों ने कृत्य को लेकर कान पकड़कर आमजन से माफी मांगी

- आरोपियों के माफी मांगते हुए का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**भीलवाड़ा, (निसं)।** अपराधियों में भय आमजन में विश्वास के स्लोगन पर काम आकर रही भीलवाड़ा पुलिस एसपी धर्मेंद्र सिंह के नेतृत्व में लगातार शहर की शांति खराब करने वाले आरोपियों पकड़ रही है। पुलिस ने साम्प्रदायिक विवाद में सुभाष नगर थाना क्षेत्र में एक कार पर पेट्रोल डालकर आग लगाने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं गिरफ्तार इन आरोपियों ने अपने इस कृत्य को लेकर कान पकड़कर आमजन से माफी भी मांगी है।

सुभाष नगर थाना प्रभारी शिवराज गुर्जर ने बताया कि 26 अक्टूबर को थाने पर मोहम्मद मुख्तार ने रिपोर्ट दी कि उसकी कार में रात्रि में अज्ञात 7 से 8 लोगों ने पेट्रोल डालकर आग लगा दी है।



कार में आग लगाने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

हमने इस मामले में सीसीटीवी के आधार पर दो युवक भवानी नगर निवासी विनोद गाडरी और संजय कॉलोनी निवासी सुनिल माली को गिरफ्तार किया है। हम इन आरोपियों से पूछताछ करके जल्द ही अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लेंगे। आरोपी युवक विनोद गाडरी और सुनिल माली ने कान पकड़कर माफी मांगते हुए कहा कि हमने एक कार में आग लगाई थी, जिसके लिए हम माफी चाहते हैं और आगे से ऐसी कोई भी गलती नहीं करेंगे, इसके लिए हमें माफ कर दो। आरोपियों के माफी मांगते हुए का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

# गांजे की खेती पकड़ी, एक गिरफ्तार

**डूंगरपुर, (निसं)।** सागवाड़ा थाना पुलिस ने सूरजगांव रोत फला में दबिश देकर अवैध गांजे की खेती के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने मौके से 26 पौधे गांजे के जब्त करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। वहीं पुलिस मामले की जांच में जुटी है। सागवाड़ा थानाधिकारी प्रभुलाल ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि सूरजगांव रोत फला में एक व्यक्ति की ओर से गांजे की खेती की गई है। इस पर पुलिस की टीम सूरजगांव रोत फला में पहुंची। जिस पर पुलिस ने लालशंकर उर्फ लाला डामोर के घर पर दबिश दी। लालशंकर ने अपने घर के पास गांजे की अवैध खेती कर रखी थी। पुलिस ने मौके से गांजे के 26 पौधे जब्त किए हैं। जिनका वजन 4 किलो 419 ग्राम था। आरोपी लालशंकर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# जमीन विवाद में दो पक्षों में झगड़ा, पिता-पुत्र घायल

## गंभीर घायल को सूरजगढ़ के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया, एक झुंझुनूं रेफर



घटनास्थल का वीडियो सामने आया है, जिसमें खेत में एक व्यक्ति अचेत अवस्था पड़ा दिखाई दे रहा है।

**सूरजगढ़, (निसं)।** झुंझुनूं के सूरजगढ़ थाना क्षेत्र के फतेहपुरा गांव जमीन विवाद में दो पक्षों में विवाद हो गया। झगड़े में एक पक्ष के दो लोग घायल हो गए, जिन्हें गंभीर हालात में सूरजगढ़ के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है, जहां से एक की हालात गंभीर होने पर उसे झुंझुनू रेफर कर दिया।

जानकारी के अनुसार विवाद के चलते एक पक्ष के लोगों ने कुल्हाड़ी से पिता पुत्र पर हमला कर दिया। कुल्हाड़ी के वार से जले सिंह बावरिया का पैर बुरी तरह कट गया। वहीं उसका पुत्र पुष्पेंद्र बावरिया घायल हो गया। जमीनी विवाद की सूचना मिलने पर सूरजगढ़ पुलिस और जीवन ज्योति रक्षा समिति की एंबुलेंस मौके पर पहुंची।

एंबुलेंस की मदद से घायल जले सिंह और पुष्पेंद्र को सूरजगढ़ सामुदायिक अस्पताल लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद घायल जलेसिंह को झुंझुनूं रैफर किया गया है। पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर मामले को लेकर जानकारी जुटाई। घायल की पत्नी लाली बावरिया ने फतेहपुरा के दिलावर, टिल्लू और सुनील पर जमीनी विवाद को लेकर अपने पति और पुत्र पर हमला करने का आरोप लगाया है। देर शाम तक थाने में रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई थी। घटनास्थल का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें खेत में एक व्यक्ति अचेत अवस्था पड़ा दिखाई दे रहा है। मौके पर पुलिस भी नजर आ रही है। पुलिस ने जमीन को लेकर भाइयों का आपसी विवाद बताया है। अभी किसी पक्ष की ओर से रिपोर्ट नहीं दी गई है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

# बिना लाइसेंस घी का निर्माण कर रही फैक्टरी पर दबिश

## मौके पर 12 हजार लीटर देसी घी की पैकिंग मिली, बड़े पैमाने पर घी का उत्पादन होने का अनुमान

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** बिना लाइसेंस देसी घी का निर्माण कर रही एक फैक्टरी पर रविवार को हेल्थ डिपार्टमेंट की टीम ने दबिश दी। सीएचएचओ डॉ. अजय सिंगला की देखरेख में यह कार्रवाई की गई। कार्रवाई की सूचना मिलते ही यहां काम कर रहे कर्मचारी मौके से फरार हो गए। मौके पर हेल्थ डिपार्टमेंट की टीम को पैक्ड घी के कुछ डिब्बे, कार्टन में पैक किया गया घी और कुछ अन्य सामान मिला है। मौके पर 12 हजार लीटर देसी घी की पैकिंग भी मिली है। मौके के हालात देखकर यहां बड़े पैमाने पर घी का उत्पादन होने का अनुमान है।

सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला ने बताया कि विभाग को रीको में एक प्लाट में बनी फैक्टरी में घी का उत्पादन होने की सूचना मिली थी। बताए गए पते पर किसी घी उत्पादन इकाई का लाइसेंस होने के बारे में जानकारी जुटाने पर यहां किसी इकाई को घी उत्पादन का लाइसेंस नहीं दिए जाने का पता लगा। इस पर दोपहर करीब तीन बजे दबिश दी गई। हेल्थ डिपार्टमेंट की टीम के फैक्टरी का गेट खटखटाते ही जिस व्यक्ति ने गेट खोलते ही वह और साथ काम कर रहे सभी मजदूर पीछे के रास्ते से भाग निकले। इस पर पुलिस की मौजूदगी में सीएचएचओ डॉ. अजय सिंगला ने जांच शुरू की तो बड़े पैमाने पर पैक घी और कई टिन व मशीनें मिली। डॉ. सिंगला ने बताया कि 12 हजार लीटर घी मिला है। आसपास के लोगों ने बताया कि फैक्टरी का संचालन कोई भूपेंद्र करता है। हालांकि मौके पर फैक्टरी संचालक या कोई कर्मचारी नहीं मिला है। अभी घी को सीज करने की कार्रवाई की जा रही है।

# पिस्टल और जिंदा कारतूसों के साथ बदमाश गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** जवाहर नगर थाना पुलिस ने एक युवक को 12 बोर पिस्तोल और दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।

पुलिस को एसएसबी रोड पर एक युवक के पास पिस्टल और कारतूस होने की जानकारी मिली थी। इस पर एएसआई सूरजभान के नेतृत्व में मौके पर जाप्ता भेजा गया। पुलिस टीम ने युवक को रोककर तलाशी ली तो उसके पास एक पिस्टल और 2 कारतूस मिले। इस पर उसे गिरफ्तार कर थाने लाया गया। एएसआई सूरजभान ने बताया कि आरोपी युवक बापूनगर निवासी सूरज पुत्र सुरेश कुमार ने शुरुआती पूछताछ में यह पिस्टल और कारतूस श्रीगंगागनर में छजगरिया मोहल्ले से एक युवक से लाने की जानकारी दी है। आरोपी युवक ने बताया कि वह यह पिस्तोल और कारतूस जिस युवक से लाया है, वह अबोहर का रहने वाला है और यहां श्रीगंगागनर आया हुआ था। उसका कहना था कि उसकी उसे पिस्तौल और कारतूस देने वाले युवक से किसी तरह की कोई जान पहचान नहीं है।

आरोपी युवक के खिलाफ मारपीट के करीब तेरह और जुआ-सट्टा के दो से तीन मामले है। पुलिस उसका आपराधिक रिकॉर्ड खंगाल रही है। युवक के बारे में पूरी जानकारी जुटाने का प्रयास किया जा रहा है। इलाके में पिस्तौल और कारतूस लाने के पीछे उसका क्या इरादा था, इस बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

# मिलावटी मिठाई व अन्य सामान के नमूने लिए

**झुंझुनूं, (निसं)।** दीपावली के त्यौहार पर आमजन को शुद्ध व गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाने के लिए शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार खाद्य पदार्थों के नमूने लिए जा रहे हैं। अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा आयुक्त और जिला कलेक्टर के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दयानंद सिंह के निर्देशानुसार पिलानी में विभिन्न दुकानों से आठ नमूने लिए। मावा बर्फी, कलाकंद, पेड़ा, मिल्क केक, रसगुल्ला, मावा का नमूना लिया गया, जिसको जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा अधिकारी महेंद्र सिंह व लालू राम ने बताया कि दीपावली के त्यौहार तक लगातार मिलावट के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा।

# बजरी भरी 5 ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जब्त

**निवाई, (निसं)।** बरोनी थाना पुलिस ने अवैध बजरी से भरे हुए 5 ट्रैक्टर-ट्रॉलियां को जब्त किया है। बरोनी थानाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने बताया कि शनिवार को डींग का पेडा बनास नदी तन सोहेला से पुलिस टीम ने अवैध बजरी से भरे हुए 5 ट्रैक्टर-ट्रॉलियां को जब्त किया है।

# तीन मामलों में फरार वांछित आरोपी को गुरूग्राम से गिरफ्तार किया

- पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि थाना क्षेत्र का एक फरार आरोपी हरियाणा के गुरूग्राम में छिपा हुआ है
- 'गिरफ्तार आरोपी के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है तथा उसकी वारदातों की गहनता से जांच जारी है'

**खेतड़ी, (निसं)।** पचेरीकलां पुलिस ने वांछित अपराधियों की धरपकड़ को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी थाने में दर्ज तीन मामलों में पिछले काफी समय से फरार चल रहा था।

थानाधिकारी राजपाल सिंह यादव ने बताया कि झुंझुनूं विधानसभा में उपचुनाव को लेकर एसपी शरद चौधरी की ओर से वांछित अपराधियों की धरपकड़ को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान थाने में दर्ज मामलों में फरार चल रहे बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए उनके संभावित ठिकानों पर दबिश देकर उन्हें गिरफ्तार किया जा रहा है। पुलिस की टीम तीन मामलों में फरार चल रहे आरोपी के लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थी कि बदमाश शातिर प्रवृत्ति का होने के कारण पुलिस के हाथ नहीं लग पा रहा था। इस दौरान पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि थाना क्षेत्र का एक फरार आरोपी हरियाणा के गुरूग्राम में छिपा हुआ है। जिस पर पुलिस की टीम ने दबिश देकर सोहली निवासी पप्पू सिंह उर्फ अनुज पुत्र रामप्रताप यादव को



पचेरीकलां पुलिस ने फरार आरोपी को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार कर लिया।

थानाधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है तथा उसकी वारदातों की गहनता से जांच की जा रही है। विधानसभा उपचुनाव को लेकर पुलिस की ओर से थाना क्षेत्र के सीमावर्ती इलाके में नाकाबंदी कर प्रत्येक वाहनों की जांच की जा रही है। वहीं संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। इस दौरान कोई भी व्यक्ति संदिग्ध गतिविधियों में शामिल पाया गया तो उसके खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान टीम में थानाधिकारी राजपाल सिंह यादव, एचसी विरेन्द्र सिंह, कांस्टेबल विजय कुमार, मनीष कुमार आदि शामिल थे।

# नकली नोटों के साथ चार गिरफ्तार, एक बाल अपचारी निरुद्ध

## कार व 5400 रुपये के नकली, 2150 रुपये के असली नोट बरामद

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले की कारोई थाना पुलिस ने नकली नोट कब्जे में रखकर परिवहन करते चार लोगों को गिरफ्तार कर एक बाल अपचारी को निरुद्ध किया है। पुलिस ने इन लोगों से एक कार व 5400 रुपये के नकली, जबकि 2150 रुपये के असली नोट भी बरामद किये हैं।

कारोई थाना प्रभारी लक्ष्मीनारायण गुर्जर ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के आदेश से आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए एएसपी सहाड़ा रोशन पटेल व डीएसपी गंगापुर रविंद्र प्रताप सिंह के सुपरविजन में विशेष टीम थाना प्रभारी गुर्जर के नेतृत्व में गठित की गई। इस टीम ने बीती रात 10 बजे कारोई उप तहसील कार्यालय के सामने नेशनल हाइवे 758 पर नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू की। इस दौरान कांस्टेबल सुरेंद्र सिंह व विक्रम को मुखबिर से सूचना मिली कि गंगापुर की ओर से एक ऑल्टो कार कारोई की ओर आ रही है। कार में पांच लोग सवार है। ये लोग नकली नोटों को असली के रूप में बाजार में चलाने वाले हैं। पुलिस को रात करीब 11 बजे सूचना के मुताबिक ऑल्टो कार आती दिखाई दी।

थाना प्रभारी ने मय टीम ऑल्टो कार चालक को रुकने का इशारा किया। इस पर ऑल्टो को चालक तेजी से भगाने की कोशिश करने लगा। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर कार को



कारोई थाना पुलिस ने नकली नोट कब्जे में रखकर परिवहन करते चार लोगों को गिरफ्तार किया।

रोका। कार सवार सभी पांच लोगों से पुलिस ने पूछताछ की तो इन लोगों ने खुद को रवि निगम, प्रधुमन सिंह, गौतम सिंह व हर्षवर्धन सिंह बताया, जबकि एक नाबालिग था। पुलिस ने इनकी तलाशी ली तो इनके कब्जे में 200-200 रुपये के 27 नकली मिले, जबकि 2150 रूपये के असली नोट मिले। पुलिस ने नकली नोट व कार जब्त कर चार आरोपितों को गिरफ्तार व नाबालिग को निरुद्ध कर लिया। इनके खिलाफ प्रकरण दर्ज कर अग्रिम पूछताछ शुरु की है। पकड़े गये आरोपितों में न्यू बापूनगर भीलवाड़ा निवासी हर्षवर्धन सिंह (20) पुत्र गजराजसिंह, रवि निगम (37) पुत्र ओमप्रकाश निगम, करौली जिले के भोपुर थाना बालघाट निवासी प्रद्युमन सिंह (19) पुत्र विक्रम सिंह व गौतम सिंह पुत्र विक्रम सिंह शामिल हैं।

सार-समाचार

## वाटिका में सिलाई सेंटर का शुभारंभ



**जयपुर।** मानव सेवा ट्रस्ट राजस्थान एवं महिला सशक्तिकरण फाउंडेशन द्वारा वाटिका ग्राम में सपना सिलाई सेंटर का शुभारम्भ करवाया जिसमें सिलाई मशीन एवं आवश्यक सामान निशुल्क दिया गया। फाउंडेशन अध्यक्षा दुर्गा वर्मा ने बताया जरूरतमंद महिलाओं के सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए उन्हें उनके घर पर ही स्वयं का व्यवसाय शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। यह प्रयास महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाते हुए उनके जीवन में आत्मविश्वास और समृद्धि लाने की दिशा में है। स्वास्थ्य कल्याण होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज में वरिष्ठ आचार्य, होम्योपैथिक चिकित्सक, ट्रस्ट सदस्य एवं मिडिया प्रभारी प्रो.डॉ. राजीव सक्सेना ने बताया कि ट्रस्ट की यह पहल समाज में महिलाओं को सशक्त बनाने और उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण है। जिसका उद्देश्य है कि समाज की हर महिला को अपने पैरों पर खड़े होने का अवसर मिले और वे अपनी आर्थिक स्वतंत्रता प्राप्त कर सकें। महिला सशक्तिकरण से ही समाज में वास्तविक बदलाव संभव है।

## सूने मकान से सामान चोरी

**उदयपुर,(कासं)।** अम्बामाता थाना क्षेत्र में स्थित गोदाम से चोर सामान चुरा ले गए। अन्यत्र प्रतापरगर थाना क्षेत्र में सूने मकान से चोर सामान चुरा ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित मनीष साहू पुत्र नारायण साहू निवासी तेलीवाडा ने अंबामाता पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया, जिसमें उसने बताया कि मैं साउण्ड का काम करता हूं। मेरा रामपुरा हर्षनगर में गोदाम है। 2 सितंबर को अज्ञात चोर गोदाम का ताला तोड़कर साउण्ड सिस्टम चुरा ले गए। इस मामले में परिवाद देने के बाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया, जिसकी जांच हेडकांस्टेबल मेहेन्द्रसिंह कर रहे हैं। इसी तरह शहर के प्रतापनगर थाना क्षेत्र हिरणमगरी सेक्टर 6 बप्पारावल नगर निवासी केशवलाल पुत्र रामलाल की रिपोर्ट पर अज्ञात चोर के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया, जिसमें पीड़ित ने बताया कि 24 अक्टूबर को मकान सूना था। इस दौरान ताला तोड़कर चोर सामान चुरा ले गए।

# एटीएम मशीन से छेड़छाड़ कर रुपये निकालने वाला शातिर गिरफ्तार

### नशे करने के लिये बिना गार्ड वाले या सुनसान या भीड़भाड़ वाले इलाकों के एटीएम में करता है वारदात

**जयपुर।** सोडाला थाना पुलिस ने एटीएम से छेड़छाड़ करके लोगों के रुपये निकालने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी शाकिर हुसैन ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वह नशे का आदि है जो नशा करने के लिये बिना गार्ड वालं एटीएम व सुनसान व भीड़भीड़ वाले इलाकों में एटीएम मशीन में लोहे की पत्ती लगाकर एटीएम को हैंग कर

■ पहले भी कई वारदात में शामिल हो चुका है आरोपी

एटीएम में रुपये निकालने आने वाले लोगों के रुपये चुराता है। उसने पूर्व में नाहरगढ रोड जयपुर, रेलवे स्टेशन जयपुर के पास कई वारदात करना बताया है। जिससे चोरी की राशि की बरामदगी के प्रयास एवं अन्य साथियों के बारे में जांच जारी है।

मामले के अनुसार सोडाला इलाके में एक युवक ने एटीएम में छेड़छाड़ कर उसमें से रुपए निकाल लिए। घटना के सम्बंध में एक पीड़ित ने मामला दर्ज करवाया है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस के अनुसार पीलवा लोहागढ़ निवासी सुरेश कुमार ने मामला दर्ज करवाया कि वह रामनगर किराए से रहता है।



सोडाला थाना पुलिस ने एटीएम से छेड़छाड़ करके लोगों के रुपये निकालने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया है।

वह रामनगर स्थित एटीएम पर रुपए निकालने गया था। उसने एटीएम से 10 हजार रुपए निकाल लिए। इसी दौरान एक युवक जल्दबाजी में आया। उसे देखकर वह एटीएम से बाहर गया। आरोपी युवक ने एटीएम से छेड़खानी की और उससे से कुछ रुपए भी निकाल लिए। युवक के जाने के बाद वह वापस एटीएम में रुपए निकालने घुसा।

उसने फिर से दस हजार रुपए निकाले। इस पर एक नोट मशीन में अटक गया और कुछ नोट टेड़े मेड़े आए। उसने एटीएम से रुपए निकालने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं निकला। इस पर वह वहां से चला गया। कुछ दूर जाने पर उसे वह युवक फिर से मिला जिसने मशीन से छेड़छाड़ की थी। युवक फिर से एटीएम में आया। वह भी उसका पीछा करता हुआ एटीएम मशीन पर आ गया।

तो देखा कि उसने एटीएम मशीन के नीचे के बाक्स को खोलकर उससे कुछ रुपए निकाल लिए। उसने बदमाश को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन वह भाग निकला। इस पर पीड़ित ने थाने पहुंच कर मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस इस मामले में एटीएम मशीन में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

## पिंकसिटी प्रेस क्लब में निःशुल्क चिकित्सा परामर्श आयोजित



पिंकसिटी प्रेस क्लब में रविवार को निशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं जांच कैम्प आयोजित किया गया।

**जयपुर।** पिंकसिटी प्रेस क्लब में रविवार को प्रियंका हॉस्पिटल कार्डियक सेंटर के सहयोग से निशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं जांच कैम्प आयोजित किया गया। पिंकसिटी प्रेस क्लब की ओर से आयोजित इस कैम्प में पत्रकारों, मीडिया संस्थानों के विभिन्न विभागों में कार्यरत कार्मिक और उनके सैकड़ों परिजनों ने विभिन्न स्वास्थ्य विशेषज्ञों से निशुल्क चिकित्सा परामर्श और जांच का लाभ लिया।

पिंकसिटी प्रेस क्लब के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह राठौड़ और महासचिव योगेंद्र पंचौली ने बताया कि अब पिंकसिटी प्रेस क्लब सदस्यों और उनके परिजनों को प्रियंका हॉस्पिटल एंड कार्डियक सेंटर की ओर से ओपीडी,आईपीडी और जांच सहित अन्य सेवाएं 25 प्रतिशत तक रियायत दर पर दी जाएगी। प्रियंका हॉस्पिटल एंड कार्डियक सेंटर के निदेशक और वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. जी. एल. शर्मा ने बताया कि बदलते खान पान और तनावग्रस्त जीवनशैली में पत्रकार भी अछूते नहीं रहे हैं।

अब कम उम्र में ही पत्रकारों को हाइपरटेंशन, हार्ट डिजीज, डायबिटीज जैसी गंभीर बीमारियां घेर रही हैं। पिंकसिटी प्रेस क्लब में आयोजित हुए मेगा हेल्थ चेकअप कैंप में उन्होंने पत्रकारों को स्वस्थ रहने की टिप्स दिए। इस विशेष कैंप में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. जीएल शर्मा और डॉ. अशोक गर्ग, ऑर्थोपेडिक एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ. लक्ष्मीनारायण जाजोरिया, जनरल फिजिशियन डॉ. निखिल व्यास, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. आशा शर्मा, डेंटल एक्सपर्ट डॉ. भरत शर्मा और फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. नम्रता जैन ने निशुल्क परामर्श दिया। इस दौरान शिविर में लिपिड प्रोफाइल, एचबीए1सी, पीएफटी, ईसीजी, ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर जैसी जांचें निशुल्क की गई।

# विधानसभा उपचुनाव वाले 7 विधानसभा क्षेत्रों में 3,193 मतदाता घर से मतदान करेंगे

### होम वोटिंग के लिए मतदान 4 नवम्बर से 10 नवम्बर तक होगा

**जयपुर।** राज्य में विधानसभा उपचुनाव के दौरान 7 विधानसभा क्षेत्रों के 2,365 बुजुर्ग और 828 दिव्यांग सहित कुल 3,193 मतदाता घर से पोस्टल बैलट के जरिए मतदान करेंगे. इसके लिए मतदान दल पूर्व निर्धारित तारीख और समय के अनुसार इन सूचीबद्ध मतदाताओं के घर पहुंचकर होम वोटिंग करवाएंगे. होम वोटिंग के समय सम्बंधित राजनैतिक दलों तथा प्रत्याशियों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों तथा 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को उनकी सहमति से होम वोटिंग की सुविधा दी जाती है। इस क्रम में 7 विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव के लिए होम वोटिंग के लिए निर्धारित प्रपत्र में बीएलओ के माध्यम से आवेदन की अंतिम तिथि 23 अक्टूबर तक कुल 3,193 पात्र मतदाताओं से आवेदन प्राप्त हुए हैं। अब इन क्षेत्रों में निर्वाचन के लिए प्रत्याशियों की अंतिम सूची तैयार हो जाने के बाद मतपत्र प्रकाशित करवाकर होम वोटिंग करवाई जाएगी।महाजन ने बताया कि होम वोटिंग 4 नवम्बर से 10 नवम्बर की बीच दो चरणों में संपन्न होगी। घर से मतदान के लिए सूचीबद्ध इन सभी मतदाताओं को बीएलओ के जरिए पहले से सूचना देकर मतदान दल 4 से 8 नवम्बर के बीच उनके घर पहुंचेंगे और मतदान की गोपनीयता को पूरी तरह संरक्षित रखते हुए मतदान करवाएगे। उन्होंने बताया कि इस प्रक्रिया के दौरान चुनाव में भाग ले रहे राजनैतिक दलों तथा प्रत्याशियों के प्रतिनिधि भी मतदान दल के साथ उपस्थित रहेंगे। यदि किसी कारणवश पात्र मतदाता तय समय पर घर पर नहीं मिलता है, तो मतदान दल एक और प्रयास के तहत 9-10 नवम्बर को दोबारा होम वोटिंग के लिए घर पर भ्रमण करेंगे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी के अनुसार, राजस्थान विधानसभा आम चुनाव-2023 के दौरान रामगढ़, दौसा, देवली-उनियारा, झुंझुनू, खींवसर, सलूम्बर और चौरासी विधानसभा क्षेत्रों में कुल 1,862 मतदाताओं ने होम वोटिंग की सुविधा का उपयोग किया था। इन विधानसभा क्षेत्रों में ईवीएम के जरिए मतदान 13 नवम्बर को होगा और मतों की गिनती 23 नवम्बर को होगी।

## प्राचीन विजय स्तंभ की दरारें ठीक करने की मांग

**भीलवाड़ा, (निसं)।** विश्व विरासत में सुमार मेवाड़ के चित्तौड़गढ़ दुर्ग का पिछले 576 वर्षों से इतिहास बयां कर रहे विजय स्तंभ की दरारों को वैज्ञानिकों की टीमों से अवलोकन करवाकर ठीक कर पुनः पर्यटन शुरु करवाने की मांग को लेकर इण्डियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एण्ड कल्चरल हेरिटेज भारतीय सांस्कृतिक निधि चैप्टर भीलवाड़ा कन्वीनर बाबूलाल जाजू ने उपमुख्यमंत्री एवं पर्यटन, कला, संस्कृति एवं पुरातत्व मंत्री दिया कुमारी, पुरातत्व विभाग के निदेशक एवं दिल्ली इन्टैक निदेशक एल. के. गुप्ता को ई-मेल से पत्र भेजा है। जाजू ने बताया कि विजय स्तंभ पर अनेक बड़ी-बड़ी दरारें आकर विरासत स्थल का अस्तित्व खतरे में है एवं पर्यटन विभाग लम्बे समय से पर्यटन पर रोक लगा रखी है। जाजू ने कहा कि विजयस्तंभ देश की प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक धरोहर होकर देश का एक प्रमुख पर्यटन स्थल है तथा यह नौ मंजिला होकर 122 फीट 9 इंच ऊंचा होकर 15वीं शताब्दी में निर्मित है।




एक महिला पुलिसकर्मी से टिकट मांगने के विवाद ने तूल पकड़ लिया है। अपनी नाराजगी जताते हुए पहले हरियाणा पुलिस ने राजस्थान रोडवेज की करीब 90 बसों के चालान काट दिए। हरियाणा पुलिस के इस कदम के बाद इसके जवाब में रविवार को राजस्थान पुलिस ने हरियाणा रोडवेज की 26 बसों का चालान कर दिया। जिसमें सिंधी कैंप पर 9 बसों और सड़वा मोड़ पर हरियाणा रोडवेज की 17 बसों का चालान कर दिया गया।

# चिकित्सा पद्धतियों में होने वाले आधुनिक बदलावों को लेकर चर्चा

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शहर के मंगरोप रोड स्थित एक निजी होटल में शनिवार रविवार को 27वीं राज्य स्तरीय कॉन्फ्रेंस राजमेडिकॉन-2024 उमंग का आयोजन हुआ। इसमें प्रदेश और देशभर के डॉक्टर्स पहुंचे। चिकित्सा पद्धितयों में होने वाले आधुनिक बदलावों के बारे में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने जूनियर डॉक्टर्स और रेजीडेंट डॉक्टर्स के लिए सेशन रखे गए।

पहली बार भीलवाड़ा में हुई कॉन्फ्रेंस में राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. आरवी असोकन ने कहा कि हेल्थ मेनिफेस्टो ही मेडिकल प्रोफेशनल्स की आवाज सरकार तक पहुंचाने का एक जरिया है। यह आवाज हमारे लोगों और उनके स्वास्थ्य के लिए हैं। सरकारें चाहे राज्य की हो या केंद्र की, सभी स्वास्थ्य के प्रति उदासीन है, यह एक तरह का अपराध है जो सरकार हेल्थ सेक्टर के साथ करती आ रही है।

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने हेल्थ सेक्टर, मेडिकल प्रोफेशनल्स और पब्लिक हेल्थ यानि मरीजों के हितों के लिए हेल्थ मेनिफेस्टो बनाया है। यह

■ 27वीं राज्य स्तरीय कॉन्फ्रेंस राजमेडिकॉन-2024 उमंग का आयोजन

मेनिफेस्टो देशभर के करीब 200 मेडिकल प्रोफेशनल एक्सपर्ट्स ने मिलकर तैयार किया है। यह केवल एक राज्य या देश के स्वास्थ्य की बात नहीं है बल्कि पूरे विश्व के स्वास्थ्य की देखभाल का सवाल है। विश्व स्वास्थ्य संगठन खुद इस पर काम कर रहा है, लेकिन हमारी सरकारों की नीतियों से लोगों को स्वास्थ्य लाभ लेने में कई पेंच खड़े हो रहे हैं। ,

डॉ. असोकन ने देश की मेडिकल एज्यूकेशन में चली आ रही बॉन्ड पॉलिसी का पुरजोर विरोध करते हुए कहा कि हमारा ही देश है जहां मेडिकल कॉलेजेस में हमारे मेडिकल ग्रेजुएट्स गुलामों की तरह प्रतिबंधित किए जाते हैं। देश में ही यह बॉन्ड पॉलिसी है, ऐसी किसी दूसरे देश में नीति नहीं है। इस पॉलिसी के तहत हमारे देश के किसी भी मेडिकल कॉलेज में पढ़ने वाले मेडिकल ग्रेजुएट्स, पोस्ट ग्रेजुएट्स हो या सुपर स्पेशलिस्ट्स, ये सभी बॉन्ड पॉलिसी के तहत प्रतिबंधित किए जाते हैं। यह हमारे मेडिकल एज्यूकेशन के लिए शर्मनाक स्थितियां हैं। ऐसे और भी कई मुद्दे हैं, जिन पर मेडिकल एसोसिएशन सरकार से अपनी बात रखेगा। आयोजन समिति चेयरमेन डॉ. दुष्यंत शर्मा एवं सचिव डॉ. फरियाद मोहम्मद ने बताया कि पहले दिन छह सत्र हुए। पहले सत्र में डॉ. अशोक शारदा ने देश की स्वास्थ्य को इंप्रूव करने के लिए हेल्थ बजट पर चर्चा की। डॉ. रवि वानखेडकर ने मेडिकल एथिक्स के बारे में व्याख्यान दिया।

इसी के साथ अन्य सत्रों में डॉ. राहुल कट्टा, डॉ. आशीष जाखेटिया, डॉ. रोहित रेबेलो, डॉ. मनन सरुपरिया, डॉ. देवेंद्र सरीन, डॉ. योगेश कुमार शर्मा, डॉ. एमके गुप्ता, डॉ. संजय गांधी सहित अनेक चिकित्सकों ने अलग-अलग विषयों पर व्याख्यान दिए।

# उत्साहपूर्वक मनाया वार्षिकोत्सव

**जयपुर।** वार्षिकोत्सव और पुरस्कार वितरण समारोह में शैक्षिणक वर्ष के दौरान छात्रों द्वारा प्राप्त उपलब्धियों और असीम प्रतिभा को सम्मानित किया गया। विद्यालय की हैड गर्ल ओजस्वी ने विशिष्ट अतिथियों व अभिभावकों का स्वागत किया। यह अवसर था जयश्री पेड़ीवाल हाई स्कूल के वार्षिकोत्सव और पुरस्कार वितरण समारोह का। इस दौरान जयश्री पेड़ीवाल ग्रुप ऑफ स्कूल के सीईओ आयुष पेड़ीवाल द्वारा विद्यालय की वार्षिक रिर्पोट पढ़ी गई। इसके बाद पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। स्कूल की चेयरपर्सन, डॉ जयश्री पेड़ीवाल द्वारा शैक्षिणक एवं सह-शैक्षिणक गतिविधियों में असाधारण उपलब्धियों के लिए विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।




सर्वश्रेष्ठ छात्र की ट्रॉफी नेहल शर्मा को मिली। चेयरपर्सन डॉ. जयश्री पेड़ीवाल ने अपने संबोधन में अभिभावकों द्वारा प्रदर्शित समर्थन की भरपूर सराहना की और उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए स्कूल की प्रतिबद्धता का आश्वासन दिया। उन्होंने शिक्षकों के उल्लेखनीय समर्पण व दृढ़ता के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित कर उन्हें सफलता की राह पर बच्चों का हाथ-थामे रखने का आग्रह किया।

इस वर्ष सांस्कृतिक कार्यक्रम का विषय "विश्व स्तरीय आदर्श प्रतिनिधि" रहा। इसके अतिरिक्त प्राचीन क्लासिक 'रामायण' का मंचन किया गया, जो कि बदलते समय के बावजूद हमारी संस्कृति और मूल्यों के संरक्षण का संदेश देने का एक प्रयास था। इस कालजयी महाकाव्य के माध्यम से छात्रों ने महिला सशक्तिकरण, सार्वभौमिक प्रेम, न्याय तथा बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया। समारोह का समापन हैड बॉय रिशांक के आभार शब्दों एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# उत्तराखंड सांस्कृतिक महोत्सव के पोस्टर का विमोचन

**जयपुर।** राजस्थान उत्तराखंड सभा राजस्थान प्रदेश द्वारा आज चौथे संस्करण "पच्छ्याण" कार्यक्रम, 29 दिसम्बर को होना तय हुआ जिसका आज रावत कॉलेज हीरापुरा, अजमेर रोड में सभा संरक्षक टी सी पाठक, अध्यक्ष बी एस रावत, वरिष्ठ उपाध्यक्ष महावीर पटवाल और सभा के सभी पदाधिकारियों की उपस्थिति में पोस्टर का विमोचन हुआ।

प्रदेश प्रवक्ता आनन्द पांडे ने बताया कि यह एक उत्तराखण्डियों का बृहत कार्यक्रम होता है इसकी जानकारी हर प्रवासी तक पहुंचे और इसे योजनाबद्ध तरीके से सफल बनाया जा सके इसके लिए आज कार्यक्रम पोस्टर विमोचन हुआ, प्रचार प्रसार सामग्री वितरण की गई उत्तराखण्ड की संस्कृति, बोली-भाषा को साकार किया जा सके इसके लिए अन्य सभी बिंदों पर विस्तृत चर्चा हुई। कई सालों से




राजस्थान उत्तराखंड सभा राजस्थान प्रदेश द्वारा चौथे संस्करण "पच्छ्याण" कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन हुआ।

लगातार हर्षोल्लास से आयोजित किये जाने वाले इस सांस्कृतिक कार्यक्रम "पच्छ्याण" में राजधानी जयपुर और सभा से जुड़े करीब 15 अन्य जिलों के हजारों संस्कृति प्रेमी हिस्सा बनेंगे।

प्रदेश अध्यक्ष बी एस रावत ने कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए कहा कि "कर्म भूमि में जन्म भूमि की याद" दोनों संस्कृतियों का आदान प्रदान करना है, हमारा प्रयास है कि राजस्थान की संस्कृति और उत्तराखंड की संस्कृति, साहित्य, खान-पान, पर्यटन एवं पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए गुलाबी नगर में एक बृहत की पहचान बने। महासचिव प्रहलाद सिंह अधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम स्थल पर जहाँ विभिन्न प्रकार की उत्तराखंड खाद्य पदार्थों की स्टॉलों के माध्यम से खान-पान साहित्य को उजागर किया जाएगा वहीं उत्तराखण्ड की संस्कृति को हुबहू उतरने हेतु दर्जन भर बहुचर्चित लोकगायक, लोकगायिकाओं, लोकनृत्य कलाकारों, लोकवाध्यों को सामिल किया जा रहा है जिसमें उत्तराखंडी स्टार नाइट (स्टार लोक गायकों, लोकगायिकाओं) द्वारा रंगारंग प्रस्तुतियां, मां नन्दा देवी का डोला, छोलिया नृत्य प्रमुख होंगे।



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को रविवार को जयपुर एयरपोर्ट से प्रस्थान पर विदाई दी। इससे पूर्व उन्होंने आरआईसी में दी बार एसोसिएशन जयपुर द्वारा आयोजित नवनिर्मित कैफ़े एंड ई-लाइब्रेरी एवं लॉयर्स डायरी-2025 के लोकार्पण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।



## International Animation Day

*International Animation Day* brings the world together to celebrate the magic of animation on October 28th every year. This special day marks the anniversary of the first-ever public performance of animation by Charles-Emile Reynaud in Paris in 1892. It's a day when everyone, from kids to adults, can enjoy the creativity and innovation behind animated movies and shows. The day was officially started by ASIFA (Association Internationale du Film d'Animation) in 2002 to honour this unique art form. It often combines technology, storytelling, and visual art to capture people's imaginations, worldwide.



#PHYSICS

# New Laws For The Flow Of Fluids

"We found that sipping through a straw defies all the previously known laws for the resistance or friction of flow through a pipe or tube," says Leif Ristroph



Researchers have uncovered new laws governing the flow of fluids through experiments on a technology that's thousands of years old, a drinking straw. What they learned could be useful for improving fluid handling in medical and engineering applications.

"We found that sipping through a straw defies all the previously known laws for the resistance or friction of flow through a pipe or tube," says Leif Ristroph, an Associate Professor at New York University's Courant Institute of Mathematical Sciences and an author of the study in the *Journal of Fluid Mechanics.*

"This motivated us to search for a new law that could work for any type of fluid, moving at any rate through a pipe of any size."

## Pipe-Flow Problem

Flows of liquids and gases through pipes, tubes, and ducts occur in many situations in nature and industry, such as with blood flow and in oil pipelines. "The pipe-flow problem has always been one of the most basic and important in the study of fluid mechanics, and in many ways, the field was developed to address this problem," says Ristroph, Director of NYU's Applied Mathematics Laboratory, where the research was conducted.

However, in their work, Ristroph and his colleagues found that all known laws relating pressure and flow rate were accurate only under certain conditions. To reach this conclusion, they conducted a series of experiments, measurements of flow rate and pressure for metallic pipes of different lengths and diameters using several types of liquid. The goal was to determine how these factors relate to the frictional resistance of the flow going through the pipe. "Our data showed that the famous and classical laws for flow friction are only accurate for some combinations of flow speeds and pipe sizes," explains Ristroph. "We mapped out the conditions when the existing laws don't work well, and we found a good example right under our noses, drinking through a straw."

## Varied Straws

Drinking straws are thought to have been used as far back as 5,500 years ago in the early Mesopotamian civilization of Sumeria. But the hydrodynamics of their operation was not previously studied. The researchers expanded their study to include several kinds of straws, a thin coffee stirrer type, a regular soda type, and a wide bubble tea type, and they performed experiments to determine the friction for flow rates that are typical during drinking. The data on straws and similarly sized pipes did not match any of the known laws, which are named for their discoverers, the scientists, Evangelista Torricelli and Jean Léonard Marie Poiseuille, among others.

The researchers found that each classical law failed because it assumes that the pipe is either very short or very long, and that the flow is either very slow or very fast.

The in-between cases, including straws, involve complicated factors such as how the flow changes along the length of the pipe and whether it becomes smooth and laminar or rough and turbulent.

Modelling such effects allowed the team to derive a single mathematical formula, and its predictions matched the experimental measurements for all pipes and straws and for all fluids and flow speeds that were tested.

"A universal formula could be very useful, for example, in understanding and modelling blood flow in the circulatory system," Ristroph observes. "Our veins, arteries, and capillaries are basically pipes with many different diameters, lengths, and flow rates."



# The Doctor Who Got The Ashoka Chakra

In the melee, the five unarmed officers took shelter in one of the rooms which was subjected to a grenade attack and the fire on its roof spread consequently to the bathroom where another group of five officers were sheltered. On hearing shouts of the five officers, Major Laishram Jyotin Singh crawled out from under the debris of his room and charged with bare hands at the armed terrorist. He pinned him down to ensure that the terrorist could no longer lob more grenades or direct fire at the officers cornered in a burning room. He continued to grapple with armed terrorist and did not let him go till the terrorist panicked and detonated his suicide vest, resulting in the instantaneous death of the terrorist and Major Lalshram Jyotin Singh along with him.



Major Laishram Jyotin Singh's brother receiving the Ashoka Chakra from then President Mrs Pratibha Patil.
















Maj Gen Jagatbir Singh, VSM (RETD)

On February 2010, while posted in Kabul, Major Laishram Jyotin Singh, while serving as part of the Indian Medical Mission in Afghanistan, laid down life in the highest traditions of the Indian Army, when he protected five of his colleagues by grappling with a terrorist when their mission was subjected to a heinous terrorist attack. He was awarded the nation's highest peacetime gallantry award, the *Ashoka Chakra*, posthumously and is the only recipient of the same from the Army Medical Corps.

Born on 14 May 1972 in Nambal, Bishnupur District of Manipur, his parents were Shri Laishram Markanda Singh and Smt. Ibeyaima Devi. Major Jyotin was the third among the four highly accomplished siblings with two sisters and a brother. His sisters, Bina Kumari Devi and Ragini Devi, work as a Doctor and a Lecturer in Mathematics, respectively. While his youngest brother, Boeing, is a Professor at Indian Institute of Technology, Guwahati. Major Laishram Jyotin Singh completed his schooling from Manipur Public School, Imphal, and MBBS from the Regional Institute of Medical Sciences (RIMS), Imphal in 1996. Later, he completed a two-year Post-Graduate Diploma in Sports Medicine from Baba Farid University of Health Sciences, Patiala in 2001. He was commissioned in the Army Medical Corps as a Short Service Commissioned Officer on 15 February, 2003 and granted Permanent Commission on 26 April, 2007.

Major Laishram Jyotin Singh was initially posted with the Border Roads Organization and was then posted to the Military Hospital in Agartala. He was also part of the Fourth Military World Games at Hyderabad in 2007 and the Commonwealth Youth Games at Pune in 2008. Jyotin worked very diligently and was always ready for any task, even beyond the call of his regular duty. While working as a Medical Officer at the Military Hospital, Agartala, he also provided specialist services to the Government Hospital and College. He was also an excellent football player and body-builder.

On 13 February 2010, he was selected for deputation to the Indian Medical Mission in Kabul.

During his tenure in Kabul, on 26 February 2010, at 06:30 hours, a guarded residential compound of the Indian Embassy in Kabul, housing six Army Medical Officers, four paramedics and two other Army officers of the English Language Training Team (ELTT) was attacked by heavily armed and determined suicide bombers. A terrorist, after detonating a Suicidal Vehicle Borne Improvised Explosive Device (SVBIED) and killing three security guards, entered the compound with the aim of killing any survivors. The terrorist started firing bursts of Kalashnikov rounds and throwing hand grenades into individual rooms.

In the melee, the five unarmed officers took shelter in one of the rooms, which was subjected to a grenade attack, and the fire, on its roof, spread consequently to the bathroom where another group of five officers were sheltered. On hearing shouts of the five officers, Major Laishram Jyotin Singh crawled out from under the debris of his room and charged with bare hands at the armed terrorist. He pinned him down to ensure that the terrorist could no longer lob more grenades or direct fire at the officers, cornered in a burning room. He continued to grapple with armed terrorist and did not let him go till the terrorist panicked and detonated his suicide vest, resulting in the instantaneous death of the terrorist and Major Laishram Jyotin Singh, along with him.

Incidentally, six Indians were killed in this attack, apart from Major (Dr,) L. Jyotin Singh, a member of the Indian Medical Mission (IMM) in Kabul, and working at the Indira Gandhi Institute for Child Health. They included Major Deepak Yadav of Army Education Corps (AEC), English teacher at the Afghan Military Academy, Shri Nitish Chhibber, Assistant, Consulate General of India, Kandahar, Shri Roshan Lal, Constable of the Indian Tibetan Border Police (ITBP), a Security Guard at the Consulate General of India, Herat, Shri Bhola Ram, Deputy General Manager, Power Grid Corporation of India Ltd. (instrumental in setting up Pul-e-Khumri to Kabul transmission line and Chimtala sub-station, which brought electricity to Kabul), and Shri Nawab Khan, Tabla player (member of an Indian Council of Cultural Relations' sponsored cultural troupe visiting Afghanistan).

For his act of exemplary courage, grit and valour in the face of a terrorist attack and the self-sacrifice that he made to save his colleagues, Major Laishram Jyotin Singh was awarded the *Ashoka Chakra posthumously.* He is the first-ever doctor to receive the Ashoka Chakra. The award was received by his brother, Dr. L. B. Singh. His courage, valour and sacrificing his life for the sake of his colleagues remain inspirational for the future generations.

### MEMORIAL

- Bust of Late Major (Dr.) Laishram Jyotin Singh at the Jyotin Memorial Park in Leimakhong, Manipur.
- The Army Medical Corps (AMC) Centre & College in Lucknow has honoured this bravest son of India by dedicating its main auditorium in his name, Major Laishram Jyotin Singh, AC, Auditorium.
- The Army Medical Corps (AMC) Centre and College in Lucknow has honoured this bravest son of India by dedicating a roundabout to his gallantry within its campus, Major Laishram Jyotin Singh, AC, Chauraha.
- In order to pay tribute to the supreme sacrifice of Major Laishram Jyotin Singh, a New Residential Jyotin Block and bust was inaugurated at Command Hospital by his mother, Mrs. Laishram Ibeyaina.
- Indian Railways introduced an electric engine in the name of Major Laishram Jyotin Singh, Ashoka Chakra (Posthumous) to honour his supreme sacrifice.

rajeshsharma1049@gmail.com

#VALOUR



Four Army Doctors, (left to right) Captain Ch Keishing, Captain Laishram Jyotin Singh, Captain M Athikho & Lt Col L Manongba, all from Manipur & alumni of RIMS joined the Army Medical Corps in the same month.

> For his act of exemplary courage, grit and valour in the face of a terrorist attack and the self-sacrifice that he made to save his colleagues, Major Laishram Jyotin Singh was awarded the *Ashoka Chakra posthumously.* He is the first-ever doctor to receive the Ashoka Chakra.



Major Laishram Jyotin Singh.

> Born on 14 May 1972 in Nambal, Bishnupur District of Manipur, his parents were Shri Laishram Markanda Singh and Smt. Ibeyaima Devi. Major Jyotin was the third among the four highly accomplished siblings with two sisters and a brother. His sisters, Bina Kumari Devi and Ragini Devi, work as a Doctor and a Lecturer in Mathematics, respectively.



Grieving Sister of Major Laishram Singh during his funeral.



Army conducts Major Jyotin Singh Football tournament.

#J'ADORE

# Accessorize Your Workdays!

*Accessorising* is always the best way to make an impressive fashion statement



You got to love office wear! Blouses, trousers, turtle necks, shirts, pencil skirts, blazers, and the list goes on. There is something for every shade of smart and sophisticated! *Accessorising* is always the best way to make an impressive fashion statement, and the workplace is no different! In this article, we will take you through *office wear jewellery trends*, that are tried and tested in their ability to elevate your workplace looks and lend an air of elegance, even on the most hectic workdays.

## Good Set of Rings

*Ring sets* are always in fashion. Hence, they make for an apt investment. For office wear, in particular, metal ring sets add to a very polished, smart, and sleek look, elevating your day-to-day formal looks. They not only bedeck your fingers but also enhance the simplest of shirt-trouser combinations.



## A Pearl Necklace

Another addition to the timeless jewellery cohort, a *pearl necklace* conveys equal parts of grace and poshness. What else do you need in your office wear? It's also highly versatile. You can pair it with a formal dress, a simple blouse, or an elaborate pantsuit.



## A Tennis Bracelet

If fineness, luxury, and class had a one-stop destination, a *tennis bracelet* would be that. They come in a variety of metals and precious stones, suitable for every taste and outfit choice. The innate subtlety and beauty of this bracelet make your entire formal outfit a class above the rest!



## Minimalistic Rose Gold Jewellery

*Rose gold* is extremely subtle and elegant as a colour in itself. It will most certainly refine and stylise your persona, paired with a formal outfit. *Minimalistic rose gold* jewellery can come in a dainty bracelet, chunky earrings, a simple pendant, or even a basic choker. There is plenty of variety available for everyone's preference.



## Gold Hoops

Small to medium-sized *gold hoops* look quite professional, contrary to the prevailing perception of hoops being too hip or party-wear. Gold hoops fill the accessory void without the need to pair them with any more accessories and, thus, are very efficient for casual office wear. You could also try out contemporary earrings.

## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# चाकूबाजी और पथराव मामले में 11 और आरोपी गिरफ्तार, शहर में शांति

## मामले में अब तक 15 आरोपियों की गिरफ्तारी और 31 से ज्यादा आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा चुकी है

**भीलवाड़ा,** (निसं)। शहर के भीमगंज थाना इलाके में गुरुवार की रात चाय की दुकान के बाहर पटाखे चलाने को लेकर उपजे विवाद के बाद हुई चाकूबाजी और पथराव मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर गठित टीमों ने चाकूबाजी के दो और पथराव के मामले में नौ और आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस लगातार गश्त कर स्थिति पर निगाह बनाये हुये हैं। इस मामले में अब तक 15 आरोपियों की गिरफ्तारी और 31 से ज्यादा आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा चुकी है।

भीमगंज थाना पुलिस ने बताया कि माणिक्य नगर रोड पर पार्षद पति देवेंद्रसिंह हाड़ा पर गुरुवार रात कुछ लोगों ने चाकू से हमला कर दिया। बबलु व आनंद को भी चोटें आई। हमले के बाद उपद्रवियों ने मकानों पर पथराव कर जान से मारने व मोहल्ला छोड़कर जाने की भी धमकियां दी। इसे लेकर पुलिस ने तीन प्रकरण दर्ज किए थे। इनमें से चाकूबाजी के मामले में पुलिस ने शनिवार को 2, जबकि पथराव के मामले में 9 और आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार इससे पहले शुक्रवार को पुलिस चाकूबाजी के एक और पथराव के तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस ने मोहम्मद ऐजाज पिता मोहम्मद आरीफ लोहार व ताहीर मोहम्मद पिता आमीर मोहम्मद पठान निवासी गुलजार नगर बग्ता बाबा रोड़ को चाकूबाजी के मामले में, जबकि पत्थरबाजी के मामले में मंगला चौक निवासी रबुल पिता शेख याकुब, शेख समीरूल इस्लाम पिता शेख मुरितयार अली, शेख मुनीरूल पिता शेख मुख्तियार अली, मुबारिक अंसारी पिता काजल अंसारी, शेख ज्वैल पिता शेख रोशन अली, मुसाहिद अहमद पिता अब्दुल करीम मंसुरी, मोहम्मद यूनुस पिता मोहम्मद हनीफ अंसारी, इमरान मंसुरी पिता अलाउदीन मंसुरी और आदिल पिता मोहम्मद सलीम अंसारी को गिरफ्तार किया है।


चाकूबाजी और पथराव मामले में पुलिस टीमों ने नौ जनों को गिरफ्तार किया।

**■ पार्षद पति देवेंद्रसिंह हाड़ा पर गुरुवार रात कुछ लोगों ने चाकू से हमला कर दिया था, इसमें दो जनों को भी चोटें आई थी**

# चोरी की पांच ट्रॉली बरामद, तीन आरोपी गिरफ्तार

## पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि ट्रॉलियों को दीपावली पर बेचने का प्लान बना रखा था


बूंदी पुलिस ने टॉली चोरी के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया।

**बून्दी,** (निसं)। संपत्ति संबंधी अपराधों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए बूंदी पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की 5 ट्रॉली बरामद की है। चोरी की गई ट्रॉलियों की अनुमानित कीमत लगभग 11 लाख रुपये बताई गई हैं।

जिला पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र कुमार मीणा ने बताया कि थानाधिकारी पुलिस थाना सदर के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा संपत्ति संबंधी अपराधों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए तीन आरोपी रमेश यादव, रमेश उर्फ सत्यनारायण माली एवं धनराज गुर्जर को गिरफ्तार कर कब्जे से चोरी की 5 ट्रॉलिया बरामद की। मामले में 23 अक्टूबर को पीड़ित मंगाल निवासी मोहन लाल राठौर ने थाना सदर बून्दी में ट्रॉली चोरी की रिपोर्ट लिखाते हुए बताया था कि 22 अक्टूबर को शाम को 6 बजे को अपने बाड़े में खड़ी ट्रॉली को देखा था, लेकिन 23 अक्टूबर की सुबह उसे अपने बाड़े मे ट्रॉली नहीं मिली। पीड़ित मोहन लाल राठौर के द्वारा आसपास तलाश करने और पूछताछ करने के बाद भी ट्रॉली का पता नहीं चलने पर सदर थाने मे रिपोर्ट दर्ज करवाई। मामले में सदर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर बून्दी शहर के सीसीटीवी फुटेज व मंगाल व आसपास के गांव तथा संदिग्ध स्थानों पर तकनीकी साक्ष्य एकत्र कर आरोपियों को चिन्हित किया और उनके संभावित स्थानों धाबाईयों का नयागांव, रघुनाथपुरा, धनावा, दबलाना में दबिश दी गई। पुलिस टीम ने आरोपी रमेश यादव निवासी धाबाईयों का नया गांव हाल रघुनाथपुरा, रमेश उर्फ सत्यनारायण माली निवासी धनावा और धनराज गुर्जर निवासी धनावा पुलिस थाना दबलना को गिरफ्तार कर लिया।

**■ संपत्ति संबंधी अपराधों की रोकथाम हेतु बूंदी पुलिस ने कार्रवाई की**

आरोपियों में शामिल रमेश यादव शातिर चोर और गिरोह का मुखिया है, जो खुद के टेक्ट्रर को चोरी के ट्रॉलियां उठाने मे काम लेता था। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि दीपावली के पर्व पर बेचने का प्लान बना रखा था जिससे दीपावली अच्छी मन सके। मुलजिमानों से अब तक की पूछताछ में सामने आया कि पुलिस थाना दबलाना के धाबाईयों का नयागांव से पिछले साल पहली ट्रॉली चुराई थी दूसरी ट्रॉली धनावा के ईंट्ट भट्टे पर खड़ी ट्रॉली, तीसरे ट्रॉली धनावा से 4-5 महीने पर चुराई थी। वहीं चौथी ट्रॉली पुलिस थाना सदर के रामगंज बालाजी के पास 2-3 महीने पहले और पांचवी ट्रॉली मगांल से 23 अक्टूबर को चुराई गई थी। इन चोरियों की एफआईआर अलग-अलग थानों मे दर्ज हैं। आरोपियों से जिले में हुई चोरियों के बारे में खुलासा होने की संभावना हैं।

ट्रॉली चोरी के आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली टीम में सदर थानाधिकारी भगवान सहाय के नेतृत्व में हरिशंकर, टीकमचंद (तकनीकी सहायक), नेतराम, हनुमान, गजेन्द्र, देशराज शामिल रहे। इनमें नेतराम और हनुमान की विशेष भूमिका रही।

# कार में शराब की तस्करी करते एक आरोपी गिरफ्तार

## पुलिस ने 18 कार्टन देशी व अंग्रेजी शराब जप्त की

**रावतभाटा,** (निसं)। जिले की पारसोली थाना पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान शराब माफिया के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए एक मारुति वेन में शराब की तस्करी करते एक आरोपी को गिरफ्तार कर वेन से 18 कार्टन देशी व अंग्रेजी शराब जप्त की है।

जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस मुख्यालय जयपुर, राजस्थान द्वारा मादक पदार्थों के विरुद्ध कार्रवाई, कच्ची शराब के उत्पादन व विक्रय एवं वांछित अपराधियों गिरफ्तारी हेतु चलाये गए विशेष अभियान के अन्तर्गत अवैध रुप से शराब का परिवहन करने वाले शराब माफियाओं पर प्रभावी कार्रवाई के मध्यनजर रावतभाटा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भगवत सिंह हिंगड़ एवं बेगूं पुलिस उपाधीक्षक अंजलि सिंह के निर्देशन में थाने के सहायक पुलिस उपनिरक्षक गोविन्द सिंह के नेतृत्व में कानि. मनोज, प्रितम, मोतीलाल, भोमाराम द्वारा शराब तस्करी के मार्गो को चिन्हित करते हुए निमोदा से झाडौल आने-जाने वाले कच्चे रास्ते पर नाकाबंदी कर निगरानी रखी गई। इसी दौरान काटून्दा की तरफ से एक व्यक्ति मारूति वेन लेकर आया। मारुति वेन को रुकवाकर संदिग्ध होने पर तलाशी ली तो मारुति वेन में भरे खाकी रंग के कार्टनों में देशी व अंग्रेजी शराब होना पाया गया।

मारुति वेन से शराब को बाहर निकालकर गिनती की गई तो कुल 18 कार्टनों में देशी व अंग्रेजी शराब व बीयर भरी हुई मिली। अवैध शराब व मारुति वेन को जब्त कर आरोपी बेगूं थाने के सेमलिया निवासी प्रहलाद मेवाड़ा पुत्र मदन लाल मेवाड़ा को गिरफ्तार किया गया। आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया जाकर गिरफ्तार आरोपी से अवैध शराब की उपलब्धता के संबंध में अनुसंधान जारी है।

# विवाहिता को घर से निकाला

**सादुलपुर,** (निसं)। हमीरवास थाना क्षेत्र में दहेज के लोभियों का एक मामला सामने आया है, जिसमें हमीरवास थाने में दहेज में पांच लाख रूपये व कार की मांग को लेकर विवाहिता के साथ निवस्त्र कर मारपीट करने व जान से मारने का प्रयास कर घर से निकालने और जानमाल की धमकी देने के मामले में पुलिस ने अपने पति, सास और ससुर पर दहेज उत्पीड़न के आरोप सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

हमीरवास थाना क्षेत्र की महिला ने मामला दर्ज कर बताया कि लगभग दो वर्ष पूर्व 18 फरवरी 2022 को उसका विवाह झुंझनू जिले के केहरपुरा हाल तुमली सांखण निवासी तनवीर कटेवा पुत्र विनोद कटेवा के साथ हुआ था। पीड़िता ने आरोप लगाते हुए बताया कि ससुराली जनों के द्वारा दहेज के रूप में पांच लाख रुपये और गहने की मांग की जा रही थी, जिसकी मांग पूरी नहीं होने पर कमरे में बंद कर निवस्त्र कर मारपीट की व गले मे चुन्नी का फंदा डालकर जान से मारने की कोशिश की, जिसके बाद किसी तरह उसने अपने पिता को फोन कर जान बचाई। वहीं पीड़िता ने बताया कि ससुराल पक्ष वाले आपराधिक प्रवृति के है जो आये दिन जान से मारने की धमकी देते रहते हैं। पीड़ित विवाहिता का आरोप है कि उसकी सास उर्मीला, ससुर विनोद कटेवा और पति तनवीर कटेवा ने मिलकर उसके साथ जमकर मारपीट कर घर से निकाल दिया। वहीं मामले को लेकर पीड़ित विवाहिता ने आईपीएस निश्चय प्रसाद एम सहायक पुलिस अधीक्षक से मिलकर पीड़ा बताई। पीड़ित विवाहिता का आरोप है कि हमीरवास थाना पुलिस ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है।

**■ महिला ने पति, सास व ससुर के खिलाफ हमीरवास थाने में मामला दर्ज करवाया**

# शराब बेचते दो जने गिरफ्तार

**मंडावा,** (निसं)। पुलिस ने अवैध रूप से शराब बेचते हुए दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। एसपी शरद चौधरी के अनुसार रविवार को मुखबिर ने बताया कि ग्राम हेतमसर पुलिया अंडरपास के नीचे दो व्यक्ति एक मोटरसाइकिल खड़ी कर अवैध शराब बेच रहे हैं।

सूचना पर पुलिस रवाना होकर ग्राम हेतमसर पुलिया के नीचे पहुंची तो मुखबिर के बताए अनुसार एक मोटरसाइकिल के पास दो व्यक्ति मिले, जिनमें से एक ने काले रंग का कोट पहन रखा था, जिसे नाम पता पूछा तो अपना नाम मुकेश कुमार पुत्र हनुमान सिंह निवासी हेतमसर व दूसरे ने अपना नाम अशोक कुमार पुत्र रणजीत सिंह मेघवाल निवासी हेतमसर का होना बताया। मुकेश कुमार के पहने हुए काले रंग के कोट की जेब में 24 पव्वे देशी शराब व दोनों के पास मिले कट्टे में 29 पव्वे देशी शराब के मिले।

कोट व कट्टे में कुल 53 पव्वे देशी शराब के पाए गए। दोनों को अपने पास अवैध शराब रखने व परिवहन करने के संबंध में अनुज्ञापत्र बाबत पूछा तो नहीं होना बताया। जिस पर 53 पव्वे देशी शराब व मोटरसाइकिल को जब्त कर मुकेश कुमार व अशोक कुमार को राजस्थान आबकारी अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम में नरेंद्र सिंह सउनि, धर्मपाल एचसी, सुभाषचंद एचसी, उस्मान गनी एचसी चालक खुमाराम शामिल थे।

# अज्ञात हमलावरों ने पति पत्नी पर हमला किया

## पति की मौत, बचाव में आई युवक की पत्नी घायल

**उदयपुर,** (कासं)। अज्ञात हमलावरों ने घर में घुसकर धारदार हथियार से पति-पत्नी पर हमला कर दिया, जिससे युवक की मौत हो गई तथा बचाव में आई उसकी पत्नी गंभीर घायल हो गई।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार देर रात बाद में जिले के ओगणा थाना क्षेत्र खाम्बिया गांव अज्ञात हमलावर रामसिंह (50) पुत्र माधुसिंह राजपूत के घर में घुसकर उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। इस दौरान बचाव में आई उसकी पत्नी कंकु कुंवर (470 गंभीर घायल हो गई, जिसे उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती करवाया। प्रारंभिक अनुधान में पता चला कि जमीन विवाद के चलते आए अज्ञात हमलावरों ने हमले से पहले रामसिंह के बेटे मकान का कुंदा लगा दिया था। घर में घुसकर हमला करने के दौरान चिल्लाने की आवाज सुनकर जागे बच्चों ने कुंदा लगा देख फोन कर दरवाजा खुलवाकर घर जाकर देखा तो रामसिंह की मौत हो चुकी थी जबकि कंकू गंभीर हालत में पड़ी थी।

सूचना मिलने पर ओगणा थानाधिकारी अजयराजसिंह राव ने मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को गोगुन्दा मोर्चरी में रखवाया और उच्चाधिकारियों को सूचना दी। इस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, पुलिस उप अधीक्षक नैत्रपालसिंह मय जाप्ता मौके पर पहुंचे, जहां एफएसएल एवं डॉग स्क्वायड की मदद से आवश्यक साक्ष्य जुटाए। मृतक का रविवार शाम तक पोस्टमार्टम नहीं हो पाया। प्रारंभिक अनुसंधान में जमीन विवाद में हत्या करने की संभावना जताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**अवैध मादक पदार्थ बरामद, दो गिरफ्तार :-** उदयपुर की फतहनगर थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान अवैध मादक पदार्थ एमडीएमए बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अजरा सुखवाल, सहायक पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार के सुपरविजन में चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान प्रवीण पुत्र कैलाश, मुकेश पुत्र भुरालाल निवासी चिकारड़ा मण्डफिया चित्तौड़गढ़ को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से 4.32 ग्राम अवैध एमडीएमए व बाइक जब्त की।

# नकदी चोरी करने वाला गिरफ्तार

**उदयपुर,** (कासं)। दिनदहाड़े सूरजपोल थाना क्षेत्र में स्थित दुकान से नकदी चोरी करने वालों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

प्रकरण के अनुसार सूरपोल थाना क्षेत्र कोलीवाड़ा स्थित कृष्णा पेपर के राजकुमार अग्रवाल पुत्र राधेश्याम अग्रवाल ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया, जिसमें पीड़ित ने बताया कि 24 अक्टूबर दोपहर में मैं लघुशंका करने गया।

इस दौरान अज्ञात चोर गल्ले से 88 हजार रूपये नकदी चुरा ले गया। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर टीम ने ऑटो चालक किशनपोल रजानगर सूरजपोल निवासी फिरोज खान उर्फ सोनी पुत्र बाबू खान को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से चोरी की गई नकदी बरामद की। आरोपी हिस्ट्रीशिटर होकर उसके खिलाफ पूर्व में 30 अपराधिक प्रकरण दर्ज है।

# मारपीट प्रकरण में रूपनगढ़ सरपंच गिरफ्तार

**रूपनगढ़,** (निसं.)। रूपनगढ़ आदर्श ग्राम पंचायत के सरपंच हाजी इकबाल छीपा को रविवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस उप अधीक्षक किशनगढ़ ग्रामीण उमेश गौतम ने बताया कि रूपनगढ़ निवासी श्रीकिशन खटीक ने सन् 2023 में रूपनगढ़ थाने में मामला दर्ज कराया था कि उसकी भूमि पर जबरन जेसीबी चलाकर रूपनगढ़ सरपंच व अन्य द्वारा कब्जा किया जा रहा है। श्रीकिशन खटीक द्वारा रोकने पर आरोपी ने उसके साथ मारपीट की, चोटिल किया और जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया। किशनगढ़ पुलिस उप अधीक्षक ग्रामीण द्वारा मामले की जांच की जा रही थी।

अनुसूचित/जाति जनजाति से संबंधित होने के कारण पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा के निर्देशन में रूपनगढ़ सरपंच को गिरफ्तार करने के लिए टीम गठित की गई और वांछित आरोपी वर्तमान रूपनगढ़ सरपंच हाजी इकबाल छीपा पुत्र सफी मोहम्मद को रविवार शाम गिरफ्तार कर लिया गया। मामले की आगे जांच की जा रही है।


पुलिस ने मारपीट मामले में रूपनगढ़ सरपंच हाजी इकबाल छीपा को गिरफ्तार किया।

# डबल ईंजन की सरकार में झुंझुनूं भी भागीदार बनेगा : भांबू

## भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र भांबू के जनसंपर्क दौरे जारी

**झुंझुनूं,** (निसं)। उप चुनावों में भाजपा की तरफ से प्रत्याशी राजेंद्र भांबू ने कहा है कि डबल ईंजन की सरकार में झुंझुनूं भी अपना भागीदार बनेगा। इस बार उप चुनावों में वंशवाद का खात्मा भी तय है। भांबू ने रविवार को ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क किया।

जानकारी के अनुसार रविवार को भांबू ने शिशियां, बाकरा, ढेवा का बास, कायमसरिया की ढाणी, उत्तरासर आदि गांवों का दौरा कर जनसंपर्क किया और ग्रामीणों से संवाद करते हुए भारतीय जनता पार्टी के कल्याणकारी कार्य योजनाओं की जानकारी देते हुए झुंझुनूं के विकास के लिए अपरिहार्य बताया। इस मौके पर भांबू ने कहा कि यमुना के पानी की बात हो या फिर अन्य कोई भी विकास कार्य, सभी को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा।

इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी, पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी, पूर्व विधायक रणवीर सिंह गुढ़ा, कुलोद भाजपा मंडल अध्यक्ष सतीश खींचड़, धर्मवीर पूनियां, कुलोद मंडल प्रभारी रोहिताश फौजदार, भाजपा पंचायतीराज प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अर्जुन महला, भाजपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य विश्वंभर पूनिया, सुभाष रेपस्वाल, मुरारी सैनी, डॉ. राजेश बाबल मंच पर उपस्थित थे। लोगों ने जगह-जगह भाजपा प्रत्याशी को बधाइयां और शुभकामनाएं देते हुए सम्मानित किया।


भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र भांबू ने कई गांवों में जनसभायें की।

# शहीद राजेंद्र प्रसाद मीणा की मूर्ति का अनावरण

## देश के लिए प्राण न्यौछावर करने वाले शहीद हमारे भगवान हैं : प्रेम सिंह बाजौर

**झुंझुनूं,** (निसं)। लादूसर ग्राम पंचायत के चैनपुरा गांव में देश के लिए शहादत देने वाले राजेंद्र प्रसाद मीणा का मूर्ति अनावरण कार्यक्रम रविवार को संपन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि सैनिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष प्रेमसिंह बाजौर थे।

बाजौर ने कहा कि शहीद देवताओं के देवता है, इन्हें भगवान की तरह पूजा जाना चाहिए। उनका कहना था कि धन्य है गांव के लोग, जिन्होंने देशभक्त बेटा पैदा किया। आदिवासी श्रीमीन सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश मीणा किशोरपुरा ने कहा कि शहीद राजेंद्र प्रसाद ने आतंकवादियों से लड़ते-लड़ते अपने प्राणों की आहुति दी है। इनकी बहादुरी के किस्से शेखावाटी में ही नहीं बल्कि देश जानता है। किशोरपुरा ने कहा कि एक समय था जब देश में मीणा रेजिमेंट हुआ करती थी। इस रेजिमेंट के बहादुरी के किस्से सुनने को मिलते थे। उन्होंने मंच से देश और प्रदेश की सरकार से मांग उठाई कि इस रेजिमेंट को पुन: स्थापित किया जाए। इस अवसर पर शहीद वीरांगना का शॉल ओढ़ाकर अभिनंदन किया गया। शहीद परिवार का भी अतिथियों ने मोमेंटो देकर अभिनंदन किया।

कार्यक्रम में अलसीसर प्रधान घासीराम पूनियां, पूर्व प्रधान गिरधारीलाल खींचड़, आदिवासी मीणा सेवा संस्थान के जिलाध्यक्ष दिलीप मीणा मुकुंदगढ़, पूर्व जिलाध्यक्ष मास्टर बनवारीलाल मीणा, आशीष कुमार, लादूसर सरपंच बलबीर सिंह, सेवानिवृत कमिश्नर बीएल मीणा, तहसील अध्यक्ष कुरड़ाराम मीणा, सत्येंद्र कुमार सहित कई विशिष्ट जन बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद थे। शहीद स्मारक पर मशहूर गायकों द्वारा देश भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी गई। शहीदों की मूर्ति बनाने वाले वीरेंद्र सिंह का भी अतिथियों ने सम्मान किया। शहीद राजेंद्र प्रसाद मीणा की भी बहादुरी की गाथा भी पढ़कर सुनाई गई। इस अवसर पर सेवानिवृत थानेदार बृजमोहन मीणा, सिकेंद्र मीणा, भागीरथ मीणा, एडवोकेट धर्मवीर मीणा, रामचंद्र कोलिंडा, गायक कलाकार सुरेश अलीपुर, प्रदीप कुमार मीणा, सतेंद्र मीणा, विकास मीणा, एडवोकेट राजेश मीणा, भंवर सिंह मीणा, प्रहलाद राय सहित बड़ी संख्या महिला-पुरुष मौजूद थे।



लादूसर ग्राम पंचायत के चैनपुरा गांव में आयोजित समारोह में विरांगना का सम्मान किया गया।

**■ आदिवासी नेता सुरेश किशोरपुरा ने देश में आदिवासी मीणा रेजिमेंट बनाने की मांग उठाई**

## संक्षिप्त

### 'प्रवचन से आनन्द का अनुभव'

**अजमेर ।** अजमेर के वैशाली नगर स्थित प्रेम प्रकाश आश्रम में रविवार को सत्संग प्रवचन का आयोजन हुआ। सन्त स्वामी रामप्रकाश ने अपने सिन्धी में भजन मां पहिंजे सतगुरू तां बलिहार वंजा मां पंहिजे तां बलिहार वंजण सां थीन्दो बेडो पार आ सुनाया और अर्थ बताते हुए कहा कि महापुरूषों ने अपने जीवन काल में अपने मन पर नियंत्रण करके परमात्मा से साक्षत्कार करके एक हुए, काम क्रोध, लोभ मोह और अहंकार को छोडकर नम्रता को धारण किया। सूरत के सन्त स्वामी ब्रह्मानंद शास्त्री सत्संग प्रवचनों में बताया कि सौभागयशाली जीव ही सन्तों महात्माओं के सत्संग में आता है और प्रवचनो का श्रवण भी वह ही कर पाता है। उन्होंने कहा कि प्रवचनो का श्रवण करने वालों को हमेशा ही आनन्द का अनुभव होता है।

### 51 जरूरतमंदों को कपडे भेंट

**अजमेर ।** लायंस क्लब अजमेर आस्था द्वारा समाजसेवी लायन राकेश पालीवाल, पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष मधु पाटनी, श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति अजमेर की सदस्याओं के साथ क्लब के पूर्व सदस्य घनश्याम सोनी एवं रेखा सोनी आदि के सहयोग से उदयपुर जिले के बुजरा गांव की राजकीय प्राथमिक विद्यालय थलपला के 51 जरूरतमंद परिवार के विद्यार्थियों को गणवेश में पेंट शर्ट ,सलवार, सूट का वितरण सामाजिक कार्यकर्ता गोपाल लाल सोलंकी के कर कमलों द्वारा किया गया। क्लब अध्यक्ष लायन रूपेश राठी ने बताया कि कार्यक्रम संयोजक लायन अतुल पाटनी के मार्गदर्शन में एवं घनश्याम सोनी के माध्यम से जरूरतमंद परिवार के बच्चो का चयन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रिंसिपल चित्रा दालिया, दयालाल ने बच्चो को क्रमबद्ध तरीके से क्लब के द्वारा भेजी गई सेवा के वितरण कार्य में सहयोग किया। इससे पूर्व क्लब की सेवा लेकर विद्यालय पहुंचने पर प्रिंसिपल मैडम ने मेवाड़ी परंपरा के अनुसार तिलक लगाकर और उपरना पहनाकर स्वागत किया। विद्यार्थियों के मध्य सामान्य ज्ञान की प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में बच्चो ने उत्साहपूर्वक भाग लिया प्रतिभागी विजेता बच्चो को टाफी का वितरण कर पुरस्कृत किया गया।

### प्रतिभावान सम्मान समारोह आयोजित

**भरतपुर ।** बौद्ध जाग्रति मंच सेवा संस्थान का प्रतिभावान सम्मान समारोह का आयोजन मुरली प्लाजा में आयोजित हुआ। समारोह की अध्यक्षता पूर्व मंत्री व वर्तमान विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने की। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सांसद संजना जाटव रही तो वहीं विशिष्ठ अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री रतनलाल अहिरवार, सीताराम स्वरूप, विजय सिंघल, चतुर्भुज खींची, सुनील बैरवा, किशोर पटेल आदि उपस्थित रहे। इस दौरान प्रतिभावान विद्यार्थियों और सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली प्रतिभाओं को प्रशास्ति पत्र, प्रतीक चिन्ह, प्रोत्साहन राशि एवं दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने कहा कि शिक्षा का सर्वोपरि महत्व होता है। नॉलेज युग है ऐसे में बच्चों को सही दिशा देने की आवश्यकता है। डॉ. गर्ग ने कहा कि बच्चों में नया कुछ करने की जिज्ञासा होती है। बच्चों की जिज्ञासाओं की पूर्ति करना हम सबका कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि पढाई का कोई विकल्प नहीं होता है। बच्चों को अपना लक्ष्य निर्धारित कर जज्बे के साथ आगे बढना चाहिए और अभिभावकों को भी अपने बच्चों को पढा लिखा कर योग्य बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने शिक्षकों से भी आव्हान किया कि समाज के गरीब व प्रतिभावन बच्चों की शिक्षा में सहयोग दे तथा भामाशाह भी आगे आकर मदद करें।

### एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**करौली।** चैतन्य सेवा संस्थान में रविवार को एक दिवसीय चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें चिकित्सकों कि टीम ने विमंदित बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। चैतन्य सेवा संस्थान के परियोजना निरीक्षक दिनेश कुमार ने बताया कि रविवार को चैतन्य सेवा संस्थान के मानसिक विमंदित पुनर्वास ग्रह पर एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें करौली सामान्य चिकित्सालय से कनिष्ठ विशेषज्ञ शिशु रोग डॉ राजेश कुमार मीणा द्वारा मानसिक विमंदित बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया।

# 42 सालों से निशुल्क सुंदरकांड का पाठ कर धर्म की अलख जगा रही समिति

**कोटपूतली ।** हनुमान तेहि परसा कर पुनि कीन्ह प्रनाम, राम काजु कीन्हें बिनु मोहि कहां विश्राम। सुन्दरकाण्ड का प्रथम दोहा है, जिसमें हनुमान जी कहते हैं कि राम का काम किए बगैर मुझे विश्राम नहीं करना है। परिश्रम की प्रधानता को बल देने वाले इस दोहे से सीख लेकर कोटपूतली की निशुल्क सुंदरकांड समिति बीते 42 वर्षों से धर्म की अलख जगा रही है। यह समिति शहर से लेकर गांव तक एक आमंत्रण मात्र से घर-घर जाकर न केवल निशुल्क संगीतमय सामूहिक सुंदरकांड का पाठ व भजन करती है, बल्कि विभिन्न मंदिरों व संस्थाओं में भी हनुमान स्तुति की सेवाएं देती है। इसमें शामिल बच्चे, बुजुर्ग, युवा व महिलाएं हर कोई सच्चे मन के साथ पूरे भाव से हनुमानजी का गुणमान करते हैं। ईश्वर के प्रति श्रद्धा का भाव हर मन में होता है, लेकिन आस्था की किरण से दूसरे व्यक्ति की धार्मिक चेतना को जागृत करना व उसे इससे जोडना वास्तविक आराधना है। ऐसे ही धर्म व भक्ति का पुंज बनकर समिति समाज को सांस्कृतिक व धार्मिक भावना में पिरोने का काम रही है। यह समिति पिछले करीब 42 वर्षों में अब तक अनगिनत संगीतमय सुंदरकांड पाठ कर चुकी है और बृहद होती इस समिति में दर्जनों नियमित सदस्य शामिल हैं। धर्म जागरण के साथ लोगों में आपसी मेल मिलाप की भावना को जागृत करने, समाज में लुप्त होते धर्म प्रसार को चेतन रखते हुए युवाओं में नवचेतना पैदा करने व भारतीय संस्कृति को जीवित रखने के उद्देश्य को लेकर शुरु हुई इस समिति में शामिल सदस्य चाहे ग्रामीण इलाका हो या शहरी क्षेत्र, सभी जगह पहुंचते हैं। राजकीय सेवा सहित उच्च पदों पर आसीन लोग भी इस समिति के माध्यम से रामनाम गुणगान करने में पीछे नही है।



कोटपूतली की निशुल्क सुंदरकांड समिति बीते 42 वर्षों से धर्म की अलख जगा रही है।

निशुल्क सुंदरकांड समिति के मुखिया और पेशे से स्वतंत्र पत्रकार आनंद पंडित बताते हैं कि वर्ष 1982 में 8 अप्रेल को हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर शहर के लक्ष्मीनारायण मंदिर (देवस्थान) परिसर में उनके द्वारा प्रथम संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया था, जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री व पूर्व उप राष्ट्रपति स्व. भैरोसिंह शेखावत के भाई विहिप के वरिष्ठ नेता स्व. जयबहादुर सिंह शेखावत भी शामिल हुए थे। उस दौर में उनके पिता वैद्य स्व. ताराचंद मुद्गल बजरंग दल के जिलाध्यक्ष थे और उन्होंने हिंदू जन जागरण की मुहिम छेड़ रखी थी। उनकी प्रेरणा और आदर्शों को अपनाते हुए आनंद पंडित ने उसी हनुमान जयंती के दिन से निशुल्क संगीतमय सुंदरकांड पाठ करने का संकल्प लिया और यह सिलसिला लगातार अब तक चला आ रहा है।

- रामनाम गुणगान करने में नया सोपान रच रही निशुल्क सुंदरकांड समिति

उस प्रथम सुंदरकांड में शेखावत के अलावा प्रदेश की नामचीन हस्तियों ने भाग लिया था।यह समिति लोगों के आग्रह पर उनके घरों, मंदिरों या फिर बताए हुए स्थलों पर संगीतमय सुन्दरकांड का निशुल्क पाठ करती है। आमंत्रण मिलने पर अपना सारा काम-धंधा छोडकर सभी सदस्य सुंदरकांड का पाठ करने पहुंच जाते हैं। इनकी विशेषता यह है कि इस पाठ को करवाने के लिए कोई भी शुल्क या चढ़ावा नहीं लिया जाता। यहां तक कि आरती में भी नकदी स्वीकार नही की जाती है।

### बच्चों ने बिखेरे सांस्कृतिक रंग

**अजमेर,** (कासं)। संस्कृति द स्कूल का 20वां दो दिवसीय वार्षिक उत्सव के प्रथम चरण में प्री-प्राइमरी तथा प्राइमरी का 'अंकुर' वार्षिकोत्सव तथा पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन हुआ। दो दिवसीय वार्षिक उत्सव के प्रथम चरण के अंतर्गत प्राइमरी के नन्हें मुन्ने बच्चों ने नृत्य, संगीत व अभिनय की विविध प्रस्तुतियाँ दी गई। कार्यक्रम मुख्य अतिथि जिला परिषद अजमेर के सीईओ अभिषेक खन्ना के आतिथ्य में संपन्न हुआ।

विद्यालय प्राचार्या मनीषा जौहरी ने बताया कि अंकुर कार्यक्रम दो चरणों में प्रस्तुत किया गया। प्रथम चरण में कक्षा नर्सरी से कक्षा तीसरी तक के विद्यार्थियों ने 'ओजी के अभिचारक' थीम पर नाट्क व नृत्यों की प्रस्तुतियां दी जिसका मुख्य संदेश था कि कभी हार मत मानो, आत्मविश्वास और साहस के बल पर जीवन में आगे बढ़ते रहो। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में कक्षा चार, पांच व कक्षा छह के विद्यार्थियों ने साउंड ऑफ म्यूजिक थीम पर नृत्य व नाट्य प्रस्तुतियां दी, जिसका संदेश था कि जिस भी परिस्थितिर्त में हो, कड़ी मेहनत और दृढ़ निश्चय के साथ, कोई भी व्यक्ति जीवन में कुछ भी हासिल कर सकता है।

# पटाखों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई 9 क्विंटल पटाखे जब्त, दो गिरफ्तार

**किशनगढ़ बास।** एसडीएम मनीष जाटव ने जिला कलेक्टर के निर्देशन में पुलिस थाना अधिकारी जितेंद्र सिंह शेखावत नगर पालिका व तहसीलदार की टीम के साथ रविवार को शहर के दो अलग-अलग स्थान पर पटाखा व्यापारी के यहां छापा मारकर बड़ी तादाद में पटाखों का जखीरा पकड़ा है। करीब 4 घंटे तक चली इस करवाई के दौरान पुलिस ने पटाखे को जप्त कर दोनों जगह काम करते मिले एक-एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रशासन की गाड़ियों को आता देखकर मलिक दुकान छोड़कर पहले ही भाग निकले थे।

पुलिस प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई को लेकर शहर की दुकानों पर व्यापारियों में अच्छी खासी चर्चा रही वहीं पटाखा व्यापारियों में हड़कंप मच गया। व्यापारी दुकानों को बंद करके इधर-उधर निकल गए। एनसीआर क्षेत्र में पटाखे की बिक्री व भंडारण पर रोक के आदेशों की पालना सुनिश्चित करते हुए जिला कलेक्टर किशोर कुमार की ओर से जिले के समस्त उपखंड अधिकारियों एवं नगर पालिका प्रशासन को कड़ाई से पालना कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे। एसडीएम मनीष जाटव ने बताया कि जिला कलेक्टर के निर्देशों की पालना में रविवार को तहसीलदार नगर पालिका एवं पुलिस टीम के साथ किशनगढ़ बास में पटाखा थोक व्यापारियों के यहां छापे की कार्रवाई कर भारी मात्रा में प्रतिबंधित पटाखे पकड़े हैं। उन्होंने बताया कि किशनगढ़ बास के वशिष्ठ मार्केट में पटाखों के भंडारण को लेकर सूचना मिली थी। सूचना पर जांच कराई गई। पटाखा व्यापारियों की दुकान गोदाम पर छापा मारा तो बड़ी मात्रा में अंदर पटाखों का भंडारण पाया गया। दोपहर करीब 3:00 बजे शुरू हुई कार्रवाई रात्रि 7:30 बजे पूरी होने पर जप्त किए गए पटाखे टेंपो में भरकर पुलिस थाने लाएं गए। थाना अधिकारी जितेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि एसडीएम के नेतृत्व में शहर के वशिष्ठ मार्केट में दो अलग-अलग स्थानों पर प्रतिबंधित पटाखों का भंडारण पाए जाने पर पटाखों को जप्त किया गया है। दोनों जगह पर काम करते मिले एक-एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।



किशनगढ़ बास के वशिष्ठ मार्केट में पटाखे की दुकान पर कार्रवाई करते एसडीएम मनीष जाटव वह पुलिस प्रशासन की टीम।

- जिला कलेक्टर के निर्देशन में एसडीएम मनीष जाटव ने टीम बनाकर दिया कार्रवाई को अंजाम।
- 4 घंटे तक चली दो स्थानों पर अलग-अलग पटाखे जप्त करने की कार्रवाई। तहसीलदार थाना अधिकारी नगर पालिका अधिकारी टीम के साथ रहे मौजूद

किशोर कुमार सिंधी की दुकान से 892 किलो पटाखे बरामद किए गए और दुकान पर मिले युवक मनोज को गिरफ्तार किया। इसी प्रकार जितेंद्र जीतू सिंधी की दुकान से 32 किलो पटाखे बरामद किए गए और जितेंद्र उर्फ जीतू को गिरफ्तार किया है।

# एयरफोर्स जवान की जेब से बस स्टैंड पर उडाए 50 हजार

**पावटा।** एयर फोर्स जवान की जेब से पावटा जयपुर दिल्ली बस स्टैंड पर कुछ अज्ञात लोगों ने 50 हजार रुपए चोरी कर ले गया। एयरफोर्स के जवान ने इसकी शिकायत प्रागपुरा थाना पुलिस को लिखित में दी है। ग्राम कंकराना माँजूकोट के निवासी एयरफोर्स जवान संदीप यादव ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि पिता दयानंद यादव के घुटनों मे तकलीफ होने पर वह जयपुर अस्पताल उपचार कराने के लिए गांव से रवाना हुआ। उसने घर से 50 हजार रुपए भी ले लिए। जवान संदीप यादव सुबह करीब 9 बजे जयपुर जाने के लिए एक बोलेरो सवारी गाडी मे बैठने लगा तो उसके पीछे आये 3-4 लोगों ने उसकी जेब से 50 हजार रुपए उडा लिए। वही खडे लोगों ने जब इसकी जान कारी दी तो उनका पीछा भी किया लेकिन वो भागने मे सफल हो गए। आस-पास उनकी तलाश भी की। लेकिन उनका कही पता नहीं चला। इसके बाद आस पास दुकानों पर लगे सीसीटीवी फुटेज देखने पर 3-4 अज्ञात लोग जेब से पैसे निकालते दिखे। तब इस घटना की प्रागपुरा थाना पुलिस को लिखित में शिकायत दी है।



सीसीटीवी मे कैद घटना।

# निवाई की बेटी साक्षी व आशा शर्मा बनी जज

**निवाई-**निवाई की दो बेटियों का राजस्थान न्यायिक सेवा में चयन हुआ है। ज्ञानचन्द जैन चंवरिया व कांति देवी जैन की पौत्री व विरेन्द्रकुमार जैन एवं अर्चना देवी की पुत्री साक्षी जैन ने प्रथम प्रयास में ही राजस्थान न्यायिक सेवा में सफलता प्राप्त की है। साक्षी जैन का बचपन से ही सपना था कि वह जज बने।

इस सपने को उसने साकार कर दिखाया। साक्षी जैन ने दसवीं तक की पढाई इमानुअल मिशन स्कूल निवाई से की। इसके बाद उसने 11वीं व 12वीं वाणिज्य विषय से वनस्थली विद्यापीठ से पढाई कर बीबीए व एलएलबी की डिग्रीयां प्राप्त की। इसके बाद साक्षी ने एलएलएम अमीठी विश्व विद्यालय जयपुर से की। साक्षी ने राजस्थान न्यायिक सेवा में 107वीं रैंक प्राप्त की है। साक्षी ने बताया कि वह जयपुर में रहकर पढाई कर रही थी। उसी मकान में एक जज रहते थे।

उनकी प्रेरणा से उसने ठान लिया था की उसे भी जज बनना है। उसने बताया कि वह लगातार 2 साल से आरजेएस की तैयारी कर रही थी। साक्षी ने आरजेएस का परिणाम देखकर सफलता प्राप्त करने के बाद उसने अपने दादा ज्ञानचन्द चंवरिया एवं माता-पिता सहित परिवारजनों का चरण छू कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान परिवारजनों व जैन समाज के लोगों सहित पडौसियों ने घर पहुंचकर साक्षी का मुंह मीठा करवाया और सफलता के लिए बधाई दी। साक्षी का भाई रोहित जैन चार्टर्ड अकाउंटेंट है। साक्षी के जज बनने पर जैन समाज सहित निवाई क्षेत्र में खुशी की लहर दौड गई।

# दीपावली की रामा-श्यामा करने पहुंचे विधायक कुलदीप धनकड

**पावटा।** दिपावली के मौके पर विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड ने विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर लोगों से दिवाली की राम-श्यामा की। विधायक कुलदीप धनकड ने शनिवार को विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जवानपुरा बीलवाडी, नवरंगपुरा, मैड, विराटनगर शहर के मुय बाजारों, आंतेला, भाबरु, नाथावाला, साईवाड, छापुडा खुर्द, छापुडा कलां मे दीपावली के पावन पर्व पर रामा-श्यामा करने बाजार में निकले। इस दौरान उनका जगह-जगह व्यापारियों, व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने स्वागत किया। इसके साथ ही पैदल घूमकर दीपावली की रामा-श्यामा की व दिवाली की शुभकामनाएं दी।बुर्जुगों के पैर छूए तो युवाओं से हाथ मिलाकर व गले लगकर शुभकामनाएं दी। दीपावली की रामा-श्यामा कार्यक्रम की शुरूआत ग्राम जवानपुरा से की। इसके बाद वे बीलवाडी, नवरंगपुरा, मैड सहित विराटनगर शहर के मुय बाजारों तक गए। इस दौरान उनका व्यापारियों ने जगह-जगह पर माल साफा पहनकर भव्य स्वागत-समान किया। पद यात्रा के दौरान धनकड ने जहां बुजुर्ग महिलाओं और पुरुषों से आशीर्वाद लिया। वहीं बच्चों को आशीर्वाद के साथ उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं भी दीं।इस दौरान विधायक कुलदीप धनकड ने कहा कि विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के विकास को लेकर उन्होंने 1० साल का विजन बनाया है। वे चाहते हैं कि विराटनगर विधानसभा क्षेत्र महानगरों की तर्ज पर विकसित हो। इसे शिक्षा और मेडिकल का हब बनाया जाए। ताकि युवाओं को यहां रोजगार के अधिक से अधिक अवसर प्राप्त हों। उन्होंने कहा कि पर्यटन की दृष्टि से विराटनगर महत्वपूर्ण स्थान है।



विधायक का व्यापारियों, व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने स्वागत किया।

- दीपावली की रामा-श्यामा करने बाजार में पैदल निकले विधायक कुलदीप धनकड, जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत

## सार-समाचार

### केंद्रीय मंत्रियों का जताया आभार

**मनोहरपुर/शाहपुरा ।** जयपुर ग्रामीण सांसद वित्त मंत्रालय सलाहकार समिति सदस्य जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण व केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी की अध्यक्षता वाले वित्त मंत्रालय सलाहकार समिति सदस्य मनोनीत किया गया है। राव राजेंद्र सिंह को केंद्रीय वित्त मंत्रालय का सलाहकार सदस्य नियुक्त करने पर भाजपा पदाधिकारियो व कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह व केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार जताया है। भाजपा प्रवक्ता सुभाष जोशी ने बताया कि राव राजेंद्र सिंह वर्ष 2003 से 2018 तक राज्य विधानसभा के सदस्य रहने के दौरान विधानसभा उपाध्यक्ष सहित विधानसभा की विभिन्न कमेटियो मे सदस्य रहकर अपनी कार्यशैली की छाप छोड चुके हैं। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राव राजेंद्र सिंह के वित्त विभाग मे विशेषज्ञ के चलते केंद्रीय वित्त मंत्रालय में सलाहकार सदस्य मनोनीत किया है।



### माफिया द्वारा मिट्टी के बड़े-बड़े टीलों को लाखों रुपए में बेचा जा रहा है

**अचरोल ।** कस्बे में जैतपुर खींची रोड पर जेडीए की जमीन पर लगातार भू माफिया द्वारा कब्जा किया जा रहा है पहले तो भू माफिया वहां पर मिट्टी के बड़े बड़े टीलों को जेसीबी और ट्रैक्टर द्वारा लाखों रुपए में बेचते हैं और फिर समतल करके जेडीए की जमीन पर कब्जा करते हैं और कब्जा करके कुछ समय बाद जेडीए की जमीन को किसी दूसरे को फिर लाखों रुपए में बेचते हैं और आज गांव वालों की शिकायत पर जब रिपोर्टर मौके पहुंचा तो देखा कि एक भू माफिया मिट्टी के बड़े-बड़े टीलों को जेसीबी और ट्रैक्टर द्वारा दूसरे भू माफिया को बेच रहा था और दूसरा भू माफिया उस मिट्टी को लाखों रुपए में खरीद कर वहीं पास में सरकारी नाले को भरकर कब्जा करने का प्लान कर रहा है कब्जा करके उस पर प्लॉट बनाकर किसी दूसरे को बेचना, और फिर जेडीए की जमीन पर कब्जा करना, इस प्रकार का सारा खेल काफी दिनों से चल रहा है फिर भी प्रशासन आंख मूंद कर बैठा है और गांव वालों के द्वारा रिपोर्टर के पास एक और खबर आई कि वहां के भू माफिया और बड़े-बड़े दलाल नकली पट्टे बनाकर भी बेच रहे हैंएसडीएम आमेर बजरंग लाल स्वामी कहना है कि मुझे प्रकरण के बारे में पता नहीं, मैं जल्दी ही जांच करवाकर उचित कारवाई करवाऊंगा जेडीए पटवारी का कहना है कि मैंने अभी जॉइनिंग की है इसलिए मुझे उस जगह के बारे में नहीं पता, पता करके जल्द कारवाई करूंगा

### मन की बात कार्यक्रम को सुना

**मदनगंज-किशनगढ ।** भाजपा युवा नेता सूर्यप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में युवाओं ने प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम को सुना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मन की बात कार्यक्रम में महापुरुषों के बारे विजन के बारे जानकारी दी। इस दौरान जीतू जोशी, अभिषेक छिपा, मनीष शर्मा, शुभम मालाकार, मयंक शर्मा, निक्की शर्मा, रामजीलाल जाट, प्रदीप सोलंकी, बबलू,चंदू, दिनेश मोयल, गौरव दाधीच, दीपक शर्मा, गौतम अजमेरा, अशोक सैनी, सुरेश गोरा, बंटी सिंह, सत्यनारायण जांगिड़, मुकेश दाधीच इन्दौली, विश्राम गुर्जर सहित अन्य कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

### वाल्मीकि श्रीराम कथा 3 नवंबर से

**मदनगंज-किशनगढ** (निस)। अजमेर रोड स्थित अग्रसेन विहार में आगामी 3 नवंबर से 10 नवंबर तक श्रीमद् वाल्मीकि श्रीराम कथा का आयोजन होगा। अयोध्या निवासी स्वामी रामानंद दास अपनी दिव्य वाणी से कथा का वाचन करेंगे। इस संबंध में आयोजक कालिका परिवार के मुखिया ओमप्रकाश व मनोज कालिका ने प्रेस के समक्ष जानकारी दी की उनके परिवार के लिए सौभाग्य की बात है कि पहली बार अयोध्या से पधारे रामानंद महाराज के मार्गदर्शन में वाल्मीकि श्रीराम कथा का आयोजन हो रहा है। उन्होंने बताया की अठासेन विहार में प्रतिदिन दोपहर एक बजे से सायं पांच बजे तक आयोजित कथा का विधिवत शुभारंभ 3 नवंबर को प्रातः 8.15 बजे लक्ष्मीनारायण मंदिर से शुरू शोभायात्रा के साथ होगा। शोभायात्रा मुख्य मार्गो से होती हुई अठासेन विहार (अयोध्या धाम) व्यास पीठ पहुंचेगी। कथा में प्रतिदिन जानकी रमण मंडल सुहाव मध्यप्रदेश के तत्वावधान में संगीतमय हरे राम हरे कृष्ण संकीर्तन का भी आयोजन रखा है। पत्रकार वार्ता में घनश्याम अठावाल, ओमप्रकाश कालिका, निरंजन कालिका, मनोज कालिका, पवन कालिका, मीडिया प्रभारी अशोक गोयल, युवा समाजसेवी राकेश मोर, दिनेश बंसल व संदीप अठावाल आदि मौजूद रहे।

### बांसेली का भागचंद बना जज

**पुष्कर,** (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट ने राजस्थान ज्यूडिशियल सर्विस (आरजेएस) रिजल्ट घोषित कर दिया है, इसमें पुष्कर के निकट ग्राम बांसेली के भागचंद पवार ने 42वीं रैंकिंग हासिल की है। इसके बाद उसके परिवार में खुशी का माहौल है। भागचंद पवार की माता ग्रहणी है तथा उसके पिता दीनदयाल पवार की पुष्कर सब्जी मंडी में दुकान हैं। भागचंद पवार ने बताया कि वे 9 वर्षों से आरजेएस की तैयारी कर रहा हैं। उनका कहना है कि मेहनत करने वालों को एक दिन सफलता जरूर मिलती है। भागचंद पवार ने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षक और माता-पिता को दिया है।

### शिविर का आयोजन

**मसूदा** (निसं.)। पशु चिकित्सा उपकेंद्र शेरगढ़ एवं लॉइंस क्लब रॉयल विजयनगर के सयुंक्त तत्वाधान मे गौशाला में एक दिवसीय नि: शुल्क पशु चिकित्सा एवं बांझपन निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 170 बांझ पशुओं व बीमार पशुओं का उपचार, दवा वितरण एवं 100 पशुओं में टीकाकरण कर लाभान्वित किया गया। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. भूपेंद्र सिंह चौधरी एवं डॉ. दिनेश कुमार सुवांसिया ने विभाग के योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

# पटाखों के शोर में दीयों की रौनक हुई कम



**फुलेरा ।** सभी त्यौहारों का एक विशेष महत्व होता हैं, ऐसा ही एक त्यौहार हैं, दीपावली जिसकी कहानी प्राचीन काल से जुड़ी हुई हैं। यही कारण हैं कि इस पर्व का सामाजिक और धार्मिक दोनों दृष्टि से अत्यधिक महत्व हैं। साल भर लोगों को दीपावली पर्व का इंतजार रहता है। यह अलग बात है कि आधुनिकता के इस दौर में त्यौहार मनाने के तरीके बदल गए है। मिट्टी के दीयों की जगह चाइनीज लाइटों और पटाखों के शोर ने ले ली है। दिपावली का त्यौहार नजदीक आ गया है, बाजार रंग बिरंगी लाईटों से रोशन है। इस बीच कुम्हारों की मुस्कान कहीं खो सी गई है।

पहले जब दिवाली आती थी तो कुम्हारों और उनके बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठते थे। क्योंकि दीयों की बिक्री में अचानक तेज़ी से उछाल आ जाता था। इसका मुख्य कारण लोग अपने घरों को रोशन करने के लिए मिट्टी के दीये जो जलाते थे। बाजारों में मिट्टी के पारंपरिक दीये खरीदने वालों की जैसे बहार सी आ जाती थी। हर कोई मां लक्ष्मी का स्वागत घी और तेल के दीपक जलाकर करता था। लेकिन अब जमाना मॉर्डन हो गया है। बाजारों में तरह-तरह की इलेक्ट्रिक और चाइनीज लाइटें सस्ते दामों पर उपलब्ध है। जिन्हें हर कोई खरीदने को लपक पड़ता है। जबकि कुम्हार के दिपक की खरीददारी में काफी हद तक गिरावट आई है।

# सोशल मीडिया पर अपराधियों को फॉलो करने वाले 2 महिला व 8 अपराधी गिरफ्तार

**पावटा।** जिला कोटपुतली बहरोड पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत ने बताया कि महानिरीक्षक पुलिस जयपुर रेंज जयपुर द्वारा 27 अक्टूबर शनिवार को जिले में एरिया डोमिनेशन अभियान चलाया गया। अभियान के तहत हार्डकोर अपराधियों, सक्रिय हिस्ट्रीशीटर, फायर आर्म्स एक्ट में चालानशुदा अपराधी एवं उनके सह अभियुक्तो के विरुद्ध प्रवाही कार्रवाई की पालना मे अभियान को सफल बनाने के लिए प्रभावी कार्रवाई हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपूतली वैभव शर्मा के सुपरविजन व वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर शिप्रा राजावत के निर्देशन एवं प्रागपुरा थाना प्रभारी राजेश कुमार के नेतृत्व मे गठित चार पुलिस टीमों ने थाना प्रागपुरा क्षेत्र में निवासरत फायर आर्म्स में



अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही करते 2 महिला व 8 अपराधी गिरफ्तार

चालानशुदा अपराधियों सहित हिस्ट्रीशीटरो के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए अमन पुत्र स्व. नरेश सिंह उम्र 19 साल निवासी संतोषी माता का मंदिर के पास कारौली थाना प्रागपुरा, योगेंद्र सिंह पुत्र सुमेर सिंह

- एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत प्रागपुरा थाना पुलिस की प्रभावी कार्यवाही
- आर्म्स एक्ट मे देशी कट्टे सहित एक अभियुक्त गिरतार

उम्र 23 साल निवासी कारौली थाना प्रागपुरा, नवल किशोर पुत्र रुडमल उम्र 32 साल निवासी पाछुडाला उ थाना प्रागपुरा, राहुल पुत्र राजेंद्र उम्र 19 साल निवासी ढाणी रेला की कारौली थाना प्रागपुरा, माया कंवर पत्नी जसवंत सिंह निवासी नानूखोड थाना पटोदी जिला गुडगांव हरियाणा, दूसरी का नाम पता पूछा तो अपना नाम सुनीता पत्नी अशोक कुमार उम्र 33 साल निवासी हबीपुर थाना गंगापुरा सिटी जिला गंगापुर सिटी, रणवीर सिंह पुत्र भेरू सिंह उर्फ गोविंद सिंह उम्र 20 साल निवासी बुद्ध सिंह की ढाणी होद थाना खंडेला जिला सीकर हाल फतेहपुरा थाना प्रागपुरा, पुष्कर यादव पुत्र शंभू दयाल उम्र 24 साल निवासी कूनेड थाना प्रागपुरा जिला कोटपूतली बहरोड को गिरतार किया।

अभियान के दौरान अवैध फायर आर्म्स रखने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक देशी कट्टा जप्त किया जाकर अभियुक्त जितेंद्र उर्फ जीतू पुत्र करतार उम्र 22 साल निवासी जोगियों का मोहल्ला पावटा थाना प्रागपुरा जिला कोटपूतली बहरोड को गिरतार कर आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीबद्ध किया गया।

## संक्षिप्त

### प्रदेशाध्यक्ष ने किए श्याम दर्शन

**खाटूश्यामजी ।** कस्बे के प्रसिद्ध बाबा श्याम के दरबार में राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के प्रदेशाध्यक्ष रमेश चंद पुष्करणा ने रविवार को बाबा श्याम के दर्शन कर प्रदेश की ख़ुशहाली की कामना की। श्री श्याम मंदिर कमेटी के अध्यक्ष पृथ्वी सिंह चौहान ने श्याम दुपट्टा ओढ़ाकर एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत कर श्याम बाबा के इतिहास से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा की। विभिन्न धार्मिक विषयों पर विचार-विमर्श किया। इस अवसर पर संगठन के प्रदीप तिवाड़ी, मेघराज शर्मा,अजय शर्मा, हितांशु भारद्वाज,एड भानु प्रकाश सरोज सहित अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

### एक लाख रुपये का दिया आर्थिक सहयोग

**खाटूश्यामजी ।** दुबई स्थित संस्था के फाउंडर लविश चौधरी ने अपने जन्मदिन के अवसर पर जय श्री श्याम एकेडमी के चैयरमैन बबलू पुजारी (श्याम कुण्ड) के सानिध्य में पाठशाला के बच्चों के साथ केक काटा और उन्हें भोजन कराया। इस दौरान उन्होंने अनाथ, असहाय, भिक्षावृत्ति में लगे, घुमंतू, और बालश्रम से प्रभावित बच्चों की शिक्षा के लिए एक लाख रुपये का चेक पाठशाला के संयोजक पवन कुमार ओला को प्रदान कर आर्थिक सहायता दी।लविश चौधरी का कहना है कि इन बच्चों को शिक्षा से जोड़कर समाज की मुख्यधारा में लाना आवश्यक है। उन्होंने सभी श्याम प्रेमियों से आग्रह किया कि वे इन बच्चों को अपनाएं और उनके भविष्य के निर्माण में शिक्षा के माध्यम से सहयोग करें, जिससे ये बच्चे देश का भविष्य बन सकें।चैयरमैन बबलू पुजारी ने भी कहा कि वे इन बच्चों के लिए सदैव सहयोग करते रहेंगे, ताकि इन्हें शिक्षा से जोड़कर भिक्षावृत्ति और अन्य विपरीत स्थितियों से दूर किया जा सके।

### सांसद का जताया आभार

**मनोहरपुर ।** संतोष माधाणी को भारत सरकार के दूर संचार मंत्रालय जयपुर की सलाहकार समिती (टीएसी) में सदस्य मनोनीत किया है। भाजपा जिला मीडीया प्रभारी सुभाष जोशी ने बताया की यह नियुक्ति जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह की अनुशंसा पर की गई है। उल्लेखनीय है की संतोष माधाणी पूर्व में भाजपा जिला कोषाध्यक्ष सहित विभिन्न पदों पर कार्य कर चुके है। माधाणी के मनोनयन पर जयपुर ग्रामीण के भाजपा कार्यकर्ताओं ने सांसद सिंह का आभार व्यक्त किया है।

### दरगाह पर कर रहे है अतिक्रमण

**मनोहरपुर ।** वक्फ सम्पति बचाओ बिंग इकाई धरती पुत्र राजस्थान के संस्थापक एवं प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर शब्बीर खान ने बूंदी में हजरत बाबा दुर्वेश साहब रहम तुल्लाह अलैह की जियारत कि देश में अमन और चैन की दुआ मांगी हजरत दर्वेश साहब रहम तुल्लाह अलैह कि जयपुर के संवाद दाता पीर शब्बीर खान ने दरगाह व कब्रिस्तान का दोरा किया लोगो से जानकारी ली तो पता चला कि ये करीब 3 बीघा में बताया गया लेकिन यहाँ पर लोगों का अतिक्रमण होता जा रहा है लोगों का कहना है कि यहा हिन्दू और मुस्लिम एकता का प्रतीक है हर वर्ष यहा पर उर्स मुबारक मनाया जाता हैं लोग अपनी मुराद लेकर आते है और बाबा मुराद पूरी करते है इस कब्रिस्तान और दरगाह की जमीन को वक्फ बोर्ड अनदेखी कर रहा है व लोगों का मानना है कि अगर यूँ ही अतिक्रमण होता रहा तो कभी भी माहौल खराब हो सकता है

### ग्रामीण के कान से तोड ले भागे सोने की मुर्कियां

**मालपुरा।** लाम्बाहरिसिंह थानान्तर्गत रूपाहेली गांव मे शनिवार की रात को बाडे मे सो रहे ग्रामीण जयनारायण पुत्र रामकरण गुर्जर के कानो से दो सोने की मुर्कियां अज्ञात शातिर चोर तोड ले भागे। अचानक कानो से मुर्कियां तोडने से लहुलुहान हुये ग्रामीण ने परिजनो व थाना पुलिस को दी सुचना।

### नकली मिल्क केक पकडा

**टोंक।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाये जा रहे ''शुद्ध आहार मिलावट पर वार'' अभियान के तहत निवाई क्षेत्र के झिलाई रोड स्थित जय भवानी जोधपुर मिष्ठान भण्डार पर 200 किलोग्राम नकली मिल्क केक जप्त किया।

## जनसुनवाई की

**दूदू ।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों की अनुपालना एवं आमजन की परिवेदनाओं एवं समस्याओं की सुनवाई कर त्वरित समाधान के लिए शनिवार को जिला कलक्टर डॉ जितेंद्र कुमार सोनी ने दूदू तहसील की ग्राम पंचायत नानण में जनसुनवाई की। ग्राम पंचायत नानण में आयोजित जनसुनवाई में जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने ग्रामीणों के परिवाद सुनकर प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने मौके पर ही पेंशन के प्रकरण निस्तारण करने व सड़क पर गड्ढे की मरम्मत कराने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में प्रमुख रूप से अतिक्रमण हटवाने, नरैना रोड़ को सही कराने,पेंशन शुरू करवाने, सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलवाने,पेयजल की सप्लाई सुचारू कराने,मनरेगा में कार्य शुरू कराने सहित विभिन्न विषयों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई। जनसुनवाई में प्राप्त प्रकरणों का जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आमजन के प्रति जवाबदेही के साथ समस्याओं का निस्तारण करते हुए राहत देने के निर्देश दिए।

# शुद्ध आहार मिलावट पर वार, स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई

**निवाई-**आयुक्त खाद्य सुरक्षा व औषधि नियंत्रण इकबाल खॉन के निर्देशानुसार आमजन को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाने हेतु विशेष अभियान शुद्ध आहार मिलावट पर वार के तहत निवाई उपखण्ड क्षेत्र में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने कार्यवाही की।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोककुमार यादव ने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने झिलाय में संचालित फर्मो का औचक निरीक्षण कर जय भवानी जोधपुर मिष्ठान भण्डार से मिल्क केक व मावा का नमूना लेकर लगभग 200 किलो मिल्क केक बदबुदार व स्पॉट टेस्ट में मिलावटी पाए जाने पर मौके पर ही नष्ट कराया। इसी प्रकार साहु मिष्ठान भण्डार से मावा, बिसम्भर मिष्ठान भण्डार से मावा बर्फ़ी, जय गुरूदेव मिष्ठान भण्डार से मावा बर्फ़ी का नमूना लिया गया। उन्होंने



मिष्ठान भण्डार से मावा का नमूना लेते हुए खाद्य सुरक्षा अधिकारी सत्यनारायण गुर्जर।

बताया कि निवाई शहर से महारानी बिकानेर मिष्ठान भण्डार से मिश्री मावा व श्याम मिष्ठान भण्डार से मावा का नमूना लिया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी सत्यनारायण गुर्जर ने बताया कि मिलवाटी खाद्य तेल, मिलावटी घी, मिलावटी दूध एवं दूध से निर्मित खाद्य पदार्थ मावा व पनीर इत्यादि मिलावटी

- झिलाय में 200 किलो मिलावटी मिल्क केक को करवाया नष्ट
- मिलावट होने पर मिलावट खोरों पर होगी कार्यवाही

मसाले, अन्य मिलावटी खाद्य सामग्री, पेय पदार्थ, आटा, बेसन इत्यादि तथा खुले में खाद्य पदार्थों की बिक्री पर रोकथाम विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। मिलावट पाये जाने पर नियमानुसार मिलावट खोरों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी। उक्त कार्यवाही में खाद्य सुरक्षा अधिकारी सत्यनारायण गुर्जर, सुरेश शर्मा, अविनाश साहू, राजेन्द्र सैनी व रामेश्वर प्रसाद मौजूद थे।

# राजनीति में आगे बढ़ने के लिये सिर कटाने की नही सिर गिनाने की है जरूरत : राजेन्द्र राठौड

**मालपुरा, (निस)।** राजपूत समाज मालपुरा इकाई की और से अजमेर रोड राजपूत छात्रावास मे रविवार को आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह मे समाज के मंच से समाज की 151 प्रतिभाओं का किया गया सम्मान। सम्मान समारोह मे मुख्य अतिथि के रूप मे पहुंचे व मौजूद पूर्व विधानसभा नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड व राजस्थान राजपूत महासभा अध्यक्ष रामसिंह चन्दलाई ने दीप प्रज्जवल्लित कर समारोह का शुभारम्भ किया।

समारोह मे मौजूद बडी संख्या मे राजपूत सरदार बन्ना बाईसा व

- राजपूत समाज की 151 प्रतिभाओं का किया सम्मान, बालिका शिक्षा व सामाजिक एकजुटता पर दिया जोर

मातृशक्ति की गरिमामय उपस्थिति मे राठौड ने मंच पर समाज की 151 प्रतिभाओं को सम्मान से नवाजते हुये कहा कि शिक्षा वो चाबी है सभी तालो को आसानी से खोल देती है। बालिका शिक्षा को बढावा देना होगा। एक बेटी पढेगी तो दो परिवारो को संभालेगी। मंच के माध्यम से अपने औजस्वी उदबोधन मे राठौड ने कहा कि राजनीति मे आगे बढने के लिये सिर कटाने की नही सिर



मालपुरा मे आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह मे राजेन्द्र राठौड ने राजपूत समाज की 151 प्रतिभाओं का किया सम्मान।

गिनाने की जरूरत है। राजपूत समाज मे आज भी जागरूकता का अभाव है। ग्राम पंचायत का चुनाव हो या लोकसभा, विधानसभा सहित अन्य चुनाव हो सभी मे समाज का मतदान प्रतिशत कम होने का खामियाजा समाज को भुगतना पडता है। तकरीबन 15 मिनट के अपने उदबोधन मे राठौड ने मौजूद राजपूत सरदारो को एकजुट व जागरूकता का संदेश देते हुये कहा कि छोडो कल की बाते कल की बात पुरानी नये दौर मे लिखेगें मिलकर एक नई कहानी राठौड की यह चार लाईने राजपूत सरदारो को अनेक संदेश दे गई। इससे पूर्व अविकानगर के पास फार्म हाऊस पर मालपुरा बार एसोसिएशन अध्यक्ष रवि कुमार जैन के नेतृत्व मे रघुवीर सिंह आखतडी,डॉ. अंकित जैन, कृष्णगोपाल गुर्जर,रामचन्द्र नामा, नारायण सिंह आमली, कैलाश शर्मा सहित बडी संख्या मे मौजूद भाजपाईयो ने राठौड का गर्मजोशी से स्वागत अभिनन्दन किया। मिडिया से रूबरू होते हुये राठौड ने कहा कि राजस्थान मे हो रहै विधानसभा उपचुनाव मे सभी सातो सीटो पर भाजपा की ऐतिहासिक जीत होगी। प्रदेश की भजनलाल सरकार के दस माह के शासन काल की उपलब्धियों के दम पर जनता भाजपा के पक्ष मे करेगी मतदान। राजपूत समाज के प्रतिभा सम्मान समारोह मे राजपूत महासभा टोंक जिला अध्यक्ष मदन सिंह, मालपुरा तहसील अध्यक्ष धनसिंह राजावत, महामंत्री भंवर सिंह खंगारोत,युवा राजपूत महासभा अध्यक्ष शिवराज सिंह, अमर सिंह सहित बडी संख्या मे मौजूद समाज के गणमान्य लोगो ने बालिका शिक्षा को बढावा देने तथा एकजुटता का संकल्प दोहराया। समारोह मे राजपूत क्षत्राणी संगठन,जिला अध्यक्ष नीलम कंवर,जिला प्रवक्ता मंजीत नाथावत सहित क्षत्राणियो ने राठौड व अतिथियो का किया अभिनन्दन।

## बाजारों की आकर्षक साज-सज्जा और रोशनी का शुभारंभ आज

**अलवर।** जिला प्रशासन, जिला पुलिस प्रशासन, नगर निगम, संयुक्त व्यापारी महासंघ (रजि.), चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित शहर के बाजारों और चौराहों पर दीपावली की आकर्षक रोशनी का शुभारंभ जिला कलक्टर अर्तिका शुक्ला, जिला पुलिस अधीक्षक संजीव नैन, न्यास सचिव स्नेहल नाना ढाईगुड़े, नगर निगम आयुक्त जितेंद्र नरुका, विद्युत निगम के अधीक्षण अभियंता सुधीर पांडे तथा सार्वजनिक निर्माण विभाग की अधिशाषी अभियंता अलका व्यास के कर कमलों से सोमवार 28 अक्टूबर की शाम साढ़े 5 बजे होपसर्कस पर आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर राजकुमार गोयल, दयानंद गुप्ता, सुरेश गुप्ता, राकेश शर्मा, रामलाल सैनी, रमेश नरवानी, अश्वनी गुप्ता और शशांक झालानी मौजूद रहेंगे।

संयुक्त व्यापारी महासंघ (रजि.) के अध्यक्ष हरमीत सिंह मेहंदीरत्ता तथा संयोजक राजकुमार गोयल ने बताया कि इस बार शहर को अलग थीम पर सजाया गया है। शहर के व्यापारियों, 46 व्यापारिक संगठनों, अलवर चैंबर ऑफ कॉमर्स इंडस्ट्रीज के पदाधिकारियों द्वारा विगत एक माह से जिला प्रशासन, जिला पुलिस प्रशासन तथा अन्य विभागों के सहयोग से दीपावली की विशेष साज-सज्जा, चौराहों का सौंदर्यीकरण, रोशनी, सेल्फी पाइंट तथा विशेष भवनों की साज-सज्जा संबंधित तैयारियां पूरी कर ली गई है।

# शाहपुरा में अनिल सैनी की मारपीट के बाद हुई मौत का मामला गर्माया

**शाहपुरा ।** शाहपुरा में बदमाशों ने अनिल सैनी को नशीला पदार्थ पिलाकर उससे दो बार अलग- अलग दिन मारपीट की जिससे शनिवार को उसकी जयपुर में एसएमएस अस्पताल में उपचार के बाद मौत हो गई। अनिल सैनी की मारपीट के बाद हुई मौत का मामला रविवार को शाहपुरा में गर्मा गया। लोगों ने अनिल सैनी के हत्यारों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने व पीड़ित परिवार को सरकार से मुआवजा दिलाने और पीड़ित परिवार के एक सदस्य को संविदा पर नोकरी देने की मांग को लेकर शाहपुरा में धरना प्रदर्शन किया।

बाद में लोगों और प्रशासन के बीच छः सूत्री मांगो पर बनी सहमति बनी। सहमति के बाद अनिल सैनी की पार्थिव शरीर का शाहपुरा स्थित सैनी मोक्ष धाम में अन्तिम संस्कार किया गया। धरना



हत्यारों को सजा दिलाने व पीड़ित परिवार को सरकार से मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर शाहपुरा में धरना प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन के दौरान लोगों ने अनिल सैनी के परिवार के लिए सरकार की तरफ से आर्थिक सहयोग, सुरक्षा, अपराधियों को कठोर से कठोर सजा, लापरवाह पुलिस कर्मियों को बर्खास्त, नशे के कारोबार पर कार्यवाही समेत प्रमुख छः मांगे रखी थी जिस पर प्रशासन ने लगभग सभी मांगो पर बनी सहमति दी। लोग लापरवाह पुलिस कर्मी के खिलाफ तत्काल कार्यवाही को लेकर अड़े हुए

- हत्यारों को कड़ी से कड़ी सजा व पीड़ित परिवार को सरकार से मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर लोगों धरना प्रदर्शन किया

थे। धरना प्रदर्शन स्थल पर भाजपा नेता उपेन यादव व विधायक मनीष यादव भी पहुंचे। उन्होंने तत्काल दोषी पुलिस कर्मी के खिलाफ सख्त कार्यवाही करवाने के आश्वाशन के बाद धरना कर रहे लोग शान्त हुए। भाजपा नेता उपेन यादव ने दोषी पर कार्रवाई करवाने की ज़िम्मेदारी ली। वहींपीड़ित परिवार को पांच लाख रु की आर्थिक सहायता, मुख्यमंत्री राहत कोष व अन्य मद से सहायता दिलवाने की कार्यवाही की जायेगी। उपखंड कार्यालय द्वारा पीड़ित परिवार के एक सदस्य को संविदा पर नियुक्ति के लिए भी विभाग को पत्र लिखा जायेगा। पीड़ित परिवार की सुरक्षा के लिए एक पुलिस कर्मी की पीड़ित परिवार के घर पर ड्यूटी लगाई जाएगी। इसके अलावा नशे के कारोबार पर कार्यवाही करने के लिए पुलिस की एक विशेष टीम गठित की जायेगी। इस मौके पर उपखण्ड अधिकारी संजीव खेदड़, डीएसपी अशोक चौधरी, भाजपा विधायक प्रत्याशी उपेन यादव, विधायक मनीष यादव,पूर्व चेयरमेंन बद्री प्रसाद सैनी, गुड्डु सैनी, नाथूलाल सैनी समेत सर्वसमाज के सैकड़ों लोग धरने में मौजूद रहे ।

## सार-समाचार

### अवैध हथियार के साथ एक गिरफ्तार



**टोंक।** जिला पुलिस अधीक्षक विकास सागवान के निर्देशो पर जिलेभर में चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत लाम्बाहरिसिंह थाना क्षेत्र में थाना पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए अवैध हथियार रखने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। लाम्बाहरिसिंह थानाधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि चलाये जा रहे अभियान के तहत अवैध हथियार रखने के आरोप में कार्यवाही के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना टीम ने गांव काटोली के जंगल से आरोपी रामदयाल उम्र 60 वर्ष निवासी भोपालावजी की ढाणी को एक टोपीदार अवैध बन्दूक रखे जाने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज कर अनुसधांन जारी है।

### 'धर्मशास्त्रों के अनुसार मनाते है प्रत्येक त्योहार व धार्मिक पर्व'

**निवाई।** धर्मशास्त्र एवं धार्मिक मान्यताओं के अनुसार कार्तिक कृष्णा अमावस्या के दिन दीपावली मनाई जाती है तथा उस दिन प्रदोष काल से अर्थात् सायंकाल से सिंह लग्न तक लक्ष्मी पूजन किया जाता है। वर्ष 2024 में अमावस्या 31 अक्टूबर व 1 नवंबर दोनों दिन आने के कारण सन्देह वाली स्थिति बन गई है जो कि दोनों दिनों में से किस दिन लक्ष्मी पूजन करें। इस सन्देह का निवारण भी धर्मशास्त्र करते हैं। श्री ज्योतिर्दिग्दर्शन शोध संस्थान निवाई के ज्योतिर्विद् डॉ. बद्रीनारायण शास्त्री ने शास्त्रोक्त तथ्य पेश करते हुए बताया कि प्रत्येक त्योहार व धार्मिक पर्व मनाने की निश्चितता या निर्णय देने में निर्णय सिंधु एवं धर्म सिंधु यह दोनों धर्मशास्त्र विशेष रूप से मान्य हैं। निर्णयसिंधु में स्पष्ट लिखा है प्रदोषसमये लक्ष्मीं पूजयित्वा ततः क्रमात और आगे लिखा है दीपान् दत्वा प्रदोषे तु लक्ष्मी पूज्य यथाविधि और व्रत पर्व विवेक के अनुसार-इयं प्रदोषव्यापिनी ग्राह्या इत्यादि वचनों के अनुसार जिस दिन प्रदोष काल में अमावस्या हो उस दिन लक्ष्मी पूजन एवं दीपावली माननी चाहिए। परंतु इस वर्ष 31 अक्टूबर को अमावस्या दोपहर 3:52 से प्रारंभ होकर अगले दिन 1 नवंबर को सायंकाल 6:17 बजे तक है अर्थात् दोनों दिन प्रदोष के समय सायंकाल में अमावस्या है। अब यह निर्णय देना है कि जब दोनों दिन प्रदोष के समय अमावस्या है तो कब लक्ष्मी पूजन करना चाहिए। इसका निर्णय भी निर्णय सिंधु में उद्धृत है -दण्डैकरजनीयोगे दर्शः स्यात्तु परे अहनि। तथा विहाय पूर्वेद्युः परे अह्नि सुखरात्रिका अर्थात् यदि अगले दिन प्रदोष के समय एक घटी अर्थात् 24 मिनट भी अमावस्या हो तो पूर्व दिन को छोडक़र अगले दिन ही दीपावली मनानी चाहिए एवं लक्ष्मी पूजन करना चाहिए। धर्म सिंधु में भी इसका निर्णय दिया गया है-अस्तोत्तरं घटिकाधिकरात्रिव्यापिनि दर्शे सति न संदेहः अर्थात् सूर्यास्त के बाद एक घटी से अर्थात् 24 मिनट से ज्यादा अमावस्या हो तो उस दिन लक्ष्मी पूजन करना चाहिए जो 1 नवंबर को सूर्यास्त के बाद अर्थात् 5:40 के बाद 37 मिनट तक अमावस्या है।

### डॉ. राजकुमार गुप्ता बने संयोजक

**मालपुरा ।** हिन्दु समरसत्ता मंच मालपुरा के महेश सेवा सदन मे हुई महत्वपूर्ण बैठक मे डॉ. राजकुमार गुप्ता को सर्वसम्मति से दीपावली महोत्सव आयोजन समिति संयोजक मनोनीत किया गया। बैठक मे मौजूद समाज के गणमान्य लोगो की उपस्थिति मे समिति का विस्तार करते हुये अरविन्द टेलर,पवन जैन संगम,रामजीलाल बैरवा,प्रहलाद शर्मा व लेखराज सोनी को तीन दिवसीय दीपावली महोत्सव समिति का सहसंयोजक मनोनीत किया। राजकुमार गुप्ता ने बताया कि 30 व 31 अक्टुम्बर को मालपुरा शहर मे प्रमुख चौराहो पर अलगोजा वादन,सुन्दर काण्ड,भजन संध्या का आयोजन होगा। एक नवम्बर को शहर के सभी व्यापारी एवं सामाजिक संस्थाऐं क्लब व मंडल के साथ-साथ महिला संगठनो द्वारा 21 हजार दीपको से दीपोत्सव मनाया जायेगा। तीन दिन तक विभिन्न प्रभात फेरी मंडलो द्वारा शहर मे निकाली जायेग प्रभात फेरी।

### क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन आज

**टोंक।** ग्राम पंचायत पालड़ा क्षेत्र के अहमदपुरा उर्फ नया गांव में आज से बालाजी क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू होगी। आयोजन समिति ने बताया कि दीपावली के उपलक्ष में स्थानीय बालाजी स्टेडियम में तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है, जिसमें पंचायत क्षेत्र के खिलाड़ी अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता का उद्घाटन सोमवार को प्रातः 9.00 बजे होगा। प्रतियोगिता की विजेता टीम को 11000 रुपए एवं उप विजेता को 5100 रुपए की राशि तथा ट्रॉफी दी जाएगी।

### ओमप्रकाश ने जीता ब्रॉन्ज मेडल

**मानपुरा माचेडी ।** मानपुरा माचेड़ी कस्बे के ओमप्रकाश यादव पुत्र महेंद्र कुमार यादव ने गोवा में 19 से 22 अक्टूबर को आयोजित हुई पर पैरा स्विमिंग की नेशनल चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया है। ओमप्रकाश ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 100 मीटर बैंक स्ट्रोक में यह सफलता हासिल की। इससे पहले ओम प्रकाश ने जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित स्टेट पैरा स्विमिंग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल हासिल किया था। रविवार को ओमप्रकाश यादव को अपने गांव पहुंचने पर ग्रामवासियों द्वारा मानपुरा माचेडी के तेजाजी मंदिर में सभा का आयोजन कर साफा व माला पहनाकर स्वागत किया । ओमप्रकाश को ग्राम पंचायत प्रतिनिधि सुरेंद्र मौर्य, कैप्टन हीरा लाल यादव, पप्पू दुगेड़िया, पंकज बालुका,महेंद्र बिछवालिया ब्रेजेश यादव, सुरेश गोलिया , राकेश यादव व उपस्थित ग्रामवासियों व परिजनों ने बधाई दी।

### बैठक में निर्माण कार्य को लेकर चर्चा

**निवाई-**भगवान श्री विश्वकर्मा मंदिर में अखिल भारतीय जांगिड़ समाज तहसील सभा एवं विकास समिति की संयुक्त बैठक नारायणलाल जांगिड़ भूरटिया एवं रामेश्वरप्रसाद जांगिड़ की अध्यक्षता में आयोजित हुई। प्रवक्ता मनीष जांगिड बहकवा ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से देवउठनी एकादशी के बाद छात्रावास निर्माण को पुनः प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया एवं ठेकेदार पुरुषोत्तम कुमावत को निर्माण संबंधी कार्य का भुगतान किया। उन्होंने बताया कि आगामी बैठक में दुकानों को किराए पर देने को लेकर विचार किया जाएगा जिसमें इच्छुक किराएदार 1 लाख रूपए अमानत राशि एवं लिखित प्रार्थना पत्र समिति के सम्मुख प्रस्तुत कर भाग ले सकते है। किराया बोली लगाकर तय किया जाएगा। दकानों को किराया पर देने में समाज के लोगों को प्राथमिकता दी जाएगी। इस अवसर पर उपाध्यक्ष दिनेश जांगिड, हनुमान जांगिड, सुरेश जांगिड, रामविलास जांगिड, राकेश जांगिड, मुकेश जांगिड व पुरुषोत्तम जांगिड सहित कई लोग मौजूद थे।

### राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन

**निवाई ।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चतुर्भुजपुरा की दो होनहार छात्राओं ने 68वीं जिला स्तरीय एथलेटिक्स में परचम लहराया है। 68वीं जिला स्तरीय एथलेटिक्स में तस्तरी फेक 19 वर्ष आयु वर्ग प्रतियोगिता में निशा चौधरी पुत्री रामलाल चौधरी व नीतू चौधरी पुत्री हनुमान चौधरी ने बेहतरीन प्रदर्शन किया जिस पर दोनों छात्राओं का राज्य स्तर पर चयन हुआ है। इसके अलावा स्थानीय विद्यालय के छात्र अजयसिंह नाथावत पुत्र छीतर सिंह नाथावत ने राज्य स्तरीय तीरंदाजी आयु वर्ग 17 वर्ष में अपना बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 40 मी डिस्टेंस में तीसरा स्थान प्राप्त कर अपने गांव व जिले का नाम रोशन किया है।



हम इस बात से आहत थे कि हम अपना काम शुरू करने से पहले छह मैच हार गए। दुर्भाग्य से हम ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला की सकारात्मक बातों को बांग्लादेश श्रृंखला और इंग्लैंड के खिलाफ पहले मैच में आगे नहीं बढ़ा सके। -शान मसूद

पाकिस्तान के टेस्ट कप्तान, इंग्लैंड पर जीत के बाद खुशी जताते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** — इरफान पठान



**भारतीय** टीम के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान अपना 40वां जन्मदिन मना रहे हैं। वह एक सामान्य मध्यम परिवार से ताल्लुक रखते थे। तमाम वित्तीय असफलताओं के बाद भी इरफान पठान की प्रतिभा निखरकर सामने आई। उन्होंने खुद को सबसे महत्वपूर्ण स्विंगर्स में से एक के रूप में स्थापित किया। इरफान पठान गेंदबाजी के अलावा शानदार बल्लेबाजी भी करते हैं। महज 19 साल की उम्र यानी की साल 2003-04 में इरफान ने ऑस्ट्रेलिया दौरे से टेस्ट डेब्यू किया था। उन्होंने पहले चार विकेटों में स्टीव वॉ, मैथ्यू हेडन, एडम गिलक्रिस्ट और रिकी पोंटिंग जैसे दिग्गजों को पवेलियन भेज दिया।

**क्या आप जानते हैं ?...** टेस्ट क्रिकेट इतिहास का पहला टेस्ट इंग्लैंड व ऑस्ट्रेलिया के मध्य 1877 में मेलबोर्न में खेला गया था। इसे ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता।

## न्यूज़ीलैंड से 2 टेस्ट हार चुकी टीम इंडिया पर सख्ती

### रोहित-कोहली समेत टीम दीवाली पर भी ट्रेनिंग करेगी, तीसरा टेस्ट भारत के लिए अहम



नई दिल्ली, 27 अक्टूबर। न्यूजीलैंड के खिलाफ 2 टेस्ट हार चुकी टीम इंडिया को दिवाली पर भी ट्रेनिंग करनी पड़ेगी। 3 टेस्ट मैचों की सीरीज में भारतीय टीम 2-0 से पीछे चल रही है। तीसरा टेस्ट मुंबई में होना है और यह वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के लिए अहम है।

टीम मैनेजमेंट ने कहा है कि सभी प्लेयर्स एक नवंबर से शुरू होने जा रहे मुंबई टेस्ट की तैयारियां करेंगे। भारतीय टीम मैनेजमेंट ने ऑप्शनल ट्रेनिंग सेशन नहीं रखने का फैसला लिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक तीसरे टेस्ट से पहले टीम इंडिया मुंबई में 30 और 31 अक्टूबर को अभ्यास करेगी।

ये सेशन सभी खिलाड़ियों को अटेंड करना होगा। रोहित, कोहली और बुमराह जैसे सीनियर प्लेयर्स को भी दिवाली में आराम नहीं मिलेगा। मुंबई टेस्ट वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के लिहाज से भारतीय टीम के लिए अहम है। लगातार 2 मैच हारने के बाद इंडिया को अब अगले 6 टेस्ट में से 4 जीतने ही होंगे। 5 मैच ऑस्ट्रेलिया में हैं। ऐसे में टीम इंडिया को आखिरी मैच जीतना ही होगा। न्यूजीलैंड की टीम भारत के खिलाफ क्लीन स्वीप करने में कामयाब हो जाती है तो फाइनल में पहुंचना मुश्किल होगा। भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ 3 मैचों की सीरीज में 0-2 से पिछड़ रही है।

टीम को कीवियों ने शुरुआती 2 टेस्ट मैच में हराया है। इससे पहले टीम इंडिया ने बांग्लादेश के खिलाफ 2 टेस्ट की सीरीज में क्लीन स्वीप किया था। भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज हार गई है। टीम इंडिया को पुणे में खेल गए दूसरे टेस्ट में कीवियों ने 113 रन से हराया। इस जीत से कीवियों ने 3 मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। आखिरी मुकाबला एक नवंबर से मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा।

## न्यूज़ीलैंड महिला टीम ने भारत को 76 रनों से हराया



अहमदाबाद, 27 अक्टूबर। कप्तान सोफी डिवाइन (79 रन) और (तीन विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन के दम पर न्यूजीलैंड की महिला टीम ने रविवार को दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में भारत को 76 रनों से हरा दिया है। इसी के साथ न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला में 1-1 से बराबरी कर ली है। सोफी डिवाइन को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया।

न्यूजीलैंड के 259 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 27 ओवर में 108 के स्कोर पर अपने आठ विकेट गवां कर बड़ी हार की ओर बढ़ रही थी। स्मृति मंधाना (शून्य), शेफाली वर्मा (11), यास्तिका भाटिया (12), जेमिमाह रॉड्रिग्स (17), कप्तान हरमनप्रीत कौर (24), तेजल हसबनिस

(15), दीप्ति शर्मा (15) और अरुंधति रेड्डी (दो)रन बनाकर आउट हुई। ऐसे संकट के समय में राधा यादव और साइमा ठाकोर ने नौवे रिकार्ड 70 रन की साझेदारी कर न्यूजीलैंड को बड़ी जीत से रोक दिया। यह महिला एकदिवसीय क्रिकेट में नौवें विकेट के लिए भारत के तरफ सबसे बड़ी साझेदारी है। इन दोनों ने झूलन गोस्वामी और अल खादीर के 43 रनों की साझेदारी का रिकॉर्ड तोड़ा। राधा यादव ने 64 गेंदों में पांच चौके लगाते हुए (48) रनों की पारी खेली। वहीं साइमा ठाकोर ने 54 गेंदों में तीन चौकों की मदद से 29 रन बनाये। 44वें ओवर में जस केर ने साइमा ठाकोर को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद 48वें ओवर में राधा यादव के आउट होने के साथ 183 के स्कोर पर भारतीय पारी का अंत हो गया। न्यूजीलैंड की ओर से सोफी डिवाइन और लिया तहुहू ने तीन-तीन विकेट लिये। जेस केर और ईडन कार्सन ने दो-दो बल्लेबाजों को आउट किया।

## रन फॉर यूनिटी 29 को होगी : पीएम मोदी



नई दिल्ली, 27 अक्टूबर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि सरदार पटेल की जयंती 31 अक्टूबर को होने वाली 'रन फॉर यूनिटी' दौड़ इस वर्ष 29 अक्टूबर को होगी। मोदी ने रेडियो पर अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' की 115वीं कड़ी में राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा कि इस वर्ष 31 अक्टूबर को दिवाली का पर्व होगा, इसलिए इस दिन होने वाली 'रन फॉर यूनिटी' दौड़ का आयोजन 29 अक्टूबर को किया जायेगा। मोदी ने कहा, इस बार 31 अक्टूबर को सरदार पटेल जी की जयंती के दिन ही दीपावली का पर्व भी है। हम हर साल 31 अक्टूबर को 'राष्ट्रीय एकता दिवस' पर 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन करते हैं। दीपावली की वजह से इस बार 29 अक्टूबर यानि मंगलवार को इसका आयोजन किया जाएगा।

## श्रीलंका में लगातार 10 वनडे हारने के बाद जीता वेस्टइंडीज

### एविन लुईस का शतक, शेरफेन रदरफोर्ड की फिफ्टी, पिछली जीत 1993 में मिली थी



श्रीलंका, 27 अक्टूबर। वेस्टइंडीज ने श्रीलंका दौरे पर बारिश से प्रभावित आखिरी वनडे मैच को आठ विकेट से जीत लिया है। यह श्रीलंका में उनकी लगातार 10 हार के बाद पहली वनडे जीत थी। 2021 के बाद से अपना पहला वनडे खेल रहे एविन लुईस ने 61 गेंदों पर नाबाद 102 रनों की पारी खेली। कैरिबियाई टीम को मेथड के तहत 196 रन का टारगेट मिला था। तीन वनडे मैचों की सीरीज का आखिरी मुकाबला कैंडी स्थित पल्लेकेले अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में खेला गया। शनिवार को बारिश की वजह से यह मैच 23-23 ओवर का खेला गया।

वेस्टइंडीज ने टॉस जीत कर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 3 विकेट के नुकसान पर 156 रन बनाए। पहले बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंकाई टीम के 17.2 ओवर ही हुए थे। तभी बारिश आ गई। जब दोबारा खेल शुरू हुआ तो मैच 23-23 ओवर कराने का फैसला किया गया। ऐसे में श्रीलंका को 5.4 ओवर ही खेलने को मिले। श्रीलंका ने अंतिम 5.4 ओवरों में 75 रन बनाए और 3 विकेट पर 156 रनों का स्कोर खड़ा किया।

इस दौरान टीम के लिए पथुम निसांका और कुसल मेंडिस दोनों ने 56 रन बनाए। मेंडिस ने 9 चौके और 1 छक्के की मदद से 254.55 के स्ट्राइक रेट से रन स्कोर किए, जबकि निसांका ने 90 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। मेंडिस ने 19 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। वहीं वेस्टइंडीज के लिए शेरफेन रदरफोर्ड और रोस्टन चेज ने 1-1 विकेट चटकाया।

## आकांक्षा सालुंखे ने पीएसए चैलेंजर स्क्वैश का जीता खिताब



कूजिक्स (फ्रांस), 27 अक्टूबर। भारत की आकांक्षा सालुंके ने मलेशिया की यशमिता जदीश कुमार को 3-0 से हराकर महिला एकल का पीएसए चैलेंजर वर्ल्ड टूर स्क्वैश का खिताब जीता। शनिवार को खेले गये मुकाबले में आकांक्षा सालुंके ने फाइनल में मलेशिया की यशमिता जदीश कुमार को (11-7, 11-7, 11-6) से हराकर वर्ष का अपना पहला पीएसए वर्ल्ड टूर स्क्वैश खिताब अपने नाम किया। इससे पहले आकांक्षा सालुंखे ने दूसरे राउंड में स्थानीय खिलाड़ी लॉरेन बाल्टायन को 3-0 (11-9, 11-4, 14-12) से हराया। उसके बाद भारतीय खिलाड़ी ने क्वार्टरफाइनल में ब्रिटेन की कीरा मार्शल के खिलाफ एक मुश्किल मुकाबले में जीत दर्ज की।

## स्विस इंडोर्स : बेन शेल्टन ने आर्थर फिल्स को हराकर फाइनल में बनाई जगह



बासेल (स्विटजरलैंड), 27 अक्टूबर। अमेरिका के टेनिस खिलाड़ी बेन शेल्टन ने पुरुष एकल में शानदार खेल का मुजाहिरा करते हुए फ्रांस के आर्थर फिल्स को हराकर स्विस इंडार्स के फाइनल में जगह बना ली है। शनिवार को खेले गये सेमीफाइनल मुकाबले में बेन शेल्टन ने अपने युगल जोड़ीदार आर्थर फिल्स को हराया। नंबर छह वरीयता प्राप्त शेल्टन ने टाईब्रेक में 6-3 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए सातवीं वरीयता प्राप्त फिल्स को 6-3, 7-6 (9) से पराजित किया। शेल्टन का फाइनल में मुकाबला अन्य फ्रांसीसी खिलाड़ी जियोवानी एमपेट्शी पेरीकार्ड से होगा। वहीं अन्य सेमीफाइनल मुकाबले में गैर वरीयता प्राप्त एमपेटशी पेरीकार्ड ने 17 ऐस की सर्विस करके चौथी वरीयता प्राप्त डेनमार्क के होल्गर रूण को 7-6 (6), 6-4 से हराकर फाइनल में पहुंचे है।

## सितंबर पोलो सीजन 2024 : जयपुर ने जीता जनरल अमर सिंह कानोता कप




जयपुर, 27 अक्टूबर। सितंबर पोलो सीजन 2024 के अंतर्गत जनरल अमर सिंह कानोता कप (4 गोल्स) का फाइनल रविवार को राजस्थान पोलो क्लब मैदान पर खेला गया। इस मुकाबले में टीम जयपुर विजेता रही। टीम जयपुर ने टीम वी पोलो को 7-4 से स्कोर से हराकर कप अपने नाम कर लिया। इस अवसर पर ठाकुर रघुनाथ सिंह कानोता मुख्य अतिथि रहे और उन्होंने विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की।

विजेता टीम जयपुर से एचएच महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह और लांस वाटसन ने 3-3 गोल कर टीम को जीत दिलाई। वहीं आर्यन सिंह ने 1 गोल किया। जयपुर टीम से विजयश्री शक्तावत भी खेलीं। इसी तरह, टीम वी पोलो के लिए अंगद कलान ने 2 गोल, निमित मेहता और विवान मेहता ने 1-1 गोल किया। टीम में खिलाड़ी गोंजालो यांजों भी शामिल थे। मैच के एम्पायर मार्टिन स्कोर्टीचीनी ओर कुलदीप सिंह राठौड़ ओर रेफ्री अनंत राजपुरोहित थे।

## इंडियन ऑयल मुंबई ने भारत पेट्रोलियम मुंबई को हराकर खिताब जीता

जालंधर, 26 अक्टूबर। इंडियन ऑयल मुंबई ने भारत पेट्रोलियम मुंबई को 3-0 के अंतर से हराकर 41वें इंडियन ऑयल सर्वो सुरजीत हॉकी टूर्नामेंट के खिताब पर छठी बार कब्जा किया। ओलंपियन सुरजीत हॉकी स्टेडियम में आयोजित इस टूर्नामेंट की विजेता टीमों को आज डिप्टी कमिश्नर जालंधर डॉ. हिमाशु अग्रवाल ने पुरस्कार वितरित किए। विजेता टीम को अमोलक सिंह गाखल (गाखल ब्रदर्स यूएसए)ने विजेता ट्रॉफी के साथ 5.50 लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। जबकि उपविजेता टीम को ट्रॉफी के साथ 2-50 लाख रुपये का इनाम दिया गया. फाइनल मैच के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने खिलाड़ियों से परिचय लिया। इस मौके पर उन्होंने सुरजीत हॉकी सोसायटी को 25 लाख रुपये का अनुदान देने की घोषणा की। फाइनल मुकाबले से पहले मशहूर पंजाबी गायक जसबीर जस्सी ने अपने गानों से दर्शकों का मनोरंजन किया। फाइनल मैच के दौरान इंडियन ऑयल मुंबई और भारत पेट्रोलियम मुंबई ने बेहतरीन खेल दिखाया। खेल के 8वें मिनट में इंडियन ऑयल के कप्तान तलविंदर सिंह ने फील्ड गोल कर स्कोर 1-0 कर दिया। इसके बाद भारत पेट्रोलियम को लगातार तीन पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन इंडियन ऑयल के गोलकीपर पंकज रजक ने बेहतरीन बचाव किया और हाफ टाइम तक इंडियन ऑयल 1-0 से आगे थी।

**राजस्थान-गुजरात रणजी मैच**

## राजस्थान के अभिजीत तोमर का शानदार अर्द्धशतक



जयपुर, 27 अक्टूबर। आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक व विधायक जयदीपबिहाणी के अनुसार बीसीसीआई के घरेलू क्रिकेट सत्र 2024 -25 की राष्ट्रियक्रिकेट प्रतियोगिता रणजी ट्रॉफी के जयपुर के सवाई मान सिंह स्टेडियम पर राजस्थान क्रिकेट संघ की मेजबानी में खेले जा रहे राजस्थान-गुजरात रणजी मैच के दूसरे दिन राजस्थान के अभिजीत तोमर का शानदार अर्धशतक। आज मैच के दूसरे दिन राजस्थान के गेंदबाजों ने गुजरात की पहली पारी को पहले ही सत्र में समाप्त कर दिया , राजस्थान के अराफात खान व दीपक चाहर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए गुजरात टीम को 335 रनो के स्कोर पर आल आउट कर दिया

**राजस्थान-गुजरात रणजी मैच दूसरे दिन का स्कोर :** गुजरात पहली पारी 335 आल आउट - राजस्थान के गेंदबाजअराफातखान 50/4, अजय सिंह कुकना 102/3, दीपक चाहर 37/2 व अनिकेत चौधरी 65/1विकेट प्राप्त किये।

**राजस्थान पहली पारी 180/5 :** आज मैच के दूसरे दिन राजस्थान के सलामी बल्लेबाज अभिजीत तोमर व यश कोठारी ने सधी हुई शुरआत करते हुए लंच तक बिना किसी नुकसान के 48 रन बना लिए थे।

## गोल्फ : इंग्लैंड की लिज यंग ने जीता दूसरा एलईटी खिताब

गुरुग्राम, 27 अक्टूबर। इंग्लैंड की लिज यंग ने रविवार को महिला इंडियन ओपन 2024 गोल्फ टूर्नामेंट का जीत दर्ज की। यह उनका लेडीज यूरोपियन टूर (एलईटी) खिताब हैं। हरियाणा के गुरुग्राम में डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब में हुये मुकाबले मे दो साल पहले स्विस महिला ओपन में अपना पहला एलईटी खिताब जीतने वाली यंग ने चार राउंड में दो अंडर 286 का स्कोर बनाकर अपना दूसरा खिताब जीता। वहीं घरेलू मैदान पर भारतीय गोल्फरों में, शौकिया गोल्फर मन्नत बरार ने चार ओवर के स्कोर के साथ टी11 पर सर्वश्रेष्ठ फिनिश दर्ज की। प्रणवी उर्स और हिताशी बख्शी ने 15वां स्थान साझा किया। दो बार की ओलंपियन और एलईटी विजेता दीक्षा डागर का प्रदर्शन निराशाजनक रहा, वह 12 ओवर के स्कोर के साथ टी38 पर रहीं। उन्हें पहले दिन (छह ओवर) और तीसरे राउंड (आठ ओवर) में संघर्ष करना पड़ा।

## ओपन बैडमिंटन प्रतियोगिता सम्पन्न : ज्ञान विहार स्कूल बैडमिंटन अकादमी में ओपन बैडमिंटन प्रतियोगिता



जयपुर, 27 अक्टूबर। स्व. किशोरी देवी व स्वर्गीय जगदीश चंद्र श्रीवास्तव की स्मृति में उनके पुत्र एडवोकेट संजय श्रीवास्तव द्वारा आयोजित की गई इस प्रतियोगिता में लगातार तीसरे वर्ष संदीप शर्मा ने पुरुष युगल का बैडमिंटन खिताब जीता।

उन्होंने संदीप शर्मा ने अपने पार्टनर प्रदीप बोहरा के साथ खेलते हुए अपने शानदार स्मैश प्लेसिंग की बदौलत सौरभ शर्मा व हिमांशु की जोड़ी को तीन संघर्षपूर्ण गेमों में हराया प्रथम गेम 4-21 से हारने के बाद वापसी करते हुए संदीप शर्मा ने दूसरे गेम में 21-12 से जीत हासिल की तथा तीसरे में निर्णायक गेम में 30 मिनट के संघर्ष के बाद 22-20 से विजय हासिल की संदीप शर्मा यह ट्रॉफी लगातार तीसरी बार जीत रहे हैं प्रतियोगिता के आयोजन सचिन अतुल गुप्ता के अनुसार अंडर 11 लड़कियों में ईरिसा प्रथम गर्वीका द्वितीय व विदिशा तीसरे स्थान पर रही वहीं अंदर 11 लड़कों के वर्ग में लविंग कुमावत विजेता मानवीक उपविजेता तथा काव्य, सार्थक, आदित्य मित्तल, ओजस सेकंड रनर अप रहे अंडर 13 लड़कियों में विधि विजेता तथा आराध्या उप विजेता रही अंडर 13 लड़कों में काव्य विजेता हीमार्क्स उपविजेता अरहम सिंघवी ,वेदांश , शिवान्स आरव सेकंड रनर अप रहे अंडर 17 लड़कों में लड़कों में ईशान विजेता नव्यांश उपविजेता तथा सेकंड रनर अप वंश, हर्षित ,विहान व रघुराज रहे अंडर-19 लड़कों में अक्षत विजेता आदित्य श्रीवास्तव उपविजेता तथा सेकंड रनर अप अतुल्या, आदित्य मित्तल रहे।

## शमी की अनुपस्थिति बड़ा झटका, लेकिन भारत के रिजर्व तेज गेंदबाजों को कम नहीं आंकेंगे : मैकडोनाल्ड



सिडनी, 27 अक्टूबर। आस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड का मानना है कि अगले महीने से शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैच की बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला के दौरान भारत को मोहम्मद शमी की बहुत कमी खलेगी लेकिन उन्होंने कहा कि उनकी टीम इस अनुभवी तेज गेंदबाज की जगह लेने वाले तेज गेंदबाजों को कम नहीं आंकेगी। शमी ने 2018 में ऑस्ट्रेलिया दौरे में भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। वह टखने की चोट के कारण पिछले साल नवंबर में वनडे विश्व कप फाइनल के बाद से नहीं खेले हैं। उनका ऑपरेशन किया गया। इसके बाद वह राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में थे। हाल में उनके घुटनों में सूजन आ गई जिससे उनकी पूर्ण फिटनेस हासिल करने की प्रक्रिया प्रभावित हुई।मैकडोनाल्ड ने कहा,'' मोहम्मद शमी की अनुपस्थिति उनके लिए बहुत बड़ा झटका है। जिस तरह से हमारे बल्लेबाज उनके जज्बे, उनकी लाइन और लेंथ और अपने काम के प्रति उनके समर्पण की बात करते हैं उसे देखते हुए भारत को उनकी कमी खेलगी।'' भारत ने दिल्ली के तेज गेंदबाज हर्षित राणा और आंध्र के ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी को पहली बार मौका दिया है। तेज गेंदबाज आकाश दीप और प्रसिद्ध कृष्णा को भी ऑस्ट्रेलिया के दौरे के लिए भारतीय टीम में चुना गया है। तेज गेंदबाजी विभाग की कमान जसप्रीत बुमराह संभालेंगे।'' मैकडोनाल्ड ने कहा,''लेकिन हम जानते हैं कि पिछली बार क्या हुआ था। उनके रिजर्व खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करके भारत को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी।

# पी.एम. ने ''मन की बात'' में डिजिटल सुरक्षा की चर्चा की

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने एक साथ ''मन की बात'' सुनी

जयपुर, 27 अक्टूबर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री निवास पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा ''मन की बात'' कार्यक्रम के 115वें संस्करण में देशवासियों के नाम संबोधन को सुना। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ भी उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश ने बीते वर्षों में महान नायक-नायिकाओं की जन्म जयन्ती को नई ऊर्जा से मनाकर, नई पीढ़ी को नई प्रेरणा दी है। इसी कड़ी में देश की एकता का विजन साझा करने वाले सरदार पटेल और भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म जयंती मनाने का निश्चय किया है। 31 अक्टूबर से सरदार पटेल का 150वीं जन्म जयंती का वर्ष एवं 15 नवंबर से भगवान बिरसा मुंडा का 150वीं जयंती का वर्ष शुरू होगा। प्रधानमंत्री ने इस उत्सव को भारत की अनेकता में एकता का उत्सव बनाने का आ ान किया।

■ **प्रधानमंत्री ने सरदार पटेल तथा भगवान बिरसा मुंडा की 150वां जयन्ती वर्ष मनाने की घोषणा की।**

''मन की बात'' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने डिजिटल अरेस्ट फ्रॉड एवं डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूकता को लेकर चर्चा की।

उन्होंने डिजिटल सुरक्षा के तीन चरण ''रुको-सोचो-एक्शन'' का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि डिजिटल अरेस्ट जैसी कोई व्यवस्था कानून में नहीं है तथा डिजिटल अरेस्ट फ्रॉड के खिलाफ जांच एजेंसियाँ राज्य सरकारों के साथ मिलकर काम कर रही हैं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि यह कार्यक्रम हमेशा ही प्रत्येक व्यक्ति के लिए प्रेरणादायक व सकारात्मकता को बढ़ावा देने वाला होता है। उन्होंने प्रदेशवासियों से आ ान किया कि त्योहारों के दौरान ''वोकल फॉर लोकल अभियान'' से जुड़ें और ज्यादा से ज्यादा स्थानीय उत्पादों को अपनाएं।

# शिंदे ने आदित्य ठाकरे के खिलाफ मिलिंद देवड़ा को उतारा

महाराष्ट्र, 27 अक्टूबर। शिवसेना शिंदे गुट ने रविवार को 20 उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट जारी कर दी है। वर्ली से राज्यसभा सासंद मिलिंद देवड़ा को टिकट दिया गया है। इसी सीट पर उद्धव गुट ने आदित्य ठाकरे को मैदान में उतारा है। इससे पहले 22 अक्टूबर को शिवसेना (शिंदे गुट) ने 45 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी की थी। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे कोपड़ी पाचपाखाडी से चुनाव लड़ेंगे। वहीं, मंत्री उदय सामंत को रत्नागिरी से टिकट दिया गया। सी.एम. एकनाथ शिंदे ने जून 2022 में तत्कालीन उद्धव सरकार से बगावत की थी। भाजपा के समर्थन से वे मुख्यमंत्री बने। ऐसे में शिंदे के नेतृत्व में यह पहला विधानसभा चुनाव है।

■ **शिव सेना (शिंदे गुट) ने 14 नामों की लिस्ट जारी की।**

# सांभरझील में 5 साल बाद फिर पक्षियों की मौत से हड़कंप मचा

## प्रशासन ने आठ टीमें बनाकर लगातार मॉनिटरिंग शुरु की

सांभरझील, (निसं)। सांभर झील के झपोक डैम व नागौर जिले के नावा क्षेत्र तक फैली खारे पानी की विश्व प्रसिद्ध सांभरझील में पांच साल बाद एक बाद फिर मेहमान परिन्दों के मरने की घटना सामने आयी है। प्राथमिक तौर पर मौत का कारण एविअन बोटूलिज़्म माना जा रहा है।

पक्षियों के मरने की खबर के साथ ही प्रशासन हरकत में आ गया। उपखंड अधिकारी ने रविवार को सांभर साल्ट, नगरपालिका, वन एवं पशु विभाग के अधिकारियों और नमक उत्पादकों के साथ बैठक करके हालात पर चर्चा की व तत्काल आठ टीमों का गठन कर प्रत्येक में चार कार्मिकों को तैनात कर निर्धारित क्षैत्र में मॉनिटरिंग करने की हिदायत दी। इसके अलावा दो मोबाइल टीम गठित की गई हैं, उन्हें उनके क्षैत्र में मृत या घायल पाए गए पक्षियों की सूचना देने, शाम को पांच बजे तक रेस्क्यू सेंटर पर लाने एवं सभी प्रभारियों को शाम छः बजे, दिन भर के रेस्क्यू किये गये व मृत पक्षियों की जानकारी से अवगत कराने के लिए पाबंद किया गया है। इसके साथ ही मृत पक्षियों को पालिका के डंपिंग यार्ड में निर्धारित रीति से गढ्ढा खोदकर दफनाने के निर्देश भी दिये गये हैं।

■ **नमक कारोबारियों द्वारा छत्तीसगढ़ पुलिस की कार्यवाही के बाद रंगीन नकली पोटाश का स्टॉक झील में डालने से पक्षियों की मौत की आशंका जतायी जा रही है।**

शनिवार को झील में तीस के करीब पक्षियों की मौत होने की बात सामने आयी है, रविवार को यह आंकड़ा और बढ़ा है। रविवार को प्रशासन की टीमों ने तत्काल प्रभाव से अपने कार्यक्षेत्र में दौरा कर घायल पक्षियों को बचाया व मृत पक्षियों को संग्रहित किया।

आशंका व्यक्त की जा रही है कि गत दिनों नमक कारोबारियों द्वारा रंगीन नकली पोटाश के स्टॉक को छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा कार्यवाही किये जाने के बाद रातोंरात झील के पानी में डालना पक्षियों के मरने का कारण हो सकता है।

इसके अलावा भी झील में अवैध बोरवेल व खुले नंगे तारों के कारण करंट से पक्षियों की मौत होने की संभावना जताई जा रही है। नमक कारोबारी झील में रिफाइनरी से निकलने वाला अपशिष्ट भी डालते हैं, जिससे पक्षियों का भोजन, शैवाल (एल्जी) दूषित होने की भी आशंका जतायी जा रही है।



*सांभर झील में पांच साल बाद विदेशी पक्षियों की मौत की खबर से प्रशासन सक्रिय हो गया। मृत पक्षियों को पालिका के डंपिंग यार्ड में निर्धारित नीति से दफनाने के निर्देश दिए गए।*

## बांद्रा स्टेशन ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

अंत्योदय एक्सप्रेस (ट्रेन नंबर 229 21) को बांद्रा टर्मिनस (बीडीटीएस) यार्ड से प्लेटफॉर्म नंबर एक पर धीरे-धीरे ले जाया जा रहा था।

पश्चिम रेलवे ने एक बयान में कहा, इस प्रक्रिया के दौरान, प्लेटफ़ॉर्म पर कई यात्रियों ने चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास किया। इस दौरान चढ़ने की कोशिश करते समय गिरने से दो व्यक्ति घायल हो गये।

# न्यायपालिका में कोई भी न्यायालयसबऑर्डिनेट नहीं- धनखड़

## उपराष्ट्रपति ने बार एसोसिएशन की ई-लायब्रेरी व लॉयर्स डायरी का लोकार्पण किया

जयपुर, 27 अक्टूबर। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने रविवार को द बार एसोसिएशन जयपुर की ओर से आइ.आई.सी. में आयोजित, ई-लाइब्रेरी एवं लॉयर्स डायरी 2025 के लोकार्पण कार्यक्रम में कहा कि न्यायपालिका हमारे देश का महत्वपूर्ण अंग है, इसमें सबऑर्डिनेट शब्द की कोई जगह नहीं है। कोई भी न्यायालय सबऑर्डिनेट नहीं, इसमें बदलाव होना चाहिए। उन्होंने न्यायपालिका पर टिप्पणी करते हुए कहा, जब मजिस्ट्रेट या जिला जज फैसला लिखता है, उसके मन में शंका रहती है कि मेरे फैसले पर क्या टिप्पणी होगी। वह फैसला उसके भविष्य को निर्वहन करता है। हमें इनके लिए सहानुभूति रखनी चाहिए।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि उद्योगपति एवं कॉर्पोरेट समूहों को न्यायालयों के कार्यान्वयन में भी सहायता करनी चाहिए। कॉर्पोरेट्स के पास सी.एस.आर. फंड होता है जिसे उन्हें लोकल कोर्ट में इन्वैस्ट करना चाहिए। उन्होंने वकीलों से कहा कि भारत में डिजिटल लेन-देन अमरीका, ब्रिटेन, फ्रांस व जर्मनी से भी चार गुना है। ऐसे में वकील ए.आई., मशीन लर्निंग व ब्लॉकचेन का उपयोग कर समय बचाएं और न्याय की गुणवत्ता को बढ़ावा दें।

■ **उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने वकीलों को ए.आई., मशीन लर्निंग तथा ब्लॉकचेन का उपयोग करने की सलाह दी।**

बार और बैंच में मतभेद तो रहेंगे, पर दूरी नहीं होनी चाहिए।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि यदि हमें न्याय को सस्ता और सुलभ बनाना है तो लोगों को गुणवत्तापूर्ण न्याय देना होगा और इसके लिए हमें अपने जिला न्यायालयों, हमारे मजिस्ट्रेट, हमारे जिला न्यायाधीशों, हमारे युवा वकीलों पर प्रमुखता से ध्यान देना होगा। उन्होंने वकीलों को संसद भवन देखने का भी न्यौता दिया।

कार्यक्रम के दौरान चीफ जस्टिस (सी.जे.) एम.एम. श्रीवास्तव ने जयपुर मेट्रो द्वितीय परिसर के नौ मंजिला भवन के लिए 10 करोड़ रुपए की लागत से एस्कलेटर बनाने की घोषणा की। फिलहाल इस परिसर में छह कोर्ट हैं, लेकिन वे कम पड़ रही हैं।

कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति की पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़, जस्टिस इन्द्रजीत सिंह, बीसीआर चेयरमैन भुवनेश शर्मा, द बार एसोसिएशन जयपुर के अध्यक्ष पवन शर्मा व महासचिव राजकुमार शर्मा व हाईकोर्ट बार एसोसिएशन जयपुर के अध्यक्ष प्रहलाद शर्मा सहित अन्य न्यायिक अफसर व वकील मौजूद थे।



*द बार एसोसियशन जयपुर के ई-लायब्रेरी तथा लॉयर्स डायरी-2025 के लोकापर्ण कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ ने भाग लिया।*

# सैफई परिवार के दामाद को टिकट दिया भाजपा ने

## करहल सीट से तेज प्रताप यादव के खिलाफ उसके फूफा अनुजेश यादव भाजपा के उम्मीदवार

मैनपुरी, 27 अक्टूबर। उत्तर प्रदेश में मैनपुरी जिले की करहल विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव के नतीजे कुछ भी हों मगर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सैफई परिवार के दामाद अनुजेश यादव को प्रत्याशी बना कर मनोवैज्ञानिक बढ़ त हासिल कर ही ली है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव हों या उनकी सांसद पत्नी डिंपल यादव, उन्हें न चाहते हुए भी तेजप्रताप यादव की चुनावी सभाओं में मंच से भाजपा प्रत्याशी अनुजेश यादव का नाम लेना ही पड़ता है, भले ही वह रिश्तेदारी के ऊपर पार्टी हितों की बात करते हों।

रविवार को सपा महासचिव शिवपाल सिंह यादव, धर्मेंद्र यादव, डिंपल यादव, विधायक राजू यादव, बृजेश कठेरिया समेत कई नेता अनुजेश यादव की मां उर्मिला यादव के प्रभाव वाले क्षेत्र घिरोर के यादव बाहुल्य गांव शाहजहांपुर गए, जहाँ चुनावी सभा में शिवपाल सिंह यादव ने एलान किया कि अनुजेश यादव से सैफई परिवार की रिश्तेदारी खत्म और वह कभी समाजवादी पार्टी में नहीं लिए जायेंगे। शिवपाल ने शाहजहांपुर में कहा कि समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी तेजप्रताप यादव चुनाव जीतेंगे और जिले के अधिकारी चुनाव को निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से करायें।

■ **मैनपुरी जिले की इस सीट पर यह चर्चा है कि दो यादवों की लड़ाई में लालू प्रसाद यादव के दामाद (सपा प्रत्याशी) जीतेंगे या मुलायम सिंह यादव के दामाद (भाजपा प्रत्याशी) जीतेंगे।**

इस अवसर पर आजमगढ़ से सपा सांसद धर्मेंद्र यादव ने कहा कि भाजपा वाले चुनाव से पहले तरह-तरह के हथकंडे अपनाते हैं पर हर बार की तरह करहल से सपा प्रत्याशी तेजप्रताप यादव ही जीतेंगे।

उल्लेखनीय है कि, भाजपा प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव के जीजा हैं और इस रिश्ते से वह सपा प्रत्याशी तेजप्रताप यादव के फूफा हैं। करहल का चुनाव बहुत रोमांचक हो गया है।

चुनाव प्रचार के प्रथम चरण में प्रचार के केंद्र बिंदु में रिश्तेदारी है और लोगों में यह चर्चा का विषय है कि करहल के उपचुनाव में लालू यादव के दामाद चुनाव जीतेंगे या नेता जी मुलायम सिंह यादव के दामाद। इस सब के बीच करहल विधानसभा क्षेत्र के यादव मतदाता पशोपेश में हैं कि दोनों अपने हैं और किस अपने को अपनाया जाए। फिलहाल करहल विधानसभा सीट का चुनाव अनुजेश यादव के चुनाव मैदान में आने से सैफई परिवार के लिए कठिन जरूर है, पर आगे ऊँट किस करवट बदलेगा यह यादव मतदाताओं के धुर्वीकरण पर निर्भर करेगा।

# पूर्व सांसद शहाबुद्दीन की पत्नी व पुत्र राजद में

पटना, 27 अक्टूबर। बिहार के सीवान के पूर्व सांसद मोहम्मद शहाबुद्दीन की पत्नी और पुत्र आज मुख्य विपक्षी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) में शामिल हो गए। राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव की मौजूदगी में रविवार को यहां पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के आवास पर मिलन समारोह का आयोजन किया गया। पूर्व सांसद की पत्नी हिना शहाब और पुत्र ओसामा को पहले पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई गई। इसके बाद प्रतिपक्ष के नेता यादव ने दोनों के राजद में शामिल होने के बाद ऐलान किया कि इससे हमारा दल काफी मजबूत होगा। आज जो राजनीतिक रूप से स्थिति है उसमें हम लोगों को एक साथ रहना है। उन्होंने कहा कि ओसामा के साथ-साथ हिना शहाब हम लोगों के साथ आई हैं।

■ **राजद अध्यक्ष लालू यादव तथा प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव की मौजूदगी में दोनों ने राजद की सदस्यता ग्रहण की।**

# रीट मामले में फरार 25 हजार की इनामी आरोपी किरण जाट गिरफ्तार

## आरोपी किरण 2021 की रीट परीक्षा में बालोतरा में मामला दर्ज होने के बाद से फरार चल रही थी

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर रेंज की पुलिस ने ''ऑपरेशन बैंच वॉर्मर्स'' चलाते हुए रीट पेपर लीक के मामले में फरार 25 हजार की इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी किरण जाट ने पुलिस से बचने के लिए राजस्थान की गाड़ी पर दिल्ली की नंबर प्लेट लगा रखी थी और गुजरात के नंबर की गाड़ी का फास्ट टैग इस्तेमाल कर रही थी। इतना ही नहीं, पुलिस से बचने के लिए गाड़ी के पीछे पुलिस कलर का स्टिकर भी चिपका रखा था।

उसे सीकर से खेड़ापा के पास आते समय पुरुष मित्र के साथ पुलिस ने दबोच लिया। किरण के पास से पुलिस को जो गाड़ी मिली उस पर पुलिस का स्टिकर लगा हुआ था।

जानकारी देते हुए रेंज आई.जी. विकास कुमार ने बताया कि मामले में किरण जाट, पुत्री चेनाराम, पत्नी जुंजाराम जाट, निवासी केकड़ पुलिस थाना सेड़वा, जिला बाड़मेर को गिरफ्तार किया गया है। उसका पीहर भूनिया पुलिस थाना धनाऊ में है। आरोपी किरण 2021 की रीट भर्ती परीक्षा में बालोतरा थाने में मामला दर्ज होने के बाद से फरार चल रही थी और पिछले दो महीने से बालोतरा, बाड़मेर, सांचौर, जोधपुर और फतेहपुर में पुलिस से बचने के लिए छिप रही थी।

■ **पुलिस से बचने के लिये आरोपी किरण जाट राजस्थान की गाड़ी पर दिल्ली की नम्बर प्लेट तथा गुजरात के नम्बर के फास्ट टैग का उपयोग कर रही थी।**

पूछताछ में सामने आया कि रीट पेपर घोटाले में शामिल होने पर आरोपी किरण जाट को उसके ससुर ने डांटा भी था और घर से भगा दिया था। इसके बाद उसने अपने एक पुरुष मित्र के साथ मिलना-जुलना शुरू कर दिया।

इसके चलते पति से तलाक की नौबत भी आ गई। पुरुष मित्र के साथ ही पुलिस से बचने के लिए अलग-अलग ठिकानों पर रह रही थी, लेकिन आखिरकार पुलिस के हत्थे चढ़ ही गई।

रेंज आई.जी. विकास कुमार ने बताया कि आरोपी किरण जाट ने 8 लाख रुपए में एक अभ्यर्थी को परीक्षा पास करवाने का झांसा दिया था। पेपर लीक का घोटाला सामने आने के बाद जब बालोतरा थाने में मामला दर्ज हुआ तो किरण फरार हो गई और अलग-अलग जगह पर भटकती रही, हर सप्ताह नया ठिकाना बदलती थी और पुलिस से बचने के लिए मोबाइल भी बदल देती।

उसने कुछ समय तक जोधपुर के झालामंड इलाके में भी छुपाकर फरारी काटी, इसके बाद जोधपुर के खेमे का कुआं, सारण नगर, खोखरिया, बलदेव नगर, फतेहपुर सहित कई जगह पर अपने ठिकाने बदले। पुलिस ने खेड़ापा के पास उसे दबोच लिया। पुलिस किरण को कोर्ट में पेश करेगी इसके बाद उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ की जाएगी।

जानकारी के अनुसार मामले में कुछ दिनों पूर्व ही पुलिस ने भंवरी और संगीता को गिरफ्तार किया था। इसमें भंवरी को पुणे के वेटल इलाके से और संगीता को सांचौर जोधपुर रेंज की सीमा पर ने गिरफ्तार किया था।

## तिरुपति ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

होटल, होटल ग्रैंड रीजेंसी जैसे फेमस होटल शामिल हैं। तिरुपति के राज पार्क होटल और पाई वायसरॉय होटल को भी मेल भेजा गया था। जांच में ये सभी धमकियां गलत साबित हुईं।

# रामलला मंदिर में विशेष मोम के दीपक जलाये जायेंगे

अयोध्या, 27 अक्टूबर। राम की नगरी अयोध्या में मंदिर भवन को दाग-धब्बों और कालिख से सुरक्षित रखने के लिए विशिष्ट दीपकों की व्यवस्था की गयी है, जो लंबे समय तक प्रकाशमान रहेंगे।

अयोध्या नगरी को दीपों से रोशन करने और श्रीराम जन्मभूमि पर बने नए भव्य मंदिर में पहली दीपावली को अविस्मरणीय बनाने की तैयारियां जोरों पर हैं। इस वर्ष सरयू तट पर जहां 25 से 28 लाख दीपक प्रज्वलित कर विश्व रिकॉर्ड बनाने की योजना है, वहीं श्रीराम मंदिर में विशेष प्रकार के दीपक जलाए जाएंगे।

श्रीराम जन्मभूमि मंदिर को आकर्षक फूलों से सजाने की भी विशेष योजना है। मंदिर परिसर को कई खंडों और उपखंडों में विभाजित कर सजावट का दायित्व सौंपा गया है। बिहार कैडर से स्वैच्छिक सेवानिवृत्त आई.जी. आशु शुक्ला को मंदिर के प्रत्येक कोने को व्यवस्थित रूप से रोशन करने, सभी प्रवेश द्वारों को तोरण से सजाने, साफ-सफाई और सजावट की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस दीपोत्सव में पर्यावरण संरक्षण का भी विशेष ध्यान रखा गया है। मंदिर भवन के ढांचे को धुएं की कालिख से बचाने के लिए परिसर में विशेष मोम के दीपक जलाए जाएंगे, जिनसे कार्बन उत्सर्जन न्यूनतम होगा।

■ **मंदिर ढांचे को धुंए की कालिख से बचाने के लिये यह व्यवस्था की गयी है।**

# अगला कदम चीन बॉर्डर पर तनाव कम करना है-जयशंकर

## उन्होंने कहा, जब यह विश्वास हो जाये कि चीन भी यही चाहता है

मुंबई, 27 अक्टूबर। भारत-चीन के बीच एल.ए.सी. पर पेट्रोलिंग को लेकर हुए समझौते पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि सैनिकों की वापसी पहला कदम है। अगला कदम तनाव कम करना है।

मुंबई में रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में विदेश मंत्री ने कहा, दोनों देशों के बीच तनाव तभी कम होगा, जब तक भारत को यकीन न हो जाए कि चीन भी ऐसा ही चाह रहा है। तनाव कम करने के बाद, बॉर्डर को कैसे मैनेज किया जाए, इस पर चर्चा की जाएगी।

■ **विदेश मंत्री ने कहा कि आतंक के खिलाफ ज़ीरो टॉलरैंस का मतलब है कोई कुछ करेगा तो उसका जवाब दिया जायेगा।**

जयशंकर ने भारत-चीन विवाद के अलावा 26/11 मुंबई अटैक पर भी बात की। जयशंकर ने कहा, उस वक्त भारत ने कोई जवाब नहीं दिया था। जब हम आतंक के खिलाफ ज़ीरो टॉलरैंस की बात करते हैं, तो यह स्पष्ट है कि जब कोई कुछ करता है, तो उसका जवाब दिया जाएगा।

एक दिन पहले शनिवार को पुणे में एक कार्यक्रम में जयशंकर ने कहा था कि भारत सरकार का अपनी बात पर अड़े रहना काम कर गया। आज हम जिस मुकाम पर पहुंचे हैं, उसके दो कारण हैं। पहला, हम अपनी बात से पीछे नहीं हटे, यह केवल इसलिए संभव हो सका क्योंकि सेना देश की रक्षा के लिए हर मौके पर डटी रही और कूटनीति ने अपना काम किया। दूसरा, पिछले एक दशक में हमने अपने बुनियादी ढांचे में भी सुधार किया है।

जयशंकर ने कहा, मुझे लगता है कि इन दो कारणों के चलते भारत-चीन सीमा विवाद पर पेट्रोलिंग का मुद्दा हल हो सका है।

# रविवार को 50 फ्लाइट्स को बम की धमकी मिली

नई दिल्ली, 27 अक्टूबर। इंडियन एयरलाइन्स की 50 फ्लाइट्स को रविवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली। इनमें इंडिगो की 18, विस्तारा की 17 और अकासा की 15 फ्लाइट्स शामिल हैं।

इस तरह 14 दिनों में 350 से ज्यादा डॉमेस्टिक और इंटरनेशनल फ्लाइट्स में बम होने की धमकी मिल चुकी है। हालांकि जांच में ये सभी धमकियां झूठी निकली हैं।

केंद्र सरकार ने इन धमकियों पर सख्त रवैया अपनाया है। आई.टी. मिनिस्ट्री ने 26 अक्टूबर को एडवाइज़री जारी कर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से कहा कि अगर वे ऐसी झूठी सूचनाओं को फौरन नहीं हटाते हैं तो उन्हें आई.टी. एक्ट के तहत मिलने वाली इम्युनिटी रद्द कर दी जाएगी। मंत्रालय ने कहा कि ऐसी सूचनाओं को तुरंत हटाकर इसकी जानकारी संबंधित अधिकारियों को भी देना होगा।

■ **इनमें इंडिगो की 18, विस्तारा की 17 तथा अकासा की 15 उड़ानें हैं।**

पिछले दिनों प्लेन को मिली धमकियों की वजह से एयरलाइन सर्विस बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। एविएशन मिनिस्ट्री को 600 करोड़ से ज्यादा का नुकसान हुआ है।

केंद्रीय सिविल एविएशन मिनिस्ट्री के राममोहन नायडू ने रविवार को कहा कि केंद्र सरकार बम की झूठी धमकियां देने वालों को उड़ान भरने से रोकने के लिए कदम उठाने पर विचार कर रही है। इसके लिए सरकार कानूनों में संशोधन करने पर भी विचार कर रही है। कानूनों में बदलाव किए जाएंगे। जो लोग इस तरह की गतिविधियों में शामिल होंगे, उन्हें कड़ी सजा दी जाएगी।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908